दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 4 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 333 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

सीधी सी बात है। जहां गुड़ होगा। वहां मक्खियाँ तो भिनभिनाएंगी ही महाराष्ट्र से लेकर उत्तरप्रदेश, बिहार और हिमाचल प्रदेश में जो भागमभाग मची हुई है। वह कोई हैरत की बात नहीं है। जिधर बम उधर हम की नीति पर चलने वाले ऐसे नेताओं को कोई पलटूराम, आयाराम, गयाराम और दलबदलू आदि जो भी कहता है कहता रहे। इनकी सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता। करोड़ों में बिकने वाले ऐसे दो कौड़ी के ठगों का कोई सगा नहीं होता। इनका एकमात्र सिद्धांत है। अपना काम बनता भाड़ में जाए पार्टी और जनता।

लाभ के लिए कुछ महिलाओं ने छोड़ा पति, कुछ कम उम्र लड़कियों ने भी किया आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। पैसा भी गजब चीज है, जो न करा दे। अब महतारी वंदन योजना को ही लीजिए। महतारी वंदन योजना के केवल विवाहित महिलाओं के लिए ही है। लेकिन हजार रुपए के लिए कुछ महिलाओं ने छोड़े पति, कुछ कुंवारी लड़कियों ने भी आवेदन कर दिया।

भाजपा सरकार ने विवाहित महिलाओं को हर महीने हजार रुपए देने का ऐलान किया है। योजना केवल विवाहित महिलाओं के लिए ही है। साथ ही छत्तीसगढ़िया महिलाएं ही आवेदन कर सकती हैं। इसमें पति द्वारा छोड़े जाने के बाद भी महिलाओं को हजार रुपए देने का प्रावधान किया गया है। लेकिन आवेदन की जांच में चौंकाने वाले मामले सामने आए। जांच में पता चला कि कुछ महिलाओं ने परित्यक्ता होने का फर्जी सर्टिफिकेट लगा दिया। यानी उन्होंने कहा कि उनके पति ने उन्हें छोड़ दिया है। इसी तरह कुछ कम उम्र

लड़कियों ने खुद को विवाहित बताकर आवेदन किया है। ऐसे सभी आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर, बिलासपुर व दुर्ग में सबसे ज्यादा आवेदन

महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिला को प्रति माह एक हजार रुपए मिलना है। इस योजना के तहत पहले चरण में 20 फरवरी तक आवेदन लिए गए। ये आवेदन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से लिए गए हैं। इन प्राप्त आवेदनों का परीक्षण के बाद पात्र आवेदनों के नाम की फाइनल सूची 1 मार्च को जारी कर दी। इस सूची के अनुसार सबसे ज्यादा आवेदन रायपुर जिले में 5 लाख 35 हजार 835 आवेदन किए गए थे। इसी प्रकार बिलासपुर में 4 लाख 27 हजार 227 एवं दुर्ग में 4 लाख 5 हजार 319 महिलाओं ने आवेदन किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में 4 लाख से नीचे आवेदन किए गए हैं। सबसे कम आवेदन 27 हजार 934 नारायणपुर में किए गए है।

8 तारीख को खाते में ट्रांसफर होगी पहली किस्त

इस योजना के तहत आवेदन करने वाली महिलाओं के खाते में 8 तारीख को पहली किस्त ट्रांसफर किए जाने की घोषणा की गई है। इसके लिए शासन स्तर पर तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं।

जमानत मिलने के बाद पेशी पर नहीं आए राहुल गांधी

सुलतानपुर। गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी को लेकर यहां चल रहे मानहानि के मामले में जमानत मिलने के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद

राहुल गांधी शनिवार को न्यायालय में पेश नहीं हुए। उनके अधिवक्ता ने यह कहकर उपस्थित होने के लिए समय मांगा कि वह न्याय यात्रा में शामिल होने गए हैं। इस पर एमपीएमएलए न्यायालय के न्यायाधीश योगेश यादव ने अगली तिथि 13 मार्च तय करते हुए उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के आदेश दिया है। इस राहुल गांधी 13 मार्च को कोर्ट में पेश नहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शाहबाज शरीफ फिर चुने गये पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, (वार्ता)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार शाहबाज शरीफ को रविवार को

पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री चुना गया। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने घोषणा की कि संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में रविवार को हुए मतदान में जीत हासिल करने के बाद श्री शरीफ को प्रधानमंत्री चुन लिया गया। पीएमएल-एन अध्यक्ष ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू-कश्मीर के रियासी में भूस्खलन में चार की मौत, दो घायल

जम्मू, (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुये भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल

हो गए हैं। यहां पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई। पुलिस ने कहा, खराब मौसम की स्थिति के कारण, चसाना बेल्ट के सुदूर गांव कुंदरधन मोरहा बैंड में मोहम्मद फरीद का मिट्टी का घर ढह गया।

चलती ट्रेन से टीटीई ने दिया महिला को धक्का, रेलगाड़ी-प्लेटफार्म के बीच फंसी

फरीदाबाद (ए.)। हरियाणा के फरीदाबाद में झेलम एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच में चढ़ी महिला को टीटीई

ने चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। उसके बाद महिला ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में फंसकर घायल हो गई। मौके पर मौजूद आरपीएफ के जवानों ने चेन पुलिंग कराकर ट्रेन रुकवाई और बड़ी मुश्किल से महिला को ट्रेन के नीचे से निकाल कर अस्पताल भिजवाया।

हिमाचल में हिमपात से 5 एनएच सहित 507 रास्ते बंद

■ तीन फीट मोटी बर्फ की परत जमी, 2563 ट्रांसफार्मर ठप

शिमला, (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय व पहाड़ी इलाकों में भारी हिमपात से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं, मैदानी इलाकों में अंधड़ व आसमानी बिजली के साथ तेज बारिश से संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। राज्य में यातायात, बिजली और पेजयल जैसी मूलभूत सेवाएं ठप पड़ गई हैं।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में बर्फबारी से पांच राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 507 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके अलावा 2563 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। विभिन्न इलाकों में पेयजल की 72 योजनायें भी ठप हैं।

बारिश व हिमपात से प्रदेश में तीन मकान ढह गए। लाहौल-स्पीति, सिरमौर और सोलन जिलों में एक-एक मकान धराशायी हुए हैं।

लाहौल-स्पीति जिला के शकास नाले के समीप भारी बर्फबारी के चलते एक बड़ा हिमखंड का हिस्सा गिरा है। इससे नेशनल हाईवे-3 पूरी तरह बाधित हो गया है। लाहौल-स्पीति में हिमपात का दौर अभी भी जारी है और जिले के उंचे इलाकों में चार से पांच फीट हिमपात तो निचले इलाकों में दो से तीन फीट बर्फबारी दर्ज की गई है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने रविवार सुबह जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

7 मार्च तक रहेगा मौसम खराब

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आगामी सात मार्च तक राज्य में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान उच्च पर्वतीय इलाकों में हिमपात और अन्य हिस्सों में बारिश होने का अनुमान है। हालांकि अगले चार दिन राज्य में बारिश व हिमपात को लेकर अलर्ट नहीं रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में राज्य में बारिश व हिमपात में कमी आएगी। आठ मार्च से मौसम के पूरी तरह साफ होने का अनुमान है।

पारा गिरते ही ठिठुरन

आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक हिमाचल के 12 में से सात जिलों में बर्फबारी हुई है। राज्य में हो रही बारिश और हिमपात से पूरे प्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। पांच शहरों का पारा माइनस में दर्ज किया गया।

हेल्पलाइन नंबर +91-9479128400

महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा में नोनी रक्षा रथ तैनात

■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया में नोनी रक्षा रथ को दिखाई झंडी

रायपुर/जशपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज यहां अपने निवास ग्राम बगिया से नोनी रक्षा रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया। जशपुर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षित महिला सुरक्षित समाज के उद्देश्य से इस रथ का संचालन किया जा रहा है ताकि जिले में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों पर लगाम लगे और ऐसे मामलों की कमी आए। इसके साथ ही ■ शेष पृष्ठ 6

दो बूंद जिंदगी के.. मुख्यमंत्री ने दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में नन्हे बच्चों को पोलियो की दो बून्द पिलाकर इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान अपने निवास स्थान से बच्चे दिव्यांश यादव, डेविड साय एवं शीतल पैकरा को गोद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्ग में बनाया जाता था नामी कंपनियों का अवैध गुटखा

फैक्ट्री पहुंची जीएसटी की टीम

■ बड़ी मात्रा में कच्चा सामान और मशीन बरामद

■ एक सप्ताह में विभाग ने कार्रवाई कर 8 करोड़ रुपए जमा कराए

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग में नामी कंपनियों के गुटखा बनाने की संचालित अवैध फैक्ट्री का जीएसटी विभाग ने भंडाफोड़ किया है। वहां से बड़ी मात्रा में कच्चा सामान और मशीन बरामद किया गया है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर टैक्स चोरी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य जीएसटी के ई वे बिल जांच दल ने 1 मार्च को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर दुर्ग जिले के चंद्रखुरी में संचालित अघोषित गुटखा फैक्ट्री में

ब्रांडेड गुटखा कंपनियों के रैपर और गुटखा जप्त

अवैध गुटका फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में प्रतिष्ठित ब्रांड गुटखा कंपनियों के रैपर तथा गुटखे का कच्चा माल, सुपारी तंबाखू आदि बरामद गया है। फैक्ट्री में अवैध गुटका बनाने में इस्तेमाल की जा रही मिक्सर मशीन भी मिली है। यह फैक्ट्री कोमल फूड्स के नाम से संचालित थी। जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसी व्यवसायी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिदूर मुठभेड़ : एक नक्सली ढेर, बस्तर फाइटर का जवान शहीद

कांकेर/पखांजूर/नवप्रदेश। जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव हिदूर में हुई सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया, वहीं बस्तर फाइटर का जवान शहीद हो गया। एसपी आईके एलिसेला ने बताया मुठभेड़ में एक वर्दीधारी पुरुष माओवादी का शव और एक एके 47 राइफल बरामद किया गया है।

मुठभेड़ में नक्सलियों के साथ लोहा लेते हुए बस्तर फ़ाइटर्स का आरक्षक रमेश कुरेठी निवासी संगम बांदे जो थाने में पदस्थ था, शहीद हो गया है। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान एक पुरुष माओवादी का शव एवं एक नग एके 47 बरामद किया गया है। शाम तक मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग अभियान जारी रखा गया था। पखांजूर अनुविभाग के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पाकिस्तान जा रहा चीनी जहाज मुंबई में रोका गया परमाणु हथियार बनाने में प्रयुक्त होने वाला सामान मिला

नई दिल्ली (ए.)। चीन से पाकिस्तान जा रहे एक जहाज को मुंबई में रोक लिया गया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस जहाज में कुछ ऐसा है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। कस्टम अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर माल्टा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज

सीएमए सीजीएम अत्तिला को 23 जनवरी को बंदरगाह पर रोका।

जांच के दौरान इसमें कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन भी मिली, जिसे एक इटैलियन कंपनी ने बनाया था। सीएनसी मशीनों को कंप्यूटर से कंट्रोल किया जाता है, ऐसा मैनुअली करना पॉसिबल नहीं है। डीआरडीओ की एक टीम ने भी जहाज में लदी खेप का निरीक्षण किया।

बैंक में सेंधमारी के बाद आगजनी

पत्थलगांव, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में आज अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया है। बैंक की दीवार में सेंधमारी कर लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से ये बदमाश वहां दस्तावेजों मे आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। इसके बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से इस बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

गरमा-गरम

खतरे में वन्य प्राणी ... 2018 में 852 तेंदुआ, वर्ष 2022 की गणना रिपोर्ट में संख्या 852 से घटकर 722 हो गई

बाघ के साथ तेंदुआ विहीन हो रहे छत्तीसगढ़ के जंगल

रायपुर/नवप्रदेश। वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन के लिए वन विभाग कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बाघों के बाद अब राज्य में तेंदुआ की संख्या भी तेजी से घट रही है। राज्य में चार वर्ष पूर्व 2018 में 852 तेंदुआ होने का अनुमान लगाया गया था, वहीं वर्ष 2022 की गणना रिपोर्ट में अनुमानित 722 तेंदुआ खास हैं। चार वर्षों में राज्य में औसतन 15 स्वार प्रतिशत तेंदुए की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है।

एनटीसीए ने बाघों के बाद तेंदुआ की गणना रिपोर्ट पिछले दिनों जारी की है। जारी रिपोर्ट में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में तेंदुआ की संख्या में 13 से 15 प्रतिशत वृद्धि होने ने का अनुमान लगाया गया है। एक अन्य पड़ोसी राज्य ओडिशा में तेंदुए की संख्या में 25 प्रतिशत गिरावट होने का अनुमान लगाया गया है। वन अफसर इस बात से संतुष्ट हो सकते हैं कि पड़ोसी राज्य ओडिशा की तुलना में छत्तीसगढ़ बेहतर स्थिति में है।

अनुमान के आधार पर औसतन एक का शिकार

तेंदुआ की संख्या को लेकर एनटीसीए ने जो अनुमानित आंकड़े प्रकाशित किए हैं, उस लिहाज से राज्य में जहां तेंदुआ की संख्या एक हजार के पार होनी चाहिए थी, संख्या घटकर महज 722 है। इस लिहाज से राज्य में शिकारी औसतन रोज एक तेंदुआ का शिकार कर रहे हैं।

बिग कैट की संख्या तेजी से बढ़ती है

तेंदुआ बिग कैट प्रजाति के वन्यजीव में शामिल है। मादा तेंदुआ का गर्भाधान 90 से 100 दिनों का होता है। एक बार में मादा से तीन शावक को जन्म देती है। मादा तेंदुआ अपने शावक को 18 से 20 महीने तक साथ रखती है. इसके बाद वह पुनः मेटिंग करने के लिए तैयार होती है। इस लिहाज से बिग कैट प्रजाति के बाघ सहित तेंदुआ की संख्या में तेजी से इजाफा हो सकता है।

चार साल में संख्या एक हजार के पार होनी थी

राज्य में वर्ष 2018 में तेंदुआ की संख्या 852 के होने का अनुमान था, इनमें से दस प्रतिशत की प्राकृतिक मौत होने की स्थिति में संख्या 85 घटती पांच प्रतिशत के शिकार होने पर संख्या 44 और कम हो जाती। इस स्थिति में तेंदुआ की संख्या 129 कम हो गई। शेष बचे सवा सात सौ तेंदुआ में से ढाई सौ को सब एडल्ट या शावक मान लेते हैं। शेष 470 में से दो सौ मादा तेंदुआ की संख्या मान लेते हैं, इनमें से मेटिंग की स्थिति में सौ मादा तेंदुआ को भी मान लेते हैं, तब भी शिकार, प्राकृतिक मौत होने के बाद राज्य के वनों में तेंदुए की संख्या तीन सौ बढ़ती। इस लिहाज से राज्य में तेंदुआ की संख्या एक हजार से ज्यादा होनी चाहिए थी।

गुजरात: पांच सांसदों का टिकट कटा, दो केंद्रीय मंत्री लड़ेंगे चुनाव

गांधीनगर। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी की तरफसे 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी गई है. गुजरात की 26 में 15 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया गया है. पहली लिस्ट में गुजरात के पांच सांसदों का टिकट काटा गया है. राज्यसभा के रास्ते केंद्र में मंत्री बने दो सांसदों को भी लोकसभा चुनाव लड़ना होगा.

1. रमेश धडूक की जगह मनसुख मांडविया-पोरबंदर से सांसद रमेश धडूक का टिकट काटा गया है. इस सीट से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को चुनावी मैदान में उतारा गया है. धडूक का टिकट कटने के पीछे कोई बड़ी वजह नहीं है लेकिन मांडविया को जातीय समीकरण को देखते हुए मैदान में उतारा गया है.

2. **मोहन कुंड़ारिया की जगह केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रुपाला** -मोहन कुंड़ारिया की जगह केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रुपाला को टिकट दिया गया है. कुंड़ारिया दो टर्म से सांसद थे अब उनकी उम्र और स्थानीय समीकरण के चलते उनको बदला गया है. केंद्रीय मंत्री रुपाला के लिए इस सीट को खाली किया गया है. कुंड़ारिया की जगह पाटीदारों के प्रभुत्व वाली सीट पर रुपाला को उतारा गया है. उन्होंने आखिरी चुनाव 20 साल पहले लड़ा था और अब फिर एक बार चुनावी मैदान में दिखेंगे.

3. **किरीट सोलंकी की जगह दिनेश मकवाना-** अहमदाबाद पश्चिम से डॉक्टर किरीट सोलंकी तीन बार सांसद रहे लेकिन आगामी चुनाव में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया है. अब इस सीट पर अहमदाबाद नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर दिनेश मकवाना को उतारा गया है. यह रिजर्व सीट है, जो अब बीजेपी का गढ बन चुकी है.

4. **परबत पटेल की जगह रेखा चौधरी**-बनासकांठा से सांसद परबत पटेल को हटाकर उनको जगह युवा महिला को टिकट दिया गया है. परबतभाई की टिकट कटने की मुख्य वजह उनकी उम्र को माना जा रहा है. ज्यादा उम्र और स्थानीय समीकरण के चलते चौधरी समाज से ही युवा महिला डॉक्टर रेखा चौधरी को टिकट दिया गया है.

5. **रतनसिंह राठौड़ की जगह राजपाल सिंह जाधव-** पंचमहल से सांसद रतनसिंह राठौड़ का टिकट कटा है. राठौड़ पहले निर्दलीय विधायक थे लेकिन वह 2019 में बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़े थे और जीत हासिल की थी. अब उनका टिकट काट कर स्थानीय कार्यकर्ता राजेंद्रसिंह जादव को टिकट दिया गया है. वह युवा मोर्चा मे काम कर चुके हैं. पंचमहाल जिला पंचायत के प्रमुख रह चुके हैं. ओबीसी समीकरण को ध्यान मे रखते हुए उन्हें टिकट दिया गया है.

बीजेपी की पहली लिस्ट में दो महिलाओं को भी टिकट दिया गया है. जामनगर से पूनमबेन माडम लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं. वह गुजरात की ताकतवर महिला नेताओ में अभी सबसे बड़ा चेहरा हैं. कच्छ से सांसद विनोद चावड़ा लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ेंगे. वह अभी प्रदेश भाजपा संगठन में महामंत्री भी हैं. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटील लगातार चौथी बार नवसारी से चुनाव लड़ेंगे, जिन्होंने पिछले चुनाव में सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी.

न्यूज गैलरी

प्रवेश वर्मा ने दी कमलजीत सहरावत को शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को अपने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में दिल्ली की भी पांच सीटें शामिल हैं। पार्टी ने दिल्ली वेस्ट से वर्तमान सांसद प्रवेश वर्मा का टिकट काटकर उनकी जगह कमलजीत सहरावत को टिकट दिया है। प्रवेश वर्मा ने सहरावत को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में प्रवेश वर्मा ने लिखा, दिल्ली वेस्ट से पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने पर कमलजीत सहरावत को शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी फिर से दिल्ली में सातों सीटें जीतेगी और देश में 370 से अधिक सीटें जीतकर पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाएगी। वर्मा ने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता की वजह से देश नित नई ऊंचाई को स्पर्श कर रहा है। उनके नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। देश विकसित होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर है।

श्रीनगर-जम्मू हाईवे लगातार दूसरे दिन अवरुद्ध

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की लाइफलाइन श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग भूस्खलन के कारण रविवार को लगातार दूसरे दिन बंद है। यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा कि रामबन जिले में लगातार बारिश के कारण कई भूस्खलन हुए हैं। अधिकारियों ने कहा, यातायात के लिए राजमार्ग को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे श्रीनगर और जम्मू में हमारे नियंत्रण कक्ष से संपर्क किए बिना यात्रा न करें। बता दें कि सभी आवश्यक आपूर्ति इसी राजमार्ग के जरिए घाटी में पहुंचाई जाती है। इस बीच, श्रीनगर-लेह, मुगल रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड, बांदीपोरा-गुरेज़ और कुपवाड़ा-तंगधार रोड पर बर्फबारी जारी रही और इसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया।

मकान ढहने से महिला और तीन बच्चों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को एक घर ढहने से एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा कि जिले के चसाना इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। चार लोगों का यह परिवार जिंदा दफन हो गया। लगातार बारिश के बाद उनके मिट्टी के घर में भारी भूस्खलन हुआ था। रविवार की रात जब भूस्खलन हुआ तब सभी सो रहे थे। मां और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मोहम्मद फरीद की पत्नी 30 वर्षीय फला अख्तर, 5 वर्षीय नसीमा अख्तर, 3 वर्षीय सफीन कौसर और 2 महीने का समीर कौसर सभी की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा, दो व्यक्ति, 60 वर्षीय कालू और उसकी 58 वर्षीय पत्नी बानो बेगम घायल हो गए।

दिल्ली में एक कार एक्सीडेंट में तीन की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली में एक कार के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को कहा कि दक्षिण-पूर्व दिल्ली में कार डिवाइडर से टकराई, विपरीत कैरेजवे पर गई और एक ट्रक से टकरा गई। कार में सवार सात लोग फरीदाबाद में एक शादी समारोह से लौट रहे थे जब बदरपुर फ्लाईओवर पर यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान ओखला के संजय कॉलोनी निवासी राज (21), संजू (38) और दिनेश (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अंसुल (18) की हालत गंभीर है, जबकि नीरज (18), अजीत (28) और विशाल (28) का इलाज चल रहा है। ये सभी एक ही इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा कि बदरपुर पुलिस स्टेशन में घटना के बारे में शनिवार दोपहर 12:48 बजे एक कॉल आई। डीसीपी ने कहा, बदरपुर फ्लाईओवर पर, मारुति ऑल्टो कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर से टकरा गई और फिर विपरीत कैरिजवे पर चली गई जहां वह एक ट्रक से टकरा गई। सभी सात लोगों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया। डीसीपी ने बताया कि वे सभी फरीदाबाद निवासी अपने रिश्तेदार सोहन लाल की शादी के रिसेप्शन में शामिल होने गए थे।

महाराष्ट्र में 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है बीजेपी क्या 18 सीटों से साथियों को मना पाएगी पार्टी

मुंबई। 2024 लोकसभा चुनावों में 370 सीटों के लक्ष्य के मैदान में उतरी बीजेपी महाराष्ट्र में इस बार चौंका सकती है। सीटों के लिहाल से महाराष्ट्र यूपी के बाद दूसरा बड़ा राज्य है। महाराष्ट्र में बीजेपी 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है।

महायुति के सहयोगियों शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजीत पवार) को 18 या फिर इससे सीटें मिल सकती हैं। इसमें 10 सीटें शिवसेना और आठ सीटें अजित पवार की पार्टी को मिल सकती हैं। हालांकि महायुति के साझीदारों की तरफ से ज्यादा सीटों की मांग की गई है। सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने 11 से अधिक सीटों पर दावेदारी की है, तो वहीं अजित पवार की तरफ से 9 से 10 सीटों की मांग की गई है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है बीजेपी महाराष्ट्र में 30 से अधिक सीटों पर भी लड़ सकती है। बीजेपी की अगली सूची महिला दिवस के आसपास आने की उम्मीद है। पार्टी की अगली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक छह मार्च को तय की गई है। सूत्रों की मानें तो बीजेपी ने अभी तक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 7 और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के लिए 4 सीटें छोड़ने की ऑफर किया है। बीजेपी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में महाराष्ट्र की किसी सीट के प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। ऐसे में चर्चा है कि बीजेपी राज्य में अब तक सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। पार्टी ने कम से कम 30 सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई है। पार्टी अभी तक महाराष्ट्र में इतनी सीटों पर चुनाव नहीं लड़ी है। पिछले पांच लोकसभा चुनावों में पार्टी अधिक 26 सीटों पर चुनाव लड़ी है और पार्टी अधिकतम 23 सीटें राज्य में जीती हैं। पार्टी ने राज्य में महायुति के साझीदारों के साथ मिलकर 45 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। बीजेपी ने पिछले लोकसभा चुनाव में शिवसेना के साथ लड़कर राज्य की 41 सीटें जीती थीं। 2014 में यही आंकड़ा रहा था।

8 सप्ताह में आ जाएगा ज्ञानवापी मामले पर फैसला

■ हाईकोर्ट ने पूजा की मांग वाली अर्जी निस्तारित करने के दिए निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में मिले 'कथित शिवलिंग' की पूजा की मांग वाली छह (ग) अर्जी को आठ सप्ताह में निस्तारित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई को बेवजह टाला न जाए।

न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने विवेक सोनी व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। याची की ओर से कहा गया कि ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग, फव्वारा सहित कई अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां मिली हैं। सिविल जज सीनियर डिविजन के समक्ष अर्जी दाखिल कर पूजा की मांग की है। यह अर्जी 2022 से ही लंबित है। सिविल जज ने कोई फैसला नहीं किया। जबकि, अर्जी की सुनवाई के लिए कई बार तारीख लगाई गई लेकिन मामले को निस्तारित नहीं किया जा रहा है। अर्जी निस्तारित न होने से मूल अधिकार प्रभावित हो रहा है। इस पर कोर्ट ने सिविल जज सीनियर डिविजन को आठ सप्ताह में निस्तारित करने का आदेश पारित किया है। मामले में पक्षकार बनाए गए काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अधिवक्ता विनीत संकल्प की ओर से कोई आपत्ति नहीं जताई गई। हिंदु पक्ष की ओर से अश्वनी कुमार ने पक्ष रखा।

हेलीकॉप्टर सी-हॉक छह मार्च को नौसेना के बेड़े में होगा कमिशंड

नयी दिल्ली, (वार्ता)। बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर एमएच 60 आर सीहॉक को छह मार्च को आईएनएस गरुड़, कोच्चि में नौसेना के बेड़े में विधिवत रूप से शामिल किया जाएगा। यह हेलिकॉप्टर पनडुब्बियों का पता लगाकर उन्हें धवस्त करने में सक्षम है। यह दिन देश की रक्षा आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा।

सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह हेलीकॉप्टर अमेरिकी सरकार के साथ हुए अनुबंध का हिस्सा है। सीहॉक्स के शामिल होने से नौसेना की समुद्री ताकत में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। हेलीकॉप्टर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, बारूदी सुरंग रोधी युद्ध , खोज और बचाव और चिकित्सा के लिए सैनिकों की निकासी के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस हेलीकॉप्टर का भारतीय स्थितियों में कड़ाई से परीक्षण किया गया है। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट सीहॉक को नौसेना की समुद्री सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए आदर्श बनाते हैं।

ताज नगरी में हाफ मैराथन के लिए तीन हजार लोगों ने लगाई दौड़

आगरा। आगरा स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित हाफ मैराथन में लगभग तीन हजार धावकों ने हिस्सा लिया। बादलों से ढके आसमान में प्रभात की किरणें बिखरने से पहले हजारों धावक स्टेडियम में मौजूद थे। जीतने की ख्वाहिश से अधिक मैराथन में हिस्सा लेना उन्हें ज्यादा उत्साहित कर रहा था। उनके इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए ढोल नगाड़े, धमाकेदार म्यूजिक पर वार्म अप थे। 7 वर्ष के बच्चों से लेकर 90 वर्ष तक की उम्र के लगभग तीन हजार लोगों ने रविवार को आगरा स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित एकलव्य स्टेडियम से प्रारम्भ हुई मैराथन में जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन में हिस्सा लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से धावक पहुंचे थे। तीन वर्गों (5 किमी, 10 किमी, 21 किमी की हॉफ मैराथन) में आयोजित मैराथन का शुभारम्भ आगरा के पहले आयरन मैन ऋद्दिम गर्ग ने झंडी दिखाकर किया। डॉक्टर, व्यवसायी, गृहणियां, समाजसेवी हर वर्ग के लोग इस मैराथन में शामिल हुए। एडीशनल कमिश्नर प्रशासन आगरा राजेश कुमार व एसीपी ट्रैफिक अरीब अहमद ने भी 21 किमी के हॉफ मैराथन में हिस्सा लिया।

पतंजलि ने IRULA के माध्यम से स्वरोज़गार को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण क़दम उठाया: आचार्य बालकृष्ण

उत्तराखंड। उत्तराखंड राज्य आजीविका मिशन (USRLM) के सहयोग से पतंजलि के समृद्ध ग्राम ट्रेनिंग सेंटर में उत्तराखंड के विभिन्न ज़िलों से आयी स्वयं सहायता समूह की बहनों को Traditional Eco Art की ट्रेनिंग माध्यम से उत्तराखंड की पारंपरिक कला ÷ऐपन÷ को स्वरोजगार के साथ जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी बहनों को IRULA hyper local model से जुड़कर व्यापार एवं आजीविका अभिवृद्धि हेतु भी प्रशिक्षण दिया गया। इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी बहनें पतंजलि के प्रति कृतज्ञता तथा अपनी आजीविका अभिवृद्धि के प्रति दृढ़ संकल्पित दिखी। इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर पतंजलि समूह के सह संस्थापक श्री आचार्य बालकृष्ण जी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी महिलाओं को सर्टिफिक्रेट्स भी वितरित किए और कहा कि उत्तराखंड की पारंपरिक कला को बढ़ावा देना तथा महिलाओं के जीवन में आजीविका अभिवृद्धि तथा आत्मनिर्भरता लाना इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हैं। इससे प्रशिक्षकों महिलाओं में ग़ज़ब का उत्साह देखने को मिला।

सैन्य कार्य विभाग में दो दिनों आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया कार्यक्रम

नयी दिल्ली, (वार्ता)। रक्षा मंत्रालय के तहत सैन्य मामलों के लिए कार्यरत विभाग देश में आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' पहल की भावना को आगे बढ़ाते हुए सेवा मुख्यालय तथा महत्वपूर्ण हितधारकों जैसे रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों तथा अन्य संबंधित भागीदारों के साथ सोमवार से दो दिन के गहन विचार-मंथन कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस बैठक में स्वदेशीकरण को गति प्रदान करने और रक्षा अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण के लिए इकोसिस्टम में निजी उद्योग की भागीदारी बढ़ाने के तरीकों एवं साधनों को सृजित करने पर गंभीर विचार-विमर्श किया जाएगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान सत्र की अध्यक्षता करेंगे और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने मुख्य भाषण देंगे। यह आयोजन रक्षा क्षेत्र में चुनौतियों की पहचान करने और सशस्त्र बलों के स्वदेशीकरण के प्रयासों को गति प्रदान करने, रोजगार से संबंधित मुद्दों को हल करने, सशस्त्र बलों के लिए मरम्मत एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने, रक्षा अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण के लिए इकोसिस्टम में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक मंच उपलब्ध कराएगा। इस कार्यक्रम को आईडीएस मुख्यालय तथा एसआईडीएम के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है।

हवाई सफर का सपना दिखाने वाले मोदी ने गरीब से रेल भी छिनी: राहुल गांधी

नयी दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब को हवाई जहाज से यात्रा का सपना दिखाते रहे हैं लेकिन सच यह है कि उनकी सरकार की नीतियों ने गरीब से रेल की सवारी भी छीन ली है। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, ÷हवाई चप्पल' वालों को हवाई जहाज की यात्रा का सपना दिखा श्री मोदी 'गरीबों की सवारी' रेलवे को भी उनसे दूर करते जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा है हर साल 10 प्रतिशत बढ़ता किराया, डायनामिक फेयर के नाम पर लूट, बढ़ते कैंसलेशन चार्जेस और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के बीच लोगों को एक ऐसी 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर बहलाया जा रहा है जिस पर गरीब पांव तक नहीं रख सकता। वरिष्ठ नागरिकों तक से उन्हें मिलने वाली छूट छीन कर पिछले तीन वर्षों में सरकार उनसे 3,700 करोड़ की वसूली कर चुकी है।

उन्होंने कहा, प्रचार के लिए चुनी गई ट्रेन के लिए आम आदमी की ट्रेनों को जहां-तहां खड़ा कर दिया जाता है। गरीब और मध्यमवर्गीय यात्री रेलवे की प्राथमिकता से बाहर कर दिए गए हैं।ऐसी डिब्बों की संख्या बढ़ाने के लिये जनरल डिब्बों की संख्या कम की जा रही है जिसमें मज़दूर और किसान ही नहीं छात्र और नौकरीपेशा भी यात्रा करते हैं। सामान्य डिब्बों के मुकाबले एसी डिब्बों का निर्माण भी तीन गुना कर दिया गया है। दरअसल रेल बजट को अलग से पेश करने की परंपरा खत्म करना इन्हीं 'कारनामों' को छिपाने की साजिश थी।

सरकार की नीति गरीब विरोधी

गांधी ने मोदी सरकार की नीतियों को गरीब विरोधी करार देते हुए कहा,÷सिर्फ अमीरों को ध्यान में रख कर बनाई जा रही रेलवे की नीतियां रेल पर निर्भर भारत की 80 प्रतिशत आबादी के साथ धोखा है। मोदी पर भरोसा 'विश्वासघात की गारंटी' है।

1,000 अमृत भारत ट्रेनों का होगा निर्माण, वंदे भारत ट्रेनें होंगी एक्सपोर्ट : रेलमंत्री

नई दिल्ली। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में नयी पीढ़ी की कम से कम 1,000 अमृत भारत ट्रेन का निर्माण करेगा। वहीं, 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है।

वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम पहले ही करना शुरू कर दिया है और देश द्वारा पहला निर्यात अगले पांच वर्षों में किये जाने की उम्मीद है। वैष्णव ने बुलेट ट्रेन परियोजना के हिस्से के रूप में मुंबई और ठाणे के बीच भारत की पहली समुद्र के नीचे सुरंग के निर्माण की शुरुआत पर भी बात की। उन्होंने कहा कि दुनिया में केवल पांच देश हैं, जिनके पास ऐसी तकनीक है। मुंबई और ठाणे के बीच 21 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित सुरंग में 9.7 किलोमीटर की दूरी समुद्र से होकर गुजरेगी, जो इसकी सतह से 54 मीटर नीचे होगी। वैष्णव ने रेलवे के किराया संरचना और उसकी सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा, ''हर साल लगभग 700 करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। व्यावहारिक रूप से प्रतिदिन ढाई करोड़ लोग रेलवे से सफर करते हैं। किराया संरचना ऐसी है कि यदि एक व्यक्ति को ले जाने की लागत 100 रुपये है, तो हम 45 रुपये लेते हैं। इसलिए हम रेलवे से यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को औसतन 55 प्रतिशत की छूट देते हैं।'' मंत्री ने कहा, हमने अमृत भारत ट्रेन डिजाइन की है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है। इसके जरिये केवल 454 रुपये के खर्च पर 1,000 किलोमीटर की यात्रा की जा सकती है।'' वैष्णव ने कहा कि भारत आने वाले वर्षों में कम से कम 1,000 नयी पीढ़ी की अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण करेगा और 250 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है। वैष्णव ने रेलवे के कुल वार्षिक व्यय का ब्यौरा दिया और कहा कि पेंशन, वेतन, ऊर्जा खर्च और पट्टा-ब्याज भुगतान पर व्यय क्रमशः 55,000 करोड़ रुपये, 97,000 करोड़ रुपये, 40,000 करोड़ रुपये और 32,000 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि अन्य 12,000 करोड़ रुपये रखरखाव पर खर्च होते हैं और सभी मिलकर लगभग 2.40 लाख करोड़ रुपये होते हैं। वैष्णव ने कहा, हम इन सभी खर्चों को पूरा करने में सक्षम हैं, क्योंकि टीम प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में बहुत कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा, आज, रेलवे स्टेशन 10 साल पहले की तुलना में बहुत अलग हैं। स्टेशन और ट्रेनें साफ-सुथरी हैं और हर ट्रेन में जैव-टॉयलेट है। रेल मंत्री के मुताबिक, नयी तकनीक के आने से वंदे भारत जैसी ट्रेनें युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय हो गई हैं। वैष्णव ने कहा, ''व्यावहारिक रूप से, हर हफ्ते एक वंदे भारत ट्रेन बेड़े में शामिल हो रही है।

बातों...बातों...में...! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

खुशफहमी या...

लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी बजने लगी है। ज़ाहिर है सियासी दलों में एक दफा और खुशफहमी और गलतफहमी सिर चढ़कर बोलेगी। इसकी

शुरुआत भी हो गई है। जैसे भाजपा को 15 साल में गलतफहमी थी और उसे कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव 2018-19 में महसूस भी करा दिया। फिर कांग्रेस भी सिर्फ 5 साल में गलतफहमी की शिकार हो गई और 2023-24 का विधानसभा में भाजपा ने उसे साबित भी करके दिखा दिया। अब लोकसभा में दोनों सियासी पार्टियां प्रदेश की 11 सीटों के लिए अलग अलग दावा कर रही हैं। इसमें बीजेपी सभी 11 सीटें जीतने और मोदी गारंटी के भरोसे हैं। जबकि कांग्रेस 11 तो नहीं पर 7 और 4 का दावा कर रही है। बातों ही बातों में कांग्रेस के नौनिहाल लीडर्स ने किसी हिडन सर्वे का खुलासा किया और कोरबा, रायगढ़, कांकेर व जांजगीर फतह का दावा किया।

राजनांदगांव से बीबी...

बीजेपी मोदी गारंटी और देशभर में लोकसभा चुनाव में इस बार, 400 पार... का ढिंढोरा पीट रही है। इससे छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट भी

अछूती नहीं और बीजेपी सभी सीटों के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने में लगी है। बीजेपी से इतर कांग्रेस 7 और 4 का गणित बिठाने में मशगूल है। बातों ही बातों में एक वरिष्ठ कांग्रेसी ने राजनांदगांव सीट भी कांग्रेस के आंचल में लाने के लिए एक नया चुरका छोड़ दिया। सभी को लगता है कि दाऊ भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए विनिंग केंडिडेट हैं। पार्टी अगर बीबी को यहां से टिकिट देगी तो निश्चित ही 7 और 4 का सर्वे वाला आंकड़ा 7-5 में तब्दील हो सकता है। यह गणित बीबी को निपटाने के लिए है या फिर मामा गांव में जीत का भरोसा यह तो दाऊ को टिकिट मिलने के बाद ही पता चलेगा।

सियासी सांटा-पलटा...

रायपुर दक्षिण विधानसभा के अजेय प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के लिए वैसे तो पूरा रायपुर ही उनका सियासी खेल मैदान रहा है। परिसीमन से

पहले रायपुर से कई दिग्गज विरोधियों को सियासी कुश्ती में धोबी पछाड़ दे चुके बिरजु भइया जल्द मोदी लोक को गमन करेंगे। इससे पहले ही उनकी दक्षिण विधानसभा का ब्रिज-मोहन कौन होगा इस पर कयास लगने लगा है। वैसे तो उनका विशेष अनुग्रह सुनील सोनी पर ज्यादा रहता है, लेकिन क्या इस बार दक्षिण का मोहन सुनील होंगे या फिर अजेय दुर्ग आने वाले समय में कांग्रेस फतह करेगी इसके कयास लगने लगे हैं। बातों ही बातों में मोहन दरबारी ने बताया कि मोहन भईया के पीछे तो दिल्ली वाले कई साल से पड़े थे। रमेश बैस का विकल्प भी मोहन भैया ही थे, वो तो भैया की चलती रही और दिल्ली लोकगमन से वे बच जाते रहे...एक वक्त ऐसा भी आया कि उन्हें लड़ने का फरमान आया तब सुनील सोनी का नाम उन्होंने बढ़ाया ही नहीं बल्कि जिताकर लाने का भी बीड़ा उठाये और वैसी ही स्थिति इस बार भी बन रही है।

मोदी लोक गमन...

सख्त मिजाज सियासत के लिए बीजेपी में नरेंद्र मोदी और अमित शाह का पार्टी नेताओं में खासा खौफ है... इसे हर कोई महसूस भी करता है। ऐसे

में लोकसभा के लिए छत्तीसगढ़ से लोकप्रियता के साथ ही विष्णुदेव सरकार के भविष्य की बेहतरी के लिए एक नहीं तीन मंत्री नामजद थे। लेकिन, दो ने वक्त रहते अपनी तेज सियासी चाल को नियंत्रित कर लिए और मोदी लोक गमन से बच गए हैं। बातों ही बातों में संगठन नेता ने यह कहकर चौंका दिया कि छत्तीसगढ़ की जनता विष्णुदेव से ज्यादा उच्चश्रृंखला दोनों डिप्टी सीएम को मानती है। यह दिल्ली आलाकमान तक बातें जा भी चुकि थीं। ऐसे में विजय शर्मा को राजनांदगांव, अरुण साव को बिलासपुर और घोषणावीर बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा के लिए तय हो गए थे। मामला समझने में मोहन लेट हुए और विजय शर्मा जमीन में बैठने लगे तो अरुण साव खामोश होकर जनदर्शन करने में जुट गए। सत्र के दौरान सदन में कई बार विपक्षी सदस्यों को दोनों डिप्टी सीएम ने विष्णुदेव सरकार और मोदी गारंटी का नारा इतनी बार लगाए कि दिल्ली वालों ने मुर्रवत की। इसके उलट सीएम की बजाये बिरजु भइया 33000 शिक्षक भर्ती की घोषणा, हर साल 100 करोड़ का राजिम कुंभ के अलावा मुफ्त सायकल वितरण योजना का एलान कर दिल्ली की नजरों में चढ़ गए।

महाकुंभ से ज्यादा कल्प कुंभ का खर्च

वैसे भी सनातनी लोग बुद्धिमान होते हैं, तो स्वाभाविक भी धार्मिक और पारंपरिक आयोजनों के संबंध में उनके सवाल भी अकाट्य होंगे और जिनसे

यह पूछा जायेगा उन्हें कटाक्ष भरा प्रश्न लगेगा। खैर, लोगों में अब 100 करोड़ के बजट वाले वार्षिक राजिम कुंभ कल्प की तुलना हर 12 वर्ष में होने वाले महाकुंभ से होने लगी है। सदन में विपक्ष इस मुद्दे पर उस तरह से सत्तापक्ष को घेरता नहीं दिखा जैसा छत्तीसगढ़िया सनातनी प्रश्न कर रहे हैं। बता दें कि उज्जैन, नासिक, हरिद्वार और प्रयागराज में 12 साल में महाकुंभ होता है। सदियों से चल रहे इस महाकुंभ में औसतन 500 करोड़ खर्च होता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के राजिम कुंभ (कल्प) के लिए हर वर्ष 100 करोड़ यानि कि 12 साल में 1200 करोड़ खर्च करने के बड़े बोल अपचनीय है। बातों ही बातों में बुद्धिमान सनातनी ने कहा- नहीं पचा? ...हाजमोला सर!

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

सीएम साय ने श्रम वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना

- जशपुर जिले के विभिन्न पंचायतों में जाकर चलित वैन के माध्यम से होगा श्रमिकों का पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम विष्णु देव साय ने रविवार को जशपुर के ग्राम बगिया से श्रम वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया । श्रम वैन जशपुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में पहुंचकर श्रमिकों का पंजीयन करेगी। जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में सहयोग प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि श्रम वैन के माध्यम से जिला-जशपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निवासरत असंगठित श्रमिक तथा निर्माणी श्रमिक जिनकी आयु 18 से 59 वर्ष का पंजीयन श्रमिक वैन के माध्यम से किया जाएगा और श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जायेगा। जिले में छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 29 हजार 537 श्रमिको तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत 29 हजार 728 श्रमिको का पंजीयन किया गया है।

ऐसा कार्य करें जिनसे आपकी पहचान और प्रतिष्ठा बढ़े: डिप्टी सीएम साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री एवं कोरबा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान जिले में विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि कोरबा प्रदेश की ऊर्जा धानी है। यहां कार्य करने की असीम संभावनाएं है, संसाधनों की कोई कमी नही है, बहुमूल्य खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी अधिकारी नई ऊर्जा व उत्साह के साथ काम करें। सभी अधिकारी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक प्राथमिकता से पहुँचाएं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक प्रेमचंद पटेल, कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत की अध्यक्ष मती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, डीएफओ अरविंद पीएम, कुमार निशांत, जिला पंचायत के सीईओ संबित मिश्रा और नगर निगम की आयुक्त मती प्रतिष्ठा ममगाई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को लाभ दिलाएं : सांसद सुनील सोनी

- सांसद ने ली दिशा समिति की बैठक
- केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर दिलाएं

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद सुनील सोनी के अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में सांसद सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों जल आपूर्ति सुचारु रूप हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न भागों में नए तालाबों का निर्माण किया जाए और पुराने तालाबों को भी संरक्षित किया जाए।

उन्होंने कहा कि मनरेगा में कार्यदिवस को ज्यादा से ज्यादा सृजित किया जाए। सोनी ने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत् कौशल उन्नयन के कार्य किए जाए इससे आजीविका के अवसरों में बढोत्तरी होगी। साथ ही यह प्रयास किया जाए कि शहर के आस पास के गांव में ग्रामीणों को वहीं काम दिया जाए ताकि पलायन कम से कम हों। शहरी और ग्रामीण गरीबी को कम करने के लिए उनको ज्यादा कार्य उपलब्ध काराई जाए।

सोनी ने जिले के सभी अधिकारियों को योजनाओं के तहत मंजूर किए गए कामों की सतत मॉनिटरिंग-समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की सहूलियत के लिए स्वीकृत किए गए विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लगातार समीक्षा की जानी चाहिए। सोनी ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाएं। जिन हितग्राहियों को प्रथम किस्त दी जा चुकी है उन्हें जल्द दूसरी किस्त दिला कर आवास को पूर्ण कराएं। सोनी ने इस योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने तत्वों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिए। सांसद सोनी ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों को जल्दी पूर्ण करें। ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा के जल जीवन मिशन के तहत दिए नल कनेक्शन में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें और पाईप लाइनों की गुणवत्ता बनाए रखें। सांसद सोनी ने मनरेगा की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों में गति लाने का निर्देश दिए। साथ ही उपलब्धियों की जानकारी ली।

बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, बिरगांव नगर निगम महापौर नंद लाल देवांगन, रायपुर नगर निगम महापौर एजाज ढेबर, जिला पंचायत अध्यक्ष मती डोमेश्वरी वर्मा, समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप उपस्थित थे। सहित जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, सहित जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित

जिला पंचायत सीईओ सिश्वादीप ने बताया कि जिले में 44 लाख मानव दिवस का लक्ष्य के विरूद्ध 46 लाख मानव दिवस की उपलब्धि हासिल की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जिले में कौशल उन्नयन के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रयास किए जा रहे हैं।

युवा नशे से रहें दूर, अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में करें भरपूर उपयोग: मंत्री टंकराम वर्मा

- क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए खेल मंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। युवा नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का जीवन को सफल बनाने वाले सकारात्मक कार्यों में उपयोग करें। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से हमें प्रेरणा लेना जरूरी है। खेल अनुशासन सिखाता है।

अनुशासन से टीम भावना का विकास होता है। खेलों से युवाओं का जुड़ाव यह बताता है कि क्षेत्र के युवा सही दिशा में है। यह बात प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज रायपुर में देवपुरी प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हार और जीत का दौर चलता रहेगा, हमें कभी घबराना नही है।

खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी गलतियों को सुधारना भी है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू,कसडोल विधायक संदीप साहू,रायपुर ग्रामीण पूर्व विधायक नंदकुमार साहू,धरसींवा पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल,तिल्दा जनपद सभापति शिवशंकर वर्मा,अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन 10 मार्च को

रायपुर/नवप्रदेश। वैवाहिक परिचय सम्मेलन कार्यक्रम के लिए अध्यक्ष भारती किरण शर्मा, अध्यक्ष नारी प्रकोप निशा तिवारी की उपस्थिति में सभी प्रदेश व जिला पदाधिकारी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 10 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में सभी की जिम्मेदारी तय की गयी।

परिचय सम्मेलन में बैठक अनुरूप सभी अपने-अपने दायित्वों से अवगत हुए। व्यवस्था पर चर्चा की गई। आज के बैठक में प्रदेश पदाधिकारी , प्रीति शुक्ला, सरिता तरूण शर्मा, सुनीता मिश्रा, भारती तिवारी, ममता तिवारी, आशा शुक्ला,जिला पदाधिकारी, अध्यक्ष ना.प्र.तुलिका तिवारी, अध्यक्ष मंयक शर्मा, पूर्णानंद महराज, राजू महराज ,आरतीशुक्ला,दुर्गेश नंदिनी जी, संगीता उपाध्याय इन्दु शर्मा , कल्पना जोशी ज्योति शर्मा , सुप्रिया तिवारी, शिखा मिश्रा ,सविता मिश्रा, मोनिका दुबे, ममता दुबे , रानी दुबे, मनु शर्मा, पूनम शर्मा, विद्या पांडे, श्रद्धा तिवारी, संध्या तिवारी, सविता जी,तिरा शर्मा,इन्दु अवस्थी,मुकेश शर्मा व सभी पदधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

सशक्त जशपुर अंतर्गत सीएम ने की सामग्री वितरित

रायपुर/नवप्रदेश। सशक्त जशपुर के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में दिवांगजनों को सामग्री का किया वितरण। उन्होंने हितग्राही को दिव्यांग प्रमाण पत्र,बस पास, अन्य सामग्रियों का वितरण किया। सशक्त जशपुर अभियान का उद्देश्य जशपुर जिला को सभी क्षेत्रो में सशक्त करना है, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पर्यटन, सड़क, बिजली, पेयजल आदि को योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य की प्राप्ति कर सुविधओं को उपलब्ध कराना है कार्यक्षेत्र सर्व विकासखंड जिला जशपुर होगा। प्रथम कार्ययोजनाः सर्व प्रथम सशक्त जशपुर अभियान ÷निःशक्ता से सशक्ता की ओर÷ कार्यक्रम संपूर्ण जिले में चला रही है, इसके अंतर्गत जशपुर जिला के सभी दिव्यांगो का चिन्हाकन कर, सभी को समुचित इलाज कराना, दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना, उन्हे आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराना एवं जो इच्छुक है रोजगार हेतु उन्हें कौशल विकास में

प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदाय कराना ।

जशपुर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत के प्रत्येक वार्ड में प्रशासन के दल द्वारा सर्वे किया गया है, विकासखंड के प्राप्त आंकडे अनुसार जशपुर जिलें में कुल दिव्यांग 15488 है जिसमें 884 कौशल विकास में प्रशिक्षण उपरांत रोजगार हेतु इच्छुक है।

भाजपा नेता तिरुपति कटला की हत्या के लिए भाजपा सरकार जबाबदेह : शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर मे भाजपा नेता तिरुपति कटला की नक्सल हत्या की कांग्रेस नें कड़ी निंदा किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही और अनिर्णय वाली नीति के कारण यह हत्या हुई, इस दुःखद हत्या की जिम्मेदार विष्णु देव सरकार है। कांग्रेस सरकार से मांग करती है कि भाजपा सरकार अपनी नक्सलवादी नीति स्पष्ट करें। सरकार के अनिर्णय वाली स्थिति के कारण जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है नक्सली गतिविधियां बढ़ी है। भाजपा की सरकार को तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता है। बेहद दुर्भाग्य जनक है कि सरकार अपनी विफलता का ठीकरा विपक्ष पर फोड़ना चाह रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार बने दो महिने से अधिक हो गया है अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपना कोई राय नहीं बना पाई है। सरकार मति भ्रम का शिकार है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद पर एक ठोस नीति बनाया था विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर कांग्रेस सरकार आगे बढ़ी थी जिसके सकारात्मक परिणाम आये।

नीलकंठ सेवा संस्था का महाशिवरात्रि महोत्सव 5 से

रायपुर/नवप्रदेश। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर नीलकंठ विहार नहर पारा केलकरबाड़ी स्टेशन रोड प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ 5 मार्च से 9 मार्च के मध्य करेगी। प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के प्रवक्ता नीरज पाण्डेय, नीलकंठ महाराज, साध्वी सौम्या, डॉ. दिव्या देशमुख, उज्ज्वल मिश्रा एवं अंकित जैन ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि उक्त उत्सव का शुभारंभ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद करेंगे।

भाजपा के 9 में से 7 सांसदों की टिकट काटना, मोदी सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश चरम पर है: दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी प्रत्याशियों की सूची पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के वर्तमान 9 लोकसभा सांसदों में से 7 सांसदों की टिकट काटने का सीधा तात्पर्य यह है कि भारतीय जनता पार्टी भी मान चुकी है कि केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी चरम पर है और अब यह भाजपा नेताओं के नियंत्रण से बाहर हो चुका है। मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अडानी परस्त नीतियो के कारण जनता का आक्रोश भाजपा और केंद्र मोदी सरकार के खिलाफहै। अब भारतीय जनता पार्टी केंद्र की मोदी सरकार की वादाखिलादी और 10 साल की नाकामी को ढकने के लिए अपने वर्तमान सांसदों पर ठीकरा फोड़ा गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के सबसे ज्यादा बार जीतने वाले विधायक और प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को प्रदेश की राजनीति से बाहर करने रायपुर लोकसभा से उम्मीदवार बनाकर बली का बकरा बनाया गया है। उसी तर्ज पर सरोज पांडे जिसे राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, सरोज पांडे का राजनीतिक क्षेत्र दुर्ग जिला रहा है, उसे भी कोरबा से टिकट देकर मार्गदर्शक मंडल में डाल कर राजनीति से बाहर करने का षड्यंत्र रचा गया।

अवैध शराब बिक्री करता आदतन बदमाश मुकेश गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरि. पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में आज दिनांक 03.03.2024 को थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना उरला क्षेत्रांतर्गत ईतवारी बाजार बीरगांव में एक व्यक्ति एक सफेद रंग का प्लास्टिक की बोरी में शराब बिक्री करने के लिये ग्राहक की तलाश में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया एवं शराब खरीदने वाले पुलिस को देखकर भाग गये।

अवैध शराब के साथ जितेन्द्रे क्षत्री भी अरेस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा शासन के मंशानुसार समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट को अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम में दिनांक 2 मार्च 2024 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत संतोषी नगर श्रद्धानंद स्कूल के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखा है एवं बिक्री करने के फिराक में है।

ऑक्सीजोन में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के ऑक्सीजोन उद्यान में आज हनुमान मंदिर के समीप स्वास्थ्य संवर्द्धन, सड़क सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसमे बड़ी संख्या में शहरवासियों ने भाग लिया। सभी लोगो ने यातायात नियमों और मतदान के प्रति अपने कर्तव्य को बहुत ही रोचक कार्यक्रम जैसे जुंबा, एरोबिक्स और नुक्कड़ नाटक के जरिए समझा और सराहा। मतदान के लिए गार्डन में एक रैली भी निकाली गई। इसमें खासबात यह थी कि सबमें एकता प्रदर्शित करने हेतु मैक्सिमम लोग सफेद टी शर्ट और काला लोवर पहनकर आए थे। इस शानदार आयोजन के लिए रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसायटी के सचिव जे पी अग्रवाल द्वारा संजय शर्मा और उनकी पूरी स्टे. फिट विथ मी की टीम का धन्यवाद देते हुए अनुरोध किया गया। ऐसे कार्यक्रम ऑक्सीजोन गार्डन में महीने में कम से कम एक रविवार को कराए। साथ ही लायंस क्लब के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल द्वारा भी अनुरोध किया गया कि कोई एक ऐसा लिंक दे जिससे जो घर में महिलाएं बच्चे नहीं आ पाते वो इसका लाभ घर बैठे ले सके।

सुविचार

राह में हमें मुश्किलें उस समय दिखलाई पड़ती हैं जब हमारा ध्यान अपने लक्ष्य पर नहीं होता। - अज्ञात

संपादकीय

अब बीआरएस में भगदड़

लोकसभा चुनाव की तिथि ज्यों-ज्यों नजदीक आती जा रही है। आईएनडीआईए में शामिल घटक दलों में भगदड़ की स्थिति बनती जा रही है। इससे अलग भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में भी उसके नेता पार्टी छोड़कर भागने लगे हैं। बीआरएस से दो सांसदों ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। बीआरएस के ही दो और सांसदों के भाजपा शरणम गच्छामि होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं उसके दो सांसद कांग्रेस का दामन थामने जा रहे हैं। निश्चित रूप से यह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के लिए करारा झटका है। केसीआर जो कभी विपक्षी दलों को एकजुट करके प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे थे और इसीलिए उन्होंने अपनी पार्टी का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति किया था। लेकिन वे तेलंगाना विधानसभा चुनाव में ही हार गए। प्रधानमंत्री बनने के चक्कर में मुख्यमंत्री पद से भी हाथ धो बैठे अपनी पार्टी की हार से वे अभी तक उभर नहीं पाए हैं। और अब उनको उनकी पार्टी के नेता ही झटके पर झटके दिए जा रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव में केसीआर की पार्टी के नौ सांसद चुने गए थे। जिनमें से तीन सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं, चार अन्य सांसद भी पाला बदलने के लिए अपने पर तौल रहे हैं। बीआरएस के सांसद ही नहीं बल्कि विधायक भी टूटने जा रहे हैं और इनमें से आधे भाजपा में तो आधे कांग्रेस में जाने के लिए छटपटा रहे हैं। लोकसभा चुनाव आते तक कहीं ऐसा ना हो की बीआरएस के सभी सांसद पार्टी छोड़ जाएं। वैसे इस बार केसीआर खुद लोकसभा चुनाव लड़ना चाह रहे हैं क्योंकि मुख्यमंत्री पद तो चला गया है। ऐसे में वे सांसद बनकर अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने की कवायद कर सकते हैं। लेकिन उनकी अपनी ही जमीन पांव के नीचे से खिसकी जा रही है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय राजनीति में केसीआर कितने सफल होंगे। यह कह पाना मुहाल है। केसीआर की पार्टी को उनके अपने राज्य तेलंगाना में भाजपा से ज्यादा खतरा है। क्योंकि भाजपा इस बार दक्षिण भारत में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराने की योजना पर काम कर रही है और उसके निशाने पर आंध्र प्रदेश के अलावा तेलंगाना ही है। तेलंगाना में केसीआर की पार्टी के नेता जिस कदर हताश और निराश हैं। उसे देखते हुए उन पर भाजपा डोरे डाल रही है। कांग्रेस इस समय तेलंगाना में सत्तारूढ़ है। इसलिए बीआरएस के कुछ नेता केसीआर को टा-टा, बॉय- बॉय कर कांग्रेस में भी शामिल हो सकते हैं। देखना होगा कि केसीआर अब अपनी पार्टी में मची भगदड़ को रोक पाने में कितने सफल होते हैं?

छत्तीसगढ़ में भी नए चेहरों को तरजीह

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। जिसमें कई पुराने सांसदों की टिकट काट कर नए चेहरों पर दांव लगाया गया है। इस पहली सूची में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए गए हैं। 11 में से सिर्फ दो सांसदों विजय बघेल और संतोष पाण्डेय को ही क्रमशः दुर्ग और राजनांदगांव से फिर से टिकट मिला है। वैसे एक और पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय को भी कोरबा से प्रत्याशी बनाया गया है। जो अब तक राज्यसभा की सदस्य रही हैं। पूर्व में वे दुर्ग से लोकसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं। और उन्होंने जीत भी हासिल की थी। छत्तीसगढ़ में नए चेहरों को तरजीह देकर और टिकट वितरण में सोशल इंजीनियरिंग दिखाकर भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। इसमें सबसे चौंकाने वाला फैसला तो रायपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रदेश के दिग्गज मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया जाना है। आठ बार विधानसभा चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने का कीर्तिमान रच चुके बृजमोहन अग्रवाल अब तक रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशियों के प्रमुख चुनाव संचालक की भूमिका निभाते रहे हैं और रमेश बैस से लेकर सुनील सोनी तक सभी प्रत्याशियों की जीत में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। अब पहली बार वे सांसद के प्रमुख चुनाव संचालक की भूमिका से अलग हटकर खुद ही लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। चुनावी मैनेजमैंट के गुरु माने जाने वाले बृजमोहन अग्रवाल की जीत तो सुनिश्चित है। पिछला विधानसभा चुनाव भी उन्होंने रिकार्ड मतों से जीता था। इस बार वे रायपुर लोकसभा चुनाव में भी जीत का नया कीर्तिमान दर्ज कर दें तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। वैसे भी बृजमोहन अग्रवाल की राय लेकर ही राष्ट्रीय राजनीति में लाने का फैसला लिया गया है। ऐसे में अब बृजमोहन अग्रवाल अब राष्ट्रीय राजनीति में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सफल होंगे। ऐसी भाजपा के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की उम्मीद है। हालांकि भाजपा ने छत्तीसगढ़ के जिन प्रत्याशियों की घोषणा की है। उसे लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सहित अन्य नेता भाजपा पर तंज कस रहे हैं। उनका कहना है कि भाजपा को अपनी हार का डर सताने लगा है। इसीलिए उसने थोक के भाव में भाजपा सांसदों के टिकट कांटे हैं। जबकि हकीकत तो यह है कि भाजपा हर चुनाव में जमीनी स्तर पर आंतरिक सर्वे कराने के बाद प्रत्याशियों का चयन करती है और जिन मौजूदा सांसदों की रिपोर्ट कार्ड थोड़ी भी असंतोषजनक पाई जाती है उसका टिकट काट दिया जाता है।

प्रेम शर्मा

लोकसभा 2024 की उल्टी शुरूआत हो चुकी है। अगले 15 दिनों में सभी दलों के प्रत्याशियों की सूची लगभग सर्वाजनिक हो जाएगी। शनिवार के दिन भाजपा ने एक मुश्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 195 लोकसभा प्रत्याशियों की सूची जारी कर प्रत्याशी चयन में प्राथमिकता दर्ज करा दी है। चुनाव को लेकर पक्ष एवं विपक्ष के भारी जीत के दावें के बीच कही ना कही कुछ असमंजस दिख रहा है। इसके बावजूद लोगों को इस चुनाव से पूर्व 15 अगस्त 2023 को लालकिले की प्राचीर पर दसवी बार ध्वाजारोहण के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मैंने परिवर्तन लाने का वादा किया था. आप देशवासियों ने मुझपर भरोसा किया। मैंने आपसे किए वादे को विश्वास में बदल दिया. 2019 में परफोर्मेंस के आधार पर आपने फिर मुझे आर्शीवाद दिया। परिवर्तन ने मुझे दोबारा मौका दिया। मैं आपका हर सपना पूरा करुंगा. अगली 15 अगस्त को मैं फिर आऊंगा।

न्याय और गारंटी का मुकाबला

पीएम ने अपने भाषण का समापन करते हुए कहा श्चलता-चलाता काल चक्र, अमृत काल का भाल चक्र, सबके सपने अपने सपने, पनपे सपने सारे, धीर चले वीर चले, चले युवा हमारे, नीति सही रीति नई, गति सही राह नई, चुनो चुनौती सीना तान, जग में बढ़ाओ देश का नाम। दिल्ली में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन में अतिविश्वास चुनाव से छह माह पहले व्यक्त किया जाना अपने आप में कही ना कही इस बॉत का इशारा करता है कि मोदी की नजर में विपक्ष का बिखराव संजीवनी की तरह है। इसके अलावा 12 राज्यों में भाजपा की सरकार होने के साथ एनडीए के वर्तमान में 333 सांसदों का बहुमत, हालियॉ में सम्पन्न राज्यसभा चुनाव में 30 सीटों को हासिल करने के साथ राज्यसभा में 117 सांसद यानि की राज्य सभा में बहुमत के आकड़े के करीब पहुच रही भाजपा 2024 में सात राज्यों सिक्किम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी उत्साहित है।

अभी हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार है। ओडिशा में बीजद, आंध्र प्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस की सरकार है। लोकसभा 2024 में 400 का दावे की हवा बनाने के पीछे भाजपा कई रणनीति पर कार्य कर रही है। कांग्रेस को तीन राज्यों तक समेटने चुकी भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ 2024 में ही राज्यसभा में पूर्ण बहुमत की योजना पर काम कर रही है। लोकसभा चुनावों के लिए देश में दो तरह के मुद्दे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत और मोदी की गारंटी का नारा तो दूसरी तरफकांग्रेस का पांच न्याय। 14 जनवरी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस इसे लोगों के बीच रख रही है, जो मणिपुर से शुरू होकर पूर्वोत्तर के राज्यों से होते हुए पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के रास्ते पर है। विकसित भारत और मोदी की गारंटी जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नारे के रूप में हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गढ़ा था और अब भाजपा ने उसे लोकसभा चुनावों के लिए अपना मुख्य नारा बना लिया है। हालिया 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न हुए राम मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य और दिव्य आयोजन से देश में जो राममय माहौल बना, भाजपा को उससे भी अपना चुनावी बेड़ा पार होने की उम्मीद है।हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सपा व कांग्रेस में हुई क्रॉस वोटिंग से भाजपा ने जिस तरह अपने अतिरिक्त उम्मीदवारों को जिताया है वह उसकी आक्रामक और जीत के लिए कुछ भी कर गुजरने की रणनीति की ही एक बानगी है। विपक्षी इंडिया गठबंधन में बिखराव और इसके सूत्रधार नीतीश कुमार वापस भाजपा के साथ चले गए और उन्होंने एक ही विधानसभा में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद और कुल नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकॉर्ड बना डाला है, उसने बिहार में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन 2024 में भी 2019 जैसी कामयाबी हासिल करेगा। इंडिया गठबंधन को दूसरा बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता जयंत चौधरी ने दिया, जब उन्होंने अपने दादा चौधरी चरण सिंह को

भारत रत्न मिलने के बाद इंडिया गठबंधन को नमस्ते करके एनडीए का दामन थाम लिया। भाजपा से दो सीटें लेकर भी जयंत खुश हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि भाजपा के समर्थन से वह ये दोनों सीटें बिजनौर और बागपत जीत लेंगे। जबकि सपा के साथ गठबंधन ने उन्हे सात सीटे दी थी।उधर प. बंगाल में ममता बनर्जी और जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला ने भी इंडिया गठबंधन में रहते हुए भी अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी भी पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने और दिल्ली में कांग्रेस को महज एक सीटे देने की बात कर रही है। जबकि कांग्रेस का सारा ध्यान राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है और किसी भी राज्य में उसका अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों की साझेदारी पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। बहरहाल कांग्रेस को राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए मोदी सरकार के खिलाफ उसके मुद्दों को मिलने वाली धार और बचे खुचे विपक्षी इंडिया गठबंधन की ताकत के जरिए भाजपा को चुनावों में पराजित करने का भरोसा है। पंजाब से दिल्ली कूच का नारा देकर फिर दिल्ली की सरहदों पर धावा बोलने वाले किसानों के साथ सरकार के टकराव और राहुल गांधी की यात्रा में उमड़ने वाली भीड़ ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को वो सियासी ऑक्सीजन दी है, जिससे वह सत्ताधारी भाजपा गठबंधन के सामने चुनाव में खड़े हो सकें। लेकिन जिस ढीले ढाले तरीके से विपक्षी दलों की अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी है, उससे लगता है कि जैसे वो चुनाव लड़ने की जगह भाजपा को वॉक ओवर दे रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धुआंधार दौरे करते हुए शिलान्यास और उद्घाटनों की झड़ी लगा रहे हैं। हजारों करोड़ रुपयों की परियोजनाओं की घोषणा कर रहे हैं। उनके सरकारी कार्यक्रमों में भी चुनावी प्रचार की कवायद है।

इधर सबसे उत्साहित भाजपा ने अबकी बार एनडीए के लिए चार सौ पार का नारा भी दे दिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ से ज्यादा सीटों का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता, जनता में उनकी विश्वसनीयता, मोदी सरकार की उपलब्धियां, राम मंदिर की लहर और विपक्षी गठबंधन में बिखराव और निराशा से बन रही भाजपा की तीसरी लगातार विजय की अवधारणा से काफी उम्मीदे हैं। यही नही कांग्रेस खास नेता अशोक च्व्हाण, मिलिंद देवरा, विभाकर शास्त्री, आचार्य प्रमोद कृष्णम आदि के पाला बदलने से भी भाजपा और एनडीए को उत्साहित कर दिया है।यूं तो 1988 में पार्टी के पालनपुर अधिवेशन में राम मंदिर के मुद्दे को अपने एजेंडे में लेने का बाद हर चुनाव में यह मुद्दा भाजपा के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा रहा है, लेकिन अब जबकि राम मंदिर अयोध्या में आकार ले रहा है,तब भाजपा इसका पूरा श्रेय लेते हुए इसका पूरा लाभ लेना चाहती है। वहीं भाजपा का मोदी की गारंटी का नारा वैसा ही है जैसा 2014 में अबकी बार मोदी सरकार का नारा भाजपा ने दिया था। हालांकि गारंटी को नारे के रूप में कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में दिया था, लेकिन बड़ी राजनीतिक चतुराई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मोदी की गारंटी में बदल दिया और अब कांग्रेस को नया नारा गढ़ने की जरूरत पड़ी और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण का नाम भारत न्याय यात्रा रखा गया है। इसलिए स्पष्ट है कि लोकसभा चुनावों में सत्ताधारी एनडीए जहां मोदी की गारंटी के नारे के साथ चुनाव मैदान में उतर रहा है तो विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस ने उसका मुकाबला राहुल के न्याय से करने का फैसला किया है। याद करिये कि 2019 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में एक न्याय योजना का ऐलान किया था जिसके तहत गरीबों को साल में 72 हजार रुपए यानी प्रति माह छह हजार रुपए देने की घोषणा की गई थी।

आज का इतिहास

1921-असहयोग आंदोलन में इस दिन ननकाना के एक गुरुद्वारे, जहाँ पर शान्तिपूर्ण ढंग से सभा का संचालन किया जा रहा था, पर सैनिकों के द्वारा गोली चलाने के कारण 70 लोगों की जानें गई। 1931-ब्रिटिश वायसराय, गवरनोर-जनरल एडवर्ड फ्रेदेरिक्क लिन्द्ले वुड और मोहनदास करमचंद गाँधी जी (महात्मा गाँधी) में भेंट राजनीतिक कैदियों की रिहाई और नमक के सर्वजन उपयोग की छूट को लेकर मंत्रणा और इकरारनामे की घोषणा। 1998- भारत के प्रकाश शाह सं.रा. महासचिव द्वारा बगदाद में विशेष प्रतिनिधि नियुक्त। 1999- संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों को अपनी परित्यक्ता पतनी एवं बच्चों को जीवन निर्वाह भत्ता देने की घोषणा। 2001- तालिबान ने मूर्तियों को ख़रीदने की ईरान की पेशकश ठुकराई। 2002- राष्ट्रमंडल में जिम्बाब्वे के ख़िलाफ़ प्रस्ताव नामंजूर, अफ़ग़ानिस्तान में भूस्खलन से 150 मरे। 2003- नाइजीरिया के कब्बी राज्य में एक नौका के नाइजर नदी में डूब जाने से 80 व्यक्ति मारे गये। 2008-तेलंगाना राज्य के गठन में हो रही देरी से नाराज़ तेलंगाना राष्ट्र समिति (टी.आर.एस) के विधायकों ने आन्ध्र प्रदेश विधानमण्डल की सदस्यता से इस्तीफा दिया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ज़िंदगी है तो कुछ न कुछ

ज़िंदगी है तो कुछ न कुछ दुश्वारियाँ भी होंगी इस सफ़र में कभी न कभी नादानियाँ भी होंगी न कोई सदा दुखी रह सकता और न ही खुश बंजर धरा पर कभी न कभी क्यारियाँ भी होंगी।

-रामकिशोर उपाध्याय

दासता सिर्फ विदेशी

दासता सिर्फ विदेशी हुकूमत की नही होती। असली दासता होती है अपनी ही पुरानी मानसिकता की। पुरानी धारणाओं और अंधविश्वासो की अपनी ही बुरी आदतों की। मानसिक जंजीरे तभी टूट सकती है जब हम सजग होकर उसके खिलाफ तलवार हाथ मे उठाये। यह तलवार होगी । ध्यान की योग की जो आंतरिक अंधकार को खत्म करेगी।

-हेमा पांडेय

.ख़ास पाती.

जरूरी नहीं हर करीबी रिश्ता...

जरूरी नहीं हर करीबी रिश्ता आपको खुशी ही दे कुछ रिश्ते बहुत क़रीब आकर, बहुत दुःख दे जाते हैं। अगर आप जीवन में खुश और सुकुन से रहना चाहते हैं तो अनावश्यक रिश्तों का बोझ कम कर दीजिए कम खाएं कम पहने, अपने हिस्से में दिए हुए परमात्मा के दुख को स्वीकार करते हुए जीवन बिताए, लोभ मोह में फसकर किसी के भी आगे हाथ न फैलाएं, हर हाल में खुश रहें ,धन दौलत न सही खुद को खुशियों का राजा समझे ,दोनों हाथों से खुशी लुटाए, दूसरों से खुशी की चाहत में खुद को भीखारी न बनाए।

-किरन भंडारी

संदेशखाली का मामला

संदेशखाली का मामला पश्चिम बंगाल के बाहर के फास्टट्रैक कोर्टमे सुनवाई हो संदेशखाली का आरोपी शाहजहां शेख जो एक बंग्लादेशी है का समस्त सम्पत्ति सरकार अटैच करे जमीन पर गरीबो को आवास बनाकर गरीबों को आवंटित किया जाय। उसके गाडियों को जेल ,संप्रेषण गृह जैसी संस्थाओं को दे देना चाहिए। उसके आवास को अर्धसैनिक बल के कार्यालय के लिये दे देना चाहिए।

-एडीवी अरून कुमर गुप्ता

फिर शाम के ढलने पे

फिर शाम के ढलने पे, सहर आती है मुझमें दिन चढ़ते ही ,इक रात उतर आती है मुझमें तुम लोग समझ लेते हो ,जिसको मेरी खुशबू वो मेरी नहीं होती ,मगर आती है मुझमें।

-अनु मित्तल

जहां की भीड़ में कोई मोतबर नही मिलता

जहां की भीड़ में कोई मोतबर नही मिलता । ज़िगर में आग है,कोई चश्म-ए-तर नही मिलता। बड़ी है दिक्कतें राह - ए - कामयाबी में । इस सफ़र में कोई हमसफ़र नही मिलता। खुदी तलाशनी पड़ती है मुकद्दर की ज़मीं । बना बनाया, खुशी का घर नही मिलता। तरक्की हो गई है बेनकाब दुनिया में। शहर क्या ? गांव में बूढ़ा शज़र नही मिलता । वफ़ा के परदे में सब बेवफ़ा ही मिलते हैं। ढले जो इक ही तरफ़वो ज़िगर नही मिलता। की अब तलाश है उन सच्चे नौजवानों की । नशे की लत का , जिन पर असर नहीं मिलता । की माथा चूम लूं , उसको गले लगा लूं मैं। वो मुझसे मिलता है पर इस क़दर नही मिलता । मेरे जुनून का उसके सिवा ईलाज़ नही। पर उसके जैसा कोई चारागर नही मिलता। सभी का काम बने फ़ितरत है ये बादल की । मगर उसे ही कोई रहगुज़र नही मिलता।

-विवेक 'बादल' बाज़पुरी

क्यूँ है भरमाया, घिर-घिर आया

क्यूँ है भरमाया, घिर-घिर आया, बदरा नाचे झूम । धरती हरियाली, मद की प्याली,बरस-बरस कर चूम॥ धरती अंबर का, जन्म-जन्म का, प्रेरक प्रेम प्रसंग । कोसों की दूरी, है मजबूरी, फिर भी रहते संग ॥

सुमन ओमानिया

मुझ पर तुमने उपकार किया

मुझ पर तुमने उपकार किया मेरी अर्जी को स्वीकार किया नतमस्तक हूँ तेरी दाता बेटी देकर श्रृंगार किया। वो बनेगी इकदिन खुद जननी कैसा यह आविष्कार किया बस नाम करे कुल का रौशन सबने ही प्यार दुलार किया।

-जे डी कुदाल

प्रेरक प्रसंग

छोटी आयु में बड़ी सफलता

लूथर ने इक्कीस वर्ष की आयु में धार्मिक सुधारों के लिए क्रांतिकारी हलचल पैदा कर दी थी। नेपोलियन ने पच्चीस वर्ष की आयु में इटली पर विजय प्राप्त की थी। न्यूटन ने इक्कीस वर्ष का होने से पूर्व ही अपने महत्त्वपूर्ण आविष्कार कर डाले थे। चेस्टरटन ने जब काव्य क्षेत्र में प्रवेश करके अपनी प्रतिभा से सबको आश्चर्य में डाल दिया था, तब वह इक्कीस वर्ष का था। विक्टर ह्यूगो जब पंद्रह वर्ष के थे, तब उन्होंने कई नाटक लिख लिए थे और तीन पुरस्कार जीते थे। सिकंदर जब दिग्विजय को निकला, तब कुल बाईस वर्ष का था। फ्रांस की क्रांति का नेतृत्व करने वाली जोन ऑफ ओर्क सत्रह वर्ष की थी।यदि उत्कंठ इच्छा और अदम्य भावना जाग्रत् हो जाए, तो अल्प आयु में भी मनुष्य बहुत कुछ कर सकता है, बहुत कुछ बन सकता है।

QUIZ TIME

1) चंद्रावली नाटक के रचनाकार कौन है?

2) हाल ही में किस संस्थान ने भारत का सबसे बड़ा ड्रोन पायलट संगठन लॉन्च किया है?

3) मुद्रा का कागज किससे बना होता है?

4) द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान बंगाल में भुखमरी का मुख्य कारण क्या था?

5) हाल ही में, किस राज्य ने पश्चिमी घाट में पर्पल फ्रॉग को बचाने के लिए एक विशेष कोष की स्थापना की?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) भारतेंदु हरिश्चंद्र (2) [illegible] (3) 100 [illegible] (4) [illegible] (5) [illegible]

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:59, सूर्यास्तः 06:21
चन्द्रोदयः 18:59, चन्द्रास्तः 07:20
अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः वसंत
शक सम्वतः 1945 (शोभकृत)
विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल)
मास फाल्गुन
पक्ष कृष्ण, तिथि नवमी
नक्षत्र ज्येष्ठा, योग धृति
प्रथम करण बालव (07:16 तक)
द्वितीय करण कौलव (20:35 तक)
॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य- कुम्भ , चंद्र सिंह
मंगल- मकर (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध - कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी)
गुरु - मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र -मकर (उदित, पश्चिम, मार्गी)
शनि -कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
राहु -मीन, केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 12:07 से 12:53
अमृत काल 18:11 से 19:59
त्रिपुष्कर योग 25:24 से 30:47
सर्वार्थसिद्धि योग 25:24 से 30:47
विजय मुहूर्त 14:24 से 15:10
गोधूलि मुहूर्त 18:10 से 18:35
सायाह्न सन्ध्या 18:12 से 19:28
निशिता मुहूर्त 24:04 से 24:55
राहुकाल 07:30 से 09:00
राहुवास उत्तर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति रहने से कार्यो में उत्साह रहेगा।

वृषः आज के दिन आपके गलत व्यवहार के कारण स्वयं एवं परिजनों को परेशानी में डाल सकते है।

मिथुनः आज भी परिस्थितयां आपके पक्ष में रहने से लाभ के कई अवसर मिलेंगे। व्यवसाय में वृद्धि होने से आय बढ़ेगी नविन स्त्रोत्रों से भी धन लाभ होगा।

कर्कः आज का दिन आप थोड़ा धैर्य धारण करेंगे। व्यापारी वर्ग आज प्रातः काल से ही कार्य में लग जाएंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर मंदी के चलते आज आपका ध्यान भटक सकता है।

सिंहः आज के दिन आपकी इच्छापूर्ति होने वाली है परंतु इसके लिए दृढ़संकल्प शक्ति की अधिक आवश्यकता पड़ेगी।

कन्याः आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। सेहत असामान्य होने से शारीरिक दुर्बलता अनुभव होगी। कार्यो को आज बेमन से करना पड़ेगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा परन्तु आज कार्यो के प्रति लापरवाही अधिक करेंगे जिससे बनते काम बिगड़ भी सकते है।

वृश्चिकः आपकी महात्त्वकांक्षाओ की पूर्ती होने से दिन भर आनंदित रहेंगे। बस सेहत को लेकर आज थोड़ा आशंकित रहेंगे सर्दी लगने का भय है सावधान रहें।

धनुः दिन के आरम्भ में खालीपन अनुभव करेंगे। समय व्यतीत करने के लिए मनोरंजन के साधन तलाशेंगे इसमें मित्रो का सहयोग मिलेगा।

मकरः कार्यो का बोझ बढ़ने से काफी परेशानी अनुभव करेंगे फिर भी आपको व्यर्थ की दौड़-धुप करनी पड़ेगी।

कुंभः प्रतिस्पर्धियों पर आसानी से विजय पा लेंगे। दिन कार्य क्षेत्र पर भी अनुकूलता से भरा रहेगा पूर्व में किये परिश्रम का फल मिलने लगेगा।

मीनः आपका आज का दिन मध्यम लाभदायक रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहने से थकान अनुभव करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -352

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 351 का हल

अवैध कब्जे पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

लोगों ने किया विरोध निगमकर्मियों से झड़प

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी दस्ता बीते रविवार को सुबह-सबह मंगल बस्ती पहुंचा था। यहां सरकारी जमीन पर बने मकानों को बुलडोजर से तोड़ा जा रहा था। इससे स्थानीय लोग भड़क गए। लोगों ने कर्मचारियों से हाथापाई और मारपीट शुरू कर दी। मंगला से भैंसाझार जाने वाली सड़क के लिए अतिक्रमण हटाया जा रहा है। मंगला के आगे भैंसाझार तक सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। केवल बस्ती के अंदर एक-दो किलोमीटर का काम बचा हुआ है। आजाद चौक मंगला से आगे तक की सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है, ऐसे में निगम की नापजोख में सरकारी जमीन पर लोगों द्वारा कब्जा करने की बात सामने आया है। ऐसे में सड़क किनारे रहने वाले 46 लोगों को जल्द ही कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। अतिक्रमण हटाने के दौरान जमकर हंगामा हो गया है। विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते पर हमला कर दिया। मंगला पेट्रोल पंप के पास अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई चल रही है। मंगला से भैंसाझार जाने वाली सड़क के लिए अतिक्रमण हटाया जा रहा है। मंगला बस्ती में अतिक्रमणकारियों की वजह से कई सालों से सड़क चौड़ीकरण का काम भी रुका हुआ है। नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी, जिससे गुस्साए लोगों ने मारपीट कर दी। इसी तरह गोकुलनगर की सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। ऐसे में निगम ने 32 कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया है। इस तरह सरकारी जमीन पर कब्जा के कुल 78 मामलों में नोटिस जारी किया गया है, जिन्हें जमीन खाली करने के लिए 24 घंटे की मोहलत दी गई है। कुछ ऐसा ही मामला मंगला के आजाद चौक के पास भी हो रहा है। निगम की जानकारी के मुताबिक क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सही करने के लिए सड़क को चौड़ा करना जरूरी हो गया है। ऐसे में सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन मौके पर सड़क बेहद ही संर्कीण स्थिति पर पहुंच गई है। ऐसे में निगम के भवन शाखा और राजस्व विभाग ने सड़क के लिए नापजोख कराई। इसमें यह बात सामने आया है कि सड़क किनारे बने मकान, दुकान में कुछ हिस्सा सरकारी जमीन भी आ रहा है। साफतौर पर कब्जा कर लिया गया है। नापजोख के बाद ही यहां के 46 कब्जाधारियों को नोटिस थमाकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। ऐसे में आसपास के रहवासी सकते में आ गए हैं। इसी तरह शनिवार को अधिकारियों के निर्देश में अतिक्रमण विरोधी दस्ता गोकुलनगर पहुंची और वहां पर 32 को नोटिस जारी कर सरकारी जमीन से कब्जा हटाने के निर्देश दिए है।

निगम के चेतावनी को बता रहे हैं गलत

सरकार द्वारा बसाए गए गोकुलनगर में जो बेजाकब्जा किए हैं उन्हें निगम प्रशासन द्वारा नोटिस दिया गया है। वे भी इसे गलत बताकर निगम के कार्रवाई की चेतावनी को गलत बता रहे है। उनका कहना है कि यह हमारी जमीन है। जिससे वे भी विरोध का मन बना लिए है। हालांकि निगम ने पुष्टि किया है कि जमीन पर बेजा कब्जा किया गया है। ऐसे में यहां भी कार्रवाई होना तय है।

दो मंजिला मकान तोड़ा गया

केंद्रीय जेल के किनारे नाले के बाजू में बने पांच मंजिला मकान से जेल का परिसर पूरी तरह से नजर आ रही है। ऐसे में जेल प्रबंधन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। इसकी जानकारी कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को देकर इस निर्माण को हटाने की बात कही गई है। वहीं संवेदनशील मामले को देखते हुए मकान निर्माणकर्ता को तीन दिन के भीतर मकान की दो मंजिल को तोड़ने का निर्देश दिया गया था। ताकि जेल की सुरक्षा पर किसी भी प्रकार से सेंध न लग सके। वहीं अब इस निर्देश के बाद निर्माणकर्ता धीरे-धीरे ऊपर की दो मंजिल तोड़ने की प्रक्रिया चालू कर चुका है।

नोटिस का विरोध

आजाद चौक मंगला के पास नोटिस मिला है का कहना है कि नगर निगम बेवजह हमें परेशान कर रही है। सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं किया गया है। यह हमारी जमीन है। वहीं इस नोटिस को लेकर रहवासियों में आक्रोश भी नजर आ रहा है। ऐसे में इस तरह की कार्रवाई का विरोध करने की तैयारी की जा रही है।

कुर्मी समाज ने की जाति जनगणना रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्वांटीफायबल डाटा आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के पिछड़े वर्ग की जाति जनगणना रिपोर्ट लीक होने और कूर्मि समाज की जनसंख्या को कम व पांचवे नम्बर में दर्ज किए जाने पर कूर्मि क्षत्रीय सेवा समिति बिलासपुर ने आपत्ति दर्ज कराई है। रविवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए समाज के पदाधिकारी एवं पूर्व विधायक सियाराम कौशिक,रमेश कौशिक, डॉक्टर अरुण सिंगरौल सहित समाज के अन्य लोगों ने क्वांटी फायबल डाटा आयोग की रिपोर्ट को सरकार से सार्वजनिक किये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवासरत् कूर्मि समाज 27 फिरको में हैं। छत्तीसगढ़ में कूर्मि समाज की आबादी लगभग 29 लाख है। जबकि छत्तीसगढ़ क्वांटी फायबल डाटा आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग की जनसंख्या जनगणना कब व कैसे की गई जिसकी जानकारी किसी को नहीं है। जबकि छत्तीसगढ़ के एक दैनिक समाचार पत्र में 17 फरवरी को समाचार प्रकाशित किया गया है। समाज का आरोप है कि क्वांटी फायनल डाटा आयोग द्वारा पिछड़े वर्ग की जाति जनगणना में कूर्मि आबादी को कम बताना राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।

मवेशियों को बूचड़खाने ले जाते 14 पकड़ाए, छुड़ाए गए 250 मवेशी

बिलासपुर/नवप्रदेश। हिर्री क्षेत्र में गो-तस्करी का मामला सामने आया है। इसकी सूचना पर गो-सेवकों ने मवेशियों को बूचड़खाने लेकर जा रहे 14 लोगों को रोककर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब 250 मवेशियों को जब्त कर लिया है। पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर कार्रवाई की जा रही है। हिर्री क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गो-तस्करी की सूचना पर गो-सेवकों की एक टीम ने बुटेना नहर के पास जाकर करीब 14 लोगों को रोक लिया। सभी मवेशी लेकर जा रहे थे। पूछताछ में सभी घबराने लगे। गो-सेवकों ने इसकी सूचना हिर्री पुलिस को दी।

इस पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने 250 मवेशियों को जब्त कर पकड़े गए लोगों से पूछताछ की। इसमें कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर पुलिस की टीम पकड़े गए लोगों को लेकर थाने आ गई। यहां पर सभी से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही पकड़े गए लोगों के स्वजन को घटना की जानकारी दी गई है। इससे पकड़े गए लोगों के संबंध में जानकारी मिल सकेगी। पुलिस की टीम देर रात तक मामले में कार्रवाई में जुटी रही।

ध्वनि प्रतिबंधित क्षेत्र का पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा उच्च न्यायालय व आवसीय परिसर के सामने की रोड जो कलेक्टर बिलासपुर के द्वारा पूर्व में जारी आदेश के द्वारा ध्वनी प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है का पी.डब्लू.डी. के अधिकारी, राजस्व विभाग के अधिकारी नगर पंचायत बोदरी के अधिकारी व नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा व उच्च न्यायालय प्रोटोकाल अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया और आवसीय परिसर के दोनों तरफ बड़े बड़े बोर्ड लगाकर ध्वनि प्रतिबंधित क्षेत्र लिखने व उच्च न्यायालय के सामने व आवसीय परिसर के सामने धीमी गति से वाहन चालने व यातायात से अतरिक्त बल लगा कर नियम का पालन न करने वालो पर कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

65 पाव देशी शराब जब्त

पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध लगातार कार्यवाही करने निर्देश पर आज मुखबिर की सूचना पर ग्राम पचपेड़ी नायक मोहल्ला में रेड कार्यवाही कर आरोपी धनसिंह नायक पिता स्वामी नायक उम्र 30 साल निवासी पचपेड़ी से 65 पाव देशी प्लेन शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। नशे के विरुद्ध पचपेड़ी पुलिस की अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

डेढ़ दशक बाद भी विभागीय जांच रिपोर्ट पर अंतिम निर्णय नहीं, गृह सचिव को नोटिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाई कोर्ट ने एएसआई के खिलाफ विभागीय जांच पर अंतिम निर्णय नहीं पारित करने पर गृह सचिव को शपथ पत्र पेश करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता संतोष

यादव पुलिस विभाग में एएसआई के पद में पदस्थ थे। तखतपुर में पड़ स्थापना के दौरान आईजी बस्तर ने संतोष यादव व डीएसपी निकोलस खलको को आरोप पत्र दिया व विभागीय जांच प्रारंभ किया गया। जांच अधिकारी ने 2013 में जांच रिपोर्ट गृह सचिव गृह विभाग को रिपोर्ट पेश किया। गृह सचिव ने जांच रिपोर्ट पेश होने के बाद डीएसपी को निंदा की सजा से दंडित किया। वहीं एएसआई के खिलाफ अंतिम निर्णय पारित नहीं किया गया। सितंबर 2021 में सेवानिवृत्त हो गए। विभागीय जांच पर अंतिम निर्णय पारित नहीं होने पर उन्हें सेवानिवृत होने पर मिलने वाले अधिकांश देयक को रोक दिया गया। इसके खिलाफ संतोष यादव ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व दुर्गा मेहर के माध्यम से याचिका पेश की। याचिका में कहा गया कि डीएसपी व याचिकाकर्ता के खिलाफ एक ही आरोप में संयुक्त रूप से जांच की गई। इसमे रिपोर्ट पेश होने के बाद डीएसपी के खिलाफ अंतिम निर्णय पारित किया गया किन्त याचिकाकर्ता के मामले को रोका गया है। हाई कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गृह सचिव पुलिस विभाग को शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का आदेश दिया है। 14 वर्ष 6 माह बाद भी अंतिम निर्णय पारित नही हुआ है।

बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सघन पल्स पोलियो अभियान 2024 के तहत 3 मार्च पोलियो रविवार के रूप में मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण केंद्रों में पोलियो ड्रॉप पिलाने की व्यवस्था की गई थी। जहां जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। गांधी चौक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। जिले में कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनिसेफ़ के युवोदय मनोबल स्वयंसेवकों द्वारा विशेष योगदान दिया गया। स्वयं सेवकों ने पोलियो ड्रॉप के महत्व के विषय में माइकिंग और मुनादी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और पोलियो बूथ तक पहुँचाने में मदद की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, डॉ. डीके वैष्णव, ज़िला टीकाकरण अधिकारी मनोज सैमुअल ,डीपीएम पियूली मजूमदार, ज़िला समन्वयक यूनिसेफ़ रूमाना ख़ान, सिटी कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

छात्र-छात्राओं ने देखे विज्ञान के चमत्कार

शैक्षणिक भ्रमण के तहत लूतरा शरीफ मदरसे के बच्चे पंहुचे विज्ञान केंद्र रायपुर

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड द्वारा गठित इंतेजामिया कमेटी दरगाह लुतरा शरीफ ने मंगलवार को मदरसा दारूल उलूम फैजाने इंसान अली शाह के विद्यार्थियों को विज्ञान केंद्र रायपुर का भ्रमण कराया। यहां मदरसा के बच्चों ने विज्ञान की ताकत व चमत्कार को देखा और उसके बारे में बहुत सी जानकारी प्राप्त की। विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक अमित कुमार मेश्राम, प्रज्ञा कदम तथा अनुभवी अधिकारी कर्मचारियों ने इन बच्चों को विज्ञान की क्षमताओं एवं ज़रूरत को समझाया, सिखाया और बताया। बच्चे विज्ञान प्रदर्शनी देख अभिभूत हुए साथ ही विज्ञान के महत्व को बारीकी से समझने की कोशिश की। मदरसा दारूल उलूम फैजाने इंसान अली शाह के प्रिंसिपल हाफ़िज़ मोहम्मद रिजवान सलामी, शिक्षक हाफ़िज़ अब्दुल्ला खान, दरगाह के खादिम हाजी साबिर खान, कर्मचारी नसीर खान के साथ मदरसा के बच्चे रायपुर पहुंचे। दरगाह इंतजामिया कमेटी लूतरा शरीफ के उपाध्यक्ष मोहम्मद सिराज ने बताया की इंतेजामिया कमेटी द्वारा ही मदरसा दारूल उलूम फैजाने इंसान अली शाह लुतरा शरीफ को संचालित किया जाता है जहां बच्चों को दीन के साथ साथ दुनियावी तालीम भी देने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले भी शिक्षा को लेकर हमने अपनी सजगता दिखाई है। लूतरा में ही इन बच्चों के लिए शिक्षा संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। हमारा मकसद सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। उनको शिक्षा की तरफ लाना है। शिक्षा वो चिराग है जो हर अंधेरे को उजाले में तब्दील कर सकती है और ये नन्हे बच्चे तालीम हासिल कर अपना मुस्तकबिल खुद तय कर सकते हैं।

तालीम कुरान अरबी, उर्दू के साथ गणित, कंप्यूटर व विज्ञान की शिक्षा

इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अली कहते हैं बच्चे विज्ञान केंद्र भ्रमण के लिए बेहद उत्साहित थे उनका उत्साह बढ़ाने ही यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हमने इस वर्ष से दीन और दुनियावी तालीम बच्चों के लिए जरूरी कर दिया है, जहां वो दीनी तालीम कुरान मुकम्मल अरबी, उर्दू के साथ साथ भाषा, गणित, कंप्यूटर तथा विज्ञान जैसे विषयों को पढ़ेंगे समझेंगे और भविष्य में ये तय भी कर पाएंगे की उन्हें अपना मुस्तकबिल किस क्षेत्र में बनाना है, हम केवल उनके उज्वल भविष्य को सुरक्षित करने की कोशिश मात्र कर रहे हैं।

शिवालयों में तैयारियां जोरों पर, महाशिवरात्रि 8 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। कैलाशपति लोक कल्याण समिति द्वारा 8 मार्च महाशिवरात्रि का महोत्सव मनाया जाएगा हैं जिसमें दिन को रूद्राभिषेक, माता पार्वती महादेव शोभायात्रा निकाली जाएगी। वही शाम को भव्य जगराता का आयोजन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च से शुरु हो जाएगा। एक दिन पहले ही शहर के शिवालयों में पूजा की तैयारी प्रारंभ हो जाएगी। भोले शंकर की बारात निकलेगी। डमरू दल का आकर्षक कार्यक्रम भी होगा। पर्व विशेष पर सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भीड़ लग जाएगी। पूजा-अर्चना का दौर प्रारंभ हो जाएगा जो शाम तक चलती रहेगी। मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ ही मेला मड़ई का दौर भी प्रारंभ हो जाएगा। शहर के सबसे पुराने शिवालय चांटीडीह स्थित शिव मंदिर में भोर से ही भक्तों की लंबी कतार लग जाती है। तीन दिनों तक मेला का आयोजन भी किया जाता है। चांटीडीह के अलावा सरकंडा बघवा मंदिर, नूतन चौक से आगे शिव मंदिर, मसानगंज स्थित अष्टभुजी शिव मंदिर, जूना बिलासपुर पचरीघाट स्थित शिव मंदिर में शहरवासियों की भीड़ जुटेगी। जगह-जगह भोग भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पर्व के साथ ही शहरवासी मेले मड़ई का आनंद लेंगे। आठ मार्च को विश्व महिला दिवस है। यह दिन महिलाओं के लिए खास रहने वाला है। शासकीय के अलावा विभिन्न संगठनों द्वारा इस दिन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा।

मौसम मध्य अफ़गानिस्तान और उससे लगे क्षेत्र में एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना

इस सप्ताह अलग-अलग सिस्टम बनने से बदलेगा मौसम

बिलासपुर/नवप्रदेश। मध्य अफ़गानिस्तान और उससे लगे क्षेत्र में एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इस चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से निम्न स्तर और मध्य क्षोभमंडल स्तर पर उत्तरी अरब सागर तक एक द्रोणिका बनी हुई है। क्षोभमंडल के निम्न स्तर पर उत्तरी पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर एक प्रेरित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत तक प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। प्रदेश में क्षोभमंडल के निम्न स्तर पर प्रचुर मात्रा में बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है । प्रदेश में कल दिनांक 3 मार्च को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

पश्चिमी विक्षोभ व द्रोणिका के असर से दिन में गर्मी का असर बना हुआ है। शनिवार को आसमान में बादल छाए रहने के बाद भी गर्मी महसूस हुआ। शाम को काले बादल के आने से मौसम सुहाना हो गया। मौसम विज्ञानियों की मानें तो वीकेंड पर रविवार को हल्की वर्षा की संभावना है। मौसम वेधशाला के विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक मध्य अफगानिस्तान और उससे लगे क्षेत्र में एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इस चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से निम्न स्तर और मध्य क्षोभमंडल स्तर पर उत्तरी अरब सागर तक एक द्रोणिका बनी हुई है। क्षोभमंडल के निम्न स्तर पर उत्तरी पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब पर एक प्रेरित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। अरब सागर से उत्तर-पश्चिम भारत तक प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। प्रदेश में क्षोभमंडल के निम्न स्तर पर प्रचुर मात्रा में बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। जिस वजह से रविवार को भी इसका असर देखने को मिलेगा। इधर शनिवार को दिनभर गर्मी रही। शाम ढलते ही बादलों का झुंड आ पहुंचा। आसमान में काले बादलों आते ही नमी युक्त ठंडी हवाएं चली। जिसे मौसम एकदम सुहाना हो गया।



आज बारिश की संभावना

प्रदेश में कल एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। बिलासपुर में भी इसका असर हो सकता है।

न्यूज गैलरी

डीए की मांग पर अधिकारी कर्मचारी सीएम के नाम सौपेंगे आज ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारी और पेंशनर सोमवार 4 मार्च को धरना देकर सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। उसके बाद भी शासन का रवैया सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति प्रतिकूल रहा तो 20 मार्च को नईदिल्ली के जंतर मंतर में जाकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने की योजना है छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार होने वाला है जिसमें पेंशनर्स अपनी महंगाई भत्ता के लिए देश की राजधानी जाकर प्रधानमंत्री का ध्यानाकर्षण छत्तीसगढ़ के पेंशनरों एवम कर्मचारी/अधिकारियों के जायज मांग डीए के लिए आवाज उठाना पड़ रहा है समाजसेवी एवम प्रधानाध्यापक संघर्ष मोर्चा के पूर्व जिला सचिव ,सरस्वती कला मंच के अध्यक्ष मोहन सेनापति ने छत्तीसगढ़ सरकार की निंदा करते हुए कहा है कि सरकार को पेंशनरों की जायज मांग को ध्यान रखते हुए बिना मांग किए उन्हें महंगाई भत्ता समय से दिया जाना चाहिए था किन्तु छत्तीसगढ़ सरकार भूपेश सरकार की राह में चल कर डीए पर कोई घोषणा न कर अपनी हठधर्मिता पर अड़ी हुई है।

विश्वजीव दिवस पर छात्रों को बताया वनों का महत्व

बीजापुर/नवप्रदेश। रविवार 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर द्वारा संजय रौतिया सहायक संचालक बफर क्षेत्र और मनोज बघेल अधीक्षक कोर क्षेत्र, बीजापुर वनमंडल से उप वनमंडलाधिकारी देवेंद्र गोंड की उपस्थिति में विश्व वन्य जीव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा संजय रौतीया द्वारा बताया गया। इसके उपरांत विशेषज्ञों द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण के लिए वन में आग ना लगे इसके लिए आवश्यक प्रयास, शिकार की रोकथाम, वृक्षों / वनस्पतियों/ वन्य प्राणियों का मानव जीवन में महत्व, जैव विविधता, वन्य प्राणियों की पहचान , सांपों की पहचान एवम सर्प दंश की प्राथमिक उपचार विषय पर बीजापुर जिले के अलग अलग क्षेत्रों से आए स्कूल/ कॉलेज के छात्रों वन अमले को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया।

केन्द्र की झूठी गारंटी को लोगों को बताएं : बेंजाम

■ लोकसभा समन्वयक राजमन बेंजाम ने ली कांग्रेस की बैठक

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। राजीव भवन दंतेवाड़ा में कांग्रेस की बैठक हुई। इसमें बस्तर लोकसभा समन्वयक दंतेवाड़ा प्रभारी राजमन बेंजाम उपस्थित थे। उन्होंने सभी 273 बूथों की जानकारी लेते हुए सभी बूथों में बूथ कमेटी को मजबूत करने और सभी कांग्रेस नेताओं को बूथ स्तर में कार्य करने कहा। उन्होंने सभी को अपने ब्लॉक में बीजेपी सरकार की झूठी गारंटी को उजागर कर जनता के बीच पहुँचाने का निर्देश दिया। साथ ही मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों को भी बूथ स्तर तक प्रचार करने कहा। जब से राज्य में बीजेपी की सरकार आई है क़ानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। जनता डरी हुई है जनता को भरोसा दिलाना होगा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता जनता के साथ हैं।

अन्नदाताओं पर गोली चलाई जा रही :देवती कर्मा-दंतेवाड़ा की पूर्व विधायक देवती कर्मा ने पूरे देश का माहौल केंद्र सरकार ने खराब कर रखा है। तानाशाही, हिटलर शाही की मिशाल बनी हुई है। पूरे देश में बेरोजगारी, एक बड़ा मुद्दा है, किसानों के साथ अत्याचार किसानों की हत्या की जा रही है। देश के अन्नदाता किसानों पर गोली चलाई जा रही है। अश्रुगैस के गोले दागे जा रहे हैं। देश में दहशत का माहौल है।ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहाहै। सभी वर्गों के साथ अन्याय हो रहा। इन सभी मुद्दों के साथ कांग्रेस इस बार मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लोकसभा चुनाव में उतरेगी। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनएंगे।

अपने अपने बूथों को मजबूत बनाए: अवधेश गौतम-जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता शहरी क्षेत्रों में अपने अपने बूथों को मजबूत बनाएं। बस्तर लोकसभा से फिर एक बार सांसद बना कर दिल्ली भेजना हैं। जिससे आने वाले चुनावों में हमारी पकड़ और भी मजबूत बने !जिससे पंचायत चुनाव में ज्यादा से ज्यादा पंचायतों में हमारे सरपंच, जनपद, जिलापंचायत बनाएंगे और क्षेत्र के विकास में सहयोग कर पाएंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, सदस्य सुलोचना कर्मा, सदस्य शंकर कुंजाम, पी. एन. उड़कूड़े जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विमल सलाम, महामंत्री प्रवीण राणा, आशिफ रजा,ब्लॉक अध्यक्ष रूपधर नाग , कमलोचन सेठिया, तपन दास, भास्कर राठौर, सोहन भवानी,जे पी मरकाम,नगर पालिका अध्यक्ष,पूजा साव पार्षद,एन. राजा,, जया कश्यप, मोती राम पोड़ियाम,महिला कांग्रेस के अध्यक्ष इंदिरा शर्मा युवा कांग्रेसअध्यक्ष गणेश दुर्गा एन, एस, यू, आई,अध्यक्ष राकेश मंडावी एवं सभी सरपंच कार्यकर्ता नेतागण मौजूद थे।

चार सूत्रीय मांगों का वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला उत्तर बस्तर कांकेर ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। उनकी मांगों में छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को जुलाई 23 से 4त्न महंगाई भत्ता आज दिनांक तक लंबित है जिसे शीघ्र घोषित किया जाना चाहिए। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा होने पर 50त्न पेंशन निर्धारण का प्रावधान की मांग की है। गौरतलब है कि 1जनवरी 1996 से प्रभावशील पुनरक्षित वेतनमानों में प्राप्त वेतन के आधार पर पेंशन पेंशन नियम 1976 में परिभाषित अनुसार 33 वर्ष की अधिकारी सेवा होने पर 50त्न पेंशन निर्धारण का प्रावधान छत्तीसगढ़ राज्य में प्रचलित है कम सेवा होने पर अनुपातिक पेंशन निर्धारण का नियम है इसके लिए संविलियन के पूर्व की गई सेवा को जोड़ते हुए पेंशन योग्य सेवा शामिल करने की मांग की गई है साथ ही शिक्षा कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति हेतु कमेटी बनाकर रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दिया गया है लेकिन आज दिनांक तक हजारों शिक्षा कर्मियों के आश्रितों का अनुकंपा नियुक्ति नहीं प्रदान की गई है ।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने जनता से सुझाव लेगी भाजपा : सतीश

कांकेर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत अभियान के संकल्प पत्र को लेकर रविवार 3 मार्च को कमल सदन कांकेर में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने प्रेसवार्ता ली।

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले विकसित भारत अभियान पूरे देश में चलाया गया जिसके माध्यम से भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी एलईडी वाहन के माध्यम से गांव-गांव तक पहूंचाई गई । विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने पीएम मोदी के निर्देश में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नडडा ने विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया है।

इस अभियान के माध्यम से आम लोगों से सुझाव लेना है। इसके तहत 1 करोड़ से अधिक देशवासियों से सुझाव एकत्रित करने का लक्ष्य रखा है । उन्होंने कहा कि प्रेस के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी आम जनता को विकसित भारत के लिए अपने बहुमुल्य सुझाव देने हेतु आमंत्रित करती है। उन्होंने कहा कि 27 फरवरी से 15 मार्च तक विकसित भारत कोहोर्ट मिलन एवं संवाद कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न संस्थाओं के ज्ञापन एवं सुझाव लेना और विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों में हम जुटेंगें और जनता से सीधा संवाद करेंगे साथ ही एलईडी वाहनों के माध्यम से देश भर के 500 लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया जायेगा।

सरोना में शाखकर्तन पर कार्यशाला

वनों को सुरक्षित रखने की जवाबदारी हम सब की : नितिन पोटाई

कांकेर/नवप्रदेश। सरोना में परिक्षेत्र स्तरीय शाखकर्तन पर आयोजित कार्यशाला को जिला वनोपज सहकारी संघ कांकेर के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने संबोधित किया। तेंदूपत्ता के अच्छे उत्पादन के लिए बेहतरीन तरीके से शाखकर्तन किया जाना आवश्यक होता है। इसमें मैदानी स्तर के अमले फड़ मुंशी की अहम् भूमिका होती है। इसलिए उनकी जवाबदारी है कि हर क्षेत्र में शाखकर्तन का कार्य सम्पन्न हो।

उन्होंने कहा कि शाखकर्तन के लिए प्रतिमानक बोरा के हिसाब से राशि का निर्धारण किया जाता है। जिसमें ही हमें शाखकर्तन के कार्य को पूरा करना पड़ता है। अतः इसके दीर्घकालिक लाभ को देखते हुए समस्त ग्रामवासियों को शाखकर्तन के कार्य को प्रमुखता से किया जाना चाहिए। संग्राहक परिवारों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस प्रक्रिया में भाग ले तो यह एक बड़ा आंदोलन का स्वरूप ले सकता है।

वनोपज अध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि पूरे प्रदेश में 13 लाख संग्राहक परिवार इससे जुड़े हैं । कांकेर जिला यूनियन में ही 45000 संग्राहक परिवार इससे सीधे जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। उनको बोनस बीमा सहित उनके बच्चों को छात्रवृति सुविधा का लाभ मिल रहा है। इसलिए ग्रामीणों को प्रतिवर्ष कम से कम 500 गड्डी तेंदूपत्ता अवश्य संग्रहण करना चाहिए। आज वनों को भी बचाने की आवश्यकता है। गर्मी के दिनों में जंगलों में अक्सर आग लग जाती है इसलिए हमें तत्परता के साथ जंगलों में लगने वाली आग को भी बुझाना चाहिए। आग की चपेट में अनेक बहुमूल्य वनस्पतियां भी जलकर राख हो जाती है। इसे बचाना हम सब की जवाबदारी है।

जिला वनोपज सहकारी संघ के उपाध्यक्ष नंदलाल मंडावी ने कहा कि तेंदूपत्ता के संग्रहण में फड़ मुंशियों की अहम् भूमिका होती है इसलिए फड़ मुंशी शाखकर्तन के कार्य को प्राथमिकता के साथ करें। फड़मुंशी जितनी मेहनत करेंगे उतना उच्च क्वालिटी का तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्राप्त होगी ।

सरकार के प्रतिनिधि यशवंत सुरोजिया ने कहा कि अच्छा उत्पादन एवं उच्च किस्म के तेंदूपत्तों का प्राप्त करने के लिए बूटे की कटाई से हो। जिससे अच्छे पत्ते मिल सके।आज सरकार तेन्दूपत्ता संग्राहकों को अच्छी कीमत दे रही है। जिससे प्रोत्साहित होकर वे वनोपज के संग्रहण में लगे हुए है।इस अवसर पर वन विभाग के नरेन्द्र पटेल ने भी शाखकर्तन के महत्व को बताते हुए तेन्दूपत्ता के अच्छी बाजार के लिए इसे जरूरी बताया।

चिल्ड्रन पार्क में जल्द गूंजेगी बच्चों की किलकारियां

■ समाजसेवी संस्था और पूर्व सैनिकों ने एक महीने तक कार्य कर संवारा

कांकेर/नवप्रदेश। जनसहयोग और पूर्व सैनिकों ने एक महीने की मेहनत के बाद चिल्ड्रन पार्क को संवारा। जल्द ही यहां बच्चों की किलकारियां गूंजने लगेगी।

दो साल पहले लाखों की लागत से बनाए गए चिल्ड्रन पार्क जो कुछ महीनों के बाद देख रेख के अभाव और उपेक्षा के कारण बदहाल हो गया था। जबकि कलेक्टर बंगला सिविल लाइन में मौजूद है। जहां जिले के तमाम प्रशासनिक अधिकारी रोजाना इस पार्क के पास होकर गुजरते हैं। लेकिन बच्चों के िपार्क की कोई सुध तक नही ली गई।जन सहयोग संस्था के प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने पार्क की सुध लेते हुए उसे संवारने का बीड़ा उठाते हुए करीब एक महीने से उक्त पार्क की सफाई अभियान चलाकर अब उसे मूल रूप देने अंतिम चरणों पर पहुंचा दिया है।

रविवार को समाजसेवी संस्था और पूर्व सैनिकों के सहयोग से सफाई अभियान चलाकर झूले से लेकर अन्य कसरत के सामानों पर रंग पेंट कर लगभग पूर्ण की ओर अग्रसर हो रहा है। केवल रंग -पेंट और कुछ फिनिशिंग वर्क बाकी है । संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि बच्चों की कसरत के लिए डबल बार आदि तैयार हो चुके हैं।झूले तथा अन्य खेल सामग्री की व्यवस्था होते ही पार्क सबके लिए खुल जाएगा। बरसों से अपने उद्धार की बाट जोह रहे इस बाल उद्यान को पुनः प्रारंभ करने हेतु ÷जन सहयोग÷ तथा पूर्व सैनिकों ने जो संकल्प लिया था, उसे अब पूर्ण कर दिखाया है। आशा की जाती है कि पुलिस प्रशासन के प्रभाव से यहां भविष्य में मदिरा प्रेमियों का, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं हो सकेगा और बच्चे बेखौफ़ होकर यहां शाम सवेरे पार्क का आनंद ले सकेंगे। आज के इस समाज सेवा कार्य में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष कौशल सिन्हा, संगठन सचिव टी के जैन ,संरक्षक बालकृष्ण तोमर, प्रभारी संयोग साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जनसहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा बल्लू राम यादव ललित शर्मा, डॉक्टर श्याम देव, धर्मेंद्र देव, राजेश चौहान, दिनेश मोटवानी करण नेताम भूपेंद्र यादव धीरज ठाकुर ,संजय सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह गोविल, पप्पू साहू इत्यादि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

कर्मा परिवार के लिए सबसे पहली प्राथमिकता जनता : तूलिका कर्मा

■ विधायक चैतराम, जिपं सदस्य रामू के बयान पर जिपं अध्यक्ष ने किया पलटवार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। किरंदुल से दंतेवाड़ा तक बन रही सड़क को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को महिला कांग्रेस द्वारा सड़क निर्माण में तेजी लाने चक्काजाम किया। जिसे लेकर विधायक चैतराम अटामी व जिला पंचायत सदस्य रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा पर कई आरोप लगाए हैं। लगाए आरोपों का खंडन करते जिपं अध्यक्ष ने कहा कि विधायक चैतराम अटामी ने ही कुछ दिन पूर्व ही स्वीकारा था कि मेरी बात शासन-प्रशासन कोई नहीं सुन रहा है। जब आपकी बात कोई सुन नहीं रहा है तो जनता आपसे क्या उम्मीद करेगी। विपक्ष के दौरान भी आप लोगों के द्वारा कोई धरना प्रदर्शन नहीं किया गया। अगर आप लोगों को लगता था कि सड़क निर्माण का काम धीमा चल रहा था तो आप सभी को धरना प्रदर्शन करना था। कांग्रेस की सरकार में सभी विकास कार्य युद्व स्तर पर हुए, जिस कारण आप सभी ने कोई बड़ा प्रदर्शन नहीं किया। तूलिका ने कहा कि विपक्ष का धर्म होता है प्रदर्शन करना और हमारी महिला टीम ने वही किया है। कांग्रेस की सरकार के दौरान आप भाजपा के जिलाध्यक्ष थे उस दौरान राजनीतिक मामलों में सांठगांठ कर आपने कितने निर्माण कार्य किए हैं उसकी जांच की जाए तो एक बड़ा भ्रटाचार सामने आएगा। विधायक बनते ही चैतराम अटामी ने कहा था कि जल्द ही तालाब के पास स्थित रेलिंग उखाड़ा जाएगा पर तीन महीने हो गए अभी तक इस कार्य का कुछ पता नहीं। फागुन मड़ई सामने हैं छोटे-छोटे दुकानदार कहां अपनी दुकान लगाएंगे यह बताने वाला जिले में कोई नहीं है। जिला पंचायत सदस्य रामू के बयान पर कहा कि मेरे जिपं अध्यक्ष बनने के बाद से रामू अपने कार्य को छोड़कर मेरे कार्य के पीछे लगे हैं। इससे पहले भी मैंने कहा था अगर बयानबाजी छोड़कर अगर आप अपना काम करते तो शायद आज विधायक का टिकट आपको मिल जाता। रामू सिर्फ राजनीति बयानबाजी के लिए करते हैं, उन्हें जनता की समस्या से कोई मतलब नहीं हैं। कर्मा परिवार के लिए सबसे पहली प्राथमिकता जनता है। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा द्वारा डीएमएफ सदस्यों का गठन किया गया उसमें आंध्र के व्यक्ति को सदस्य बनाया गया है उस पर श्री नेताम ने तो कोई बयान नहीं दिया। कितने बाहरी ठेकेदार हर दिन जिले का चक्कर लगाते हैं यह बात शायद रामू को पता नहीं हैं।

सामूहिक सुंदरकांड के साथ श्री रुक्खड़ स्वामी महोत्सव का आगाज 5 से

खैरागढ़/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के राजपरिवार स्थित परंपरागत सिद्धपीठ श्री रुक्खड़ स्वामी मंदिर में पांच दिवसीय श्री रुक्खड़ स्वामी महोत्सव का आगाज़ 5 मार्च से होगौ। 5 मार्च को मंदिर परिसर में धर्मयात्रा के 96 वें पड़ाव के तहत सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। 6 मार्च को श्री रुक्खड़ स्वामी बाबा की तपस्या से खैरा,चकनार में अवतरित मां नर्मदा के जल को लेकर सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त पदयात्रा कर ख़ैरागढ़ पहुंचेंगे और मंदिर परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगें। 7 मार्च को मंदिर परिसर में ही प्रशिक्षित आचार्यों के मार्ग दर्शन में पार्थिव शिवलिंग व गण निर्माण किया जाएगा। इसी दिन कलाकार भजनों की प्रस्तुति देंगें। 8 मार्च महाशिवरात्रि के दिन पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक होगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

लाभ के लिए कुछ महिलाओं ने ...

फर्जी परित्यक्ता सर्टिफिकेट, स्थाई मूल निवास नहीं, पात्रता से कम उम्र है, ऐसी महिलाओं ने भी महतारी वंदन योजना के तहत आवेदन फार्म भरा है। स्कूटनी के बाद इन महिलाओं के आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार राज्य के 33 जिलों में महतारी वंदन योजना के तहत कुल 70 लाख 26 हजार 352 महिलाओं ने आवेदन किया है। इनमें से स्कूटनी के बाद 70 लाख 14 हजार 581 महिलाओं के आवेदन पात्र पाए गए है, जबकि शेष 11 हजार 771 आवेदन अलग-अलग कारणों से रिजेक्ट हुए हैं। राज्य में सबसे ज्यादा 907 आवेदन बालोद जिले में रिजेक्ट हुए हैं। अब तक खाते को आधार से लिंक नहीं करा पाई महिलाओं की अब बैंकों में भीड़ देखी जा रही है।

रायपुर में 2500 से अधिक के खाते आधार से लिंक नहीं

रायपुर जिले में योजना के तहत आए आवेदनों में ढाई हजार से अधिक महिलाओं के खाते आधार से लिंक नहीं हैं। इन महिलाओं को बैंक खाता आधार से लिंक कराना होगा।

जिलेवार प्राप्त एवं रिजेक्ट आवेदन

जिला	प्राप्त	रिजेक्ट
बालोद	253590	907
बलौदाबाजार	331236	335
बलरामपुर	215768	653
बस्तर	194476	294
बेमेतरा	255049	213
बीजापुर	38896	309
बिलासपुर	427227	640
दंतेवाड़ा	54927	26
धमतरी	236641	570
दुर्ग	405319	649
गरियाबंद	184200	286
गौरेला पेंड्रा मरवाही	96280	113
जांजगीर-चांपा	291569	129
जशपुर	233389	573
कबीरधाम	255840	499
कांकेर	185439	390
खैरागढ़- छुईखदान	117388	157
कोडागांव	142089	729
कोरबा	295693	288
कोरिया	60105	84
महासमुंद	326335	373
मनेंद्रगढ़-चिरमिरी	101826	280
मोहला-मानपुर	82585	56
मुंगेली	215147	695
नारायणपुर	27934	123
रायगढ़	307458	527
रायपुर	535835	430
राजनांदगांव	258997	364
सक्ती	200196	209
सारंगढ़-बिलाईगढ़	191151	416
सुकमा	52482	71
सूरजपुर	217862	339
सरगुजा	233423	44

हिमाचल में हिमपात ...

लाहौल-स्पीति में सबसे ज्यादा 290 सड़कें बर्फबारी से बंद हैं। किन्नौर में 75, चंबा में 72, शिमला में 35, कुल्लू में 18 और मंडी में 16 सड़कें अवरूद्ध हुई हैं। इसके अलावा कुल्लू और लाहौल-स्पीति में दो-दो व सिरमौर में एक नेशनल हाईवे भी ठप है। हजारों ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली बंद होने से लोग अंधेरे में हैं।

महिलाओं-बालिकाओं की...

घटित अपराध पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो।

नोनी रक्षा रथ के लिए हेल्पलाइन नंबर +91-9479128400 जारी किया गया है जिसमें चौबीसों घंटे महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगी।

दो बूंद जिंदगी के.. मुख्यमंत्री ने ...

में लेकर ड्रॉप पिलाया। मुख्यमंत्री साय ने अभिभावकों से आव्हान करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि कोई भी बच्चा छूटे ना।

ज्ञात हो कि आज से राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान शुरू हुआ है। यह अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा। प्रथम दिवस पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।

दुर्ग में बनाया जाता था नामी ...

राजनांदगाँव स्थित फैक्ट्री को भी जांच के दायरे में लिया गया है। यहां भी गुटखा निर्माण करने के साक्ष्य मिले हैं।

हिदूर मुठभेड़ : एक नक्सली...

जंगलों में माओवादिओं की उपस्थिति की आसूचना पर ऑपरेशन पर सुरक्षा बल रवाना हुए थे। सर्चिंग के दौरान पुलिस और नक्सलियों के बीच एक घंटे तक मुठभेड़ हुई।

कांकेर जिले के एसपी आईके एलिसेला ने बताया कि मुठभेड़ में संगम में पदस्थ रहे बस्तर फ़ाइटर्स के आरक्षक रमेश कुरेठी शहीद हो गया है। वहीं दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग अभियान तेज कर दी गई है।

जमानत मिलने के बाद ...

होते हैं तो उनकी मुश्किलें बढ़ सकती है। बता दें कि गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी पर राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस चल रहा है। बीती 20 फरवरी को राहुल गांधी ने पेश होकर जमानत कराई थी।

शाहबाज शरीफ फिर ...

शरीफ ने मतदान के दौरान डाले गये कुल 293 वोटों में से 201 वोट हासिल करके चुनाव जीता। उन्होंने बताया कि श्री शरीफ के एकमात्र प्रतिद्वंद्वी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संयुक्त उम्मीदवार उमर अयूब खान ने 92 वोट हासिल किये।

भाजपा में नहीं होता शहादत का सम्मान : गणेश दुर्गा

■ स्व. शहीद भीमा मण्डावी की पत्नी ओजस्वी को नहीं मिला लोकसभा का टिकट

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा पर सीटों पर अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी। बस्तर लोकसभा सीट से इस बार भाजपा ने महेश कश्यप को मैदान में उतारा है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने इस पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा में शहीदों का सम्मान नहीं किया जाता है। बस्तर लोकसभा सीट से कयास लगाया जा रहा था कि शहीद भीमा मंडावी की पत्नी ओजस्वी भीमा मंडावी को टिकट दी जा सकती है। मगर भाजपा ने शहीद भीमा मंडावी का अपमान कर बस्तर से महेश कश्यप को टिकट दिया। भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। विधानसभा चुनाव में ओजस्वी को टिकट देने का वादा किया था पर संगठन द्वारा उन्हें उस दौरान लोकसभा का सपना दिखाकर शांत करा दिया गया। विधानसभा चुनाव में ओजस्वी की बेटी द्वारा एक वीडियो वायरल किया गया था जिसमें उन्होंने ने भी कहा था कि मेरे पापा की शहादत को भाजपा ने नकार दिया है। ओजस्वी मंडावी को पद के नाम पर प्रदेश में जगह दिया गया है बस और कुछ नहीं। लोकसभा की टिकट पाने लगभग छह महीने से ओजस्वी प्रयास कर रही थी। राज्य के कई बड़े नेताओं से मिलकर अपना बायोडाटा उन्हें दिया था पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम करती है। देश में फैली बेरोजगारी, भुखमरी, अर्थव्यवस्था पर कोई बात नहीं करती। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही नक्सली घटनाओं में तेजी आई है। सरकारी कामकाज ठप है बस बयानबाजी कर लोगों को गुमराह करने का कार्य किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष गणेश ने कहा कि जहाँ शहादत का सम्मान नहीं होता ऐसे पार्टी में रहना बेकार है। ओजस्वी मंडावी को इस बात को समझना होगा। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता, कांग्रेस पार्टी को अपना बहुमत देकर स्व. शहीद भीमा मंडावी की शहादत का बदला जरूर लेगी।

नक्सलियों का एक और स्मारक ध्वस्त

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत सीएएफ कैंप पोटाली के आसपास के क्षेत्र में माओवादियों के द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित करने की आसूचना पर रविवार 3 मार्च को थाना अरनपुर व सीएएफ कैंप पोटाली का बल गस्त, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के लिए पोटाली से उरपालपारा के जंगल की ओर रवाना किया गया था कि गस्त, सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान उरपालपारा के जंगल में नक्सल स्मारक पूर्व में माओवादियों के द्वारा निर्माण किया गया था। जिसे थाना अरनपुर, सीएएफ कैंप पोटाली टीम के द्वारा ध्वस्त किया गया। गौरतलब है कि पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी. (भापुसे.), उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप (भापुसे.),उप पुलिस महानिरीक्षक(परि.) सीआरपीएफ विकास कठेरिया (भापुसे.)के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भापुसे.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑप्स.) स्मृतिक राजनाला (भापुसे.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार वर्मन (रापुसे.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोविन्द दीवान (रापुसे.) के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

वार्ड 11 व 12 में सड़क निर्माण कार्य का किया गया भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 11 एवं 12 में बीटी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। 30 लाख रुपए की लागत से यह सड़क बनाई जा रही है। इस निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनिवार 2 मार्च को सांसद की उपस्थिति में की गई। वार्डवासियों की लंबित मांग बस स्टैंड से सिहावा रोड पहुंच मार्ग हनुमान मंदिर से लेकर महावीर चौक तक पहुंच मार्ग का डामरीकरण का कार्य कांकेर के सांसद मोहन मांडवी, राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह, भारत मटियारा, हलदर साहू, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला उपाध्यक्ष अजय नाहटा वार्ड पार्षद पूनम छाबड़ा अश्वनी निषाद सभापति सुनील निर्मलकर भूपेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा निखिल साहू जिला मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू राजशेखर नायर जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी गज्जू शर्मा आदि की मौजूदगी में रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्रमांक 11 के पूर्व पार्षद बलजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि कई वर्षों से इस जर्जर रोड को डामरीकरण कराने का प्रयास किया जा रहा था।

इस रोड में पौनी पसारी (दैनिक बाजार) हनुमान मंदिर, मस्जिद ,फॉरेस्ट ऑफिस ,आंगनवाड़ी, प्राथमिक शाला ,केंद्र व बस स्टैंड से सिहावा रोड के लिए बायपास रोड का यह अति जरूरी मार्ग था। इसका डमरीकरण कार्य होने से वार्ड वासियों को बहुत सी तकलीफों से निजात मिल जाएगी। इससे पूरे वार्ड में हर्ष का माहौल है। वार्डवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला उपाध्यक्ष अजय नाहटा वार्ड पार्षद पूनम छाबड़ा अश्वनी निषाद नगर पंचायत के समस्त पार्षद व सीएमओ गिरीश चंद्रा इंजीनियर छनक लाल उइके का आभार व्यक्त किया है।

10वीं बोर्ड में ज़िले से 13700 से ज़्यादा परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा 2024 में आज आज 2 मार्च (शनिवार) से शुरू हो गयी। वहीं 12 वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू हो चुकी है। 12 वीं बोर्ड की परीक्षा 23 मार्च तक चलेगी। वहीं 10 वीं बोर्ड की परीक्षा 21 मार्च तक चलेगी। शुक्रवार को 12वीं का पहला पेपर हिंदी का हुआ। वही आज शनिवार को 10 वीं का भी पहला पर्चा हिंदी का हुआ। परीक्षा के लिए ज़िले में 77 केन्द्र बनाये गये है। ज़िला शिक्षा अधिकारी अरविंद्र मिश्रा ने बताया कि कक्षा 10 वीं में आज कुल दर्ज 13999 में 13749 प्रविष्ट एवं 250 अनुपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक है, परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुई।

एमडी सोनकर ने मिशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक डॉ.जगदीश सोनकर ने आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संयुक्त संचालक डॉ सुरेंद्र पामभोई, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक आनंद साहू एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी जिलों से आए जिला कार्यक्रम प्रबंधक,लेखा प्रबंधक एवं जिला डेटा प्रबंधक की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और मिशन द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। मिशन संचालक डॉ.सोनकर ने बैठक में छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को राज्य के अंतिम व्यक्ति खासकर विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुहों तक पहुंचाए जाने की बात कही। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का जल्द से जल्द भुगतान करने को कहा। डॉ सोनकर ने एनएचएम के तहत हो रही भर्ती प्रक्रिया में तेज़ी लाने के निर्देश दिए।अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच, उपचार और दवाईयों की उपलब्धता पर विशेष रूप से ध्यान देने को कहा।

रुक्खड़ स्वामी महोत्सव का आगाज 5 से

खैरागढ़/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर्व पर शहर के राजपरिवार स्थित परंपरागत सिद्धपीठ श्री रुक्खड़ स्वामी मंदिर में पांच दिवसीय श्री रुक्खड़ स्वामी महोत्सव का आगाज़ 5 मार्च से होगौ। 5 मार्च को मंदिर परिसर में धर्मयात्रा के 96 वें पड़ाव के तहत सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। 6 मार्च को श्री रुक्खड़ स्वामी बाबा की तपस्या से खैरा,चकनार में अवतरित मां नर्मदा के जल को लेकर सैकड़ों की संख्या में शिव भक्त पदयात्रा कर खैरागढ़ पहुंचेंगे और मंदिर परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगें।

प्रदेश में कामर्स स्नातकों का भविष्य अंधकार में

- **विषय बाध्यता के चलते सरकारी शिक्षक बनने से हजारों अभ्यार्थी पात्रता से बाहर**
- **शिक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कॉमर्स पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य धीरे-धीरे अंधकार की ओर जाने लगा है। विषय बाध्यता को लेकर चार साल पहले सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया के नियमावली में किए गए संशोधन के कारण बीकॉम करके शिक्षक बनने का सपना देखने वाले छात्रों को गहरा झटका लगा है। इस मामले को लेकर हाल में ही बीकॉम के अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा लोक शिक्षण संचनालय के जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा है।

दरअसल राज्य शासन द्वारा कुछ वर्ष पूर्व कला और वाणिज्य संकाय को लेकर भर्ती प्रक्रिया में किए गए संशोधन से कामर्स के छात्र शिक्षक बनने की पात्रता के मापदंड से ही बाहर हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक राज्य बनने के बाद से 2018 तक की नियुक्ति में बीकॉम के अभ्यर्थियों को कला संकाय के अंतर्गत शिक्षक बनाया जाता रहा है। लेकिन वर्ष 2019 में तत्कालीन भूपेश सरकार के समय विषय बाध्यता में हुए संशोधन के कारण बीकॉम और बीएड किए अभ्यर्थी पात्रता के मापदंड से बाहर हो गए। इसके बाद उनके बीएड करने का कोई औचित्य ही नहीं रह गया। जिससे राज्य के हजारों बीकॉम एवं बीएड अभ्यर्थियों में घोर निराशा व्याप्त हो गई है।

बाध्यता लागू होने के बाद बीकॉम एवं बीएड के छात्रों को माध्यमिक शिक्षक में नौकरी की उम्मीद खत्म हो गई है।

इस संबंध में कॉमर्स के अभ्यर्थियों का कहना है कि सामाजिक विज्ञान संकाय में बीए ओर बीकॉम के अभ्यर्थी एक समान ही अर्थशास्त्र विषय पढ़ाते हैं। आज भी भारत के 13 राज्यों मध्यप्रदेश, केरल, दिल्ली, ओडिशा समेत अन्य राज्यों में बीकॉम एवं बीएड अभ्यर्थियों के माध्यमिक शिक्षक के पद पर कला संकाय (सामाजिक विज्ञान) अंतर्गत नियुक्तियां दी जा रही है इसके विपरीत छत्तीसगढ़ में नियमों को संशोधित कर सुनियोजित ढंग से कॉमर्स के छात्रों का भविष्य बर्बाद करने का आरोप अभ्यर्थियों ने लगाया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षक हेतु होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटेट एवं सीजी टेट में भी बीकॉम के अभ्यर्थियों को सामाजिक विज्ञान कला संकाय के अंतर्गत ही सम्मिलित किया जाता रहा है। वर्तमान में भी राज्य में माध्यमिक शिक्षक बनने की आस में अनेक बीएड किए बीकॉम के अभ्यार्थी अथक परिश्रम कर इन परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर चुके हैं परंतु अब अचानक उन्हें विषय बाध्यता के नाम पर अपात्र घोषित कर दिया गया।

इस मामले को लेकर हाल में ही बीकॉम के अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा लोक शिक्षण संचनालय के जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में अभ्यर्थियों ने माध्यमिक स्तर पर होने वाली शिक्षक भर्ती में विषय बाध्यता हटाने की मांग उनके समक्ष रखी है। अभ्यर्थियों ने आगामी शिक्षक भर्ती परीक्षा में इन्हें कला संकाय (सामाजिक विज्ञान शिक्षक) अंतर्गत भर्ती परीक्षा में सम्मिलित कर शिक्षक बनने का अवसर देने की मांग की है। इस मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अभ्यर्थियों को जल्द ही निराकरण का आश्वासन दिया है। वहीं अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर शासन प्रशासन इस मामले में गंभीरता से त्वरित कार्रवाई नहीं करती तो वह उग्र आंदोलन का रास्ता अपने मजबूर होंगे।

बंगाल की सीएम का भाजपा ने पुतला फूंका

- **संदेशखाली का अत्याचार याद रखेगा हिंदुस्तान : उमा शर्मा**

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया की उपस्थिति में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा देवी शर्मा के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा शहर के पुराने बस स्टैंड में पं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, उमा देवी शर्मा ने बताया कि पं बंगाल के संदेशखाली में आदिवासी सहित अन्य समुदाय की महिलाओं पर पं बंगाल में शासन करने वाली पार्टी टीएमसी के नेताओं द्वारा यौन शोषण जैसा घिनौना अपराध किया गया। संदेशखाली के टीएमसी नेता शाहजहां शेख व अन्य नेताओं ने वहां के लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया । संदेशखाली की महिलाओं द्वारा इस अत्याचार का विरोध करने पर उनकी हत्या करने के साथ ही उनकी जमीन पर बलात कब्जा कर उन्हें वहां से मारपीट कर भगा दिया गया। संदेशखाली की महिलाओं द्वारा पुलिस में शिकायत करने के बाद भी टीएमसी नेता शाहजहां शेख व अन्य लोगों पर कार्यवाही करने के बजाय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें बचाने में लगी रही।

इस पुतला दहन कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, अरूण कौशिक, रवि तिवारी, विजय लक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम, रूखमणी उइके, प्यारी साहू, विजय लखवानी, अंजू नेगी, अनुसुइया सोनवानी अंशु शुक्ला, घनेन्द्र ठाकुर, दीपांशु जैन, प्रशांत यादव, जयप्रकाश गेडाम, सरिता यादव, उषा ठाकुर, ईश्वर कावड़े, आदि उपस्थित थे।

मैनपुर अस्पताल का एमएलए जनक ध्रुव ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था सुधारने का निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव और अस्पताल में एक्सरे कक्ष, ओपीडी,शौचालय, मूत्रालय सभी वार्डो का निरीक्षण किया। इलाज के लिए भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना। मरीजों ने उन्हें कई समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अव्यवस्था, शौचालय मूत्रालय और परिसर में व्याप्त गंदगी को देखकर जमकर नाराजगी जताई तथा अस्पताल की व्यवस्था ठीक करने को कहा है। विधायक जनक ध्रुव ने मरीजों के पलंग के चादर की साफ सफाई के साथ फटे व गंदे चादर को तत्काल हटाने को कहा साथ ही मरीजों को गर्म और

पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराने को कहा। कई मरीजों ने विधायक जनक ध्रुव से शिकायत की थी। अस्पताल में एक्सरे मशीन का लाभ नही मिल रहा है। बीएमओं डॉ गजेन्द्र ध्रुव ने बताया कि अभी एक सप्ताह पूर्व ही नया डिजिटल एक्सरे मशीन प्रारंभ हो गया है अब मरीजों को कोई परेशानी नहीं होगी साथ ही अस्पताल में दवा की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं की **जानकारी विधायक ने ली।**

केवल 3 डाक्टर हैं पदस्थ, 10 डाक्टरों के पदरिक्तः मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अस्पताल में डॉक्टरों के कुल पद 13 हैं लेकिन इस अस्पताल में मात्र 3 डॉक्टर ही है और एक डॉक्टर गोपीकृष्ण पटेल ज्वाइनिंग करने के बाद 2019 से अनुपस्थित हैं। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी लंबे समय से बनी हुई है। उन्होंने जल्द ही इस समस्या से प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम जायसवाल से मुलाकात कर डॉक्टरों की व्यवस्था करने की बात कही है।

अस्पताल में चल रहे भवन और सीसी रोड निर्माण गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएः ध्रुव मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अस्पताल भवन के साथ स्टाफ रूम और वाहन स्टैंड और सी.सी रोड का निर्माण किया जा रहा है।

राजस्व निरीक्षक विभागीय परीक्षा की उच्च स्तरीय जांच की मांग का सीएम को ज्ञापन

- **निष्पक्ष जांच की मांग: संजय यादव**

कांकेर/नवप्रदेश। राजस्व निरीक्षक विभागीय परीक्षा 2023-24 की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग को लेकर पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भागवत कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में पटवारी संघ के कांकेर जिला अध्यक्ष संजय यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विभागीय राजस्व निरीक्षक परीक्षा 2023-24 को आयोजन 7जनवरी 24 को किया गया था। इसमें प्रदेश के सभी जिले के साथियों ने आवेदन किया तथा परीक्षा भी दिलाई। परंतु परीक्षा उपरांत राजस्व पटवारी संघ के साथियों द्वारा उक्त परीक्षा के संबंध में घोर आपत्तियां प्रस्तुत की गई थी। जिसे राजस्व पटवारी संघ की प्रांतीय बैठक 28 जनवरी को रायपुर में आहूत की गई थी में उच्चस्तरीय जांच कराये जाने संबंध में संज्ञान लेते हुये राज्य शासन को पत्राचार भी किया गया। परंतु राज्य शासन द्वारा इस पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। परिणामस्वरूप राजस्व निरीक्षक परीक्षा का परिणाम 29फरवरी को घोषित किया गया। राजस्व निरीक्षण प्रशिक्षण वर्ष 2024 हेतु चयन सूची में 216 को चयनित किया गया है। जिसकी सूची पत्र के साथ संलग्न है। सूची में जिलेवार संख्यात्मक जानकारी प्रस्तुत की गई जो संदेहास्पद है। कई जिलों से भारी संख्या में तथा कुछ जिलों से केवल नाममात्र का चयन कहीं न कहीं निष्पक्ष परीक्षा आयोजन में संदेह को जन्म दे रहा है। इस संबंध में परीक्षा के पूर्व ही कोंडागांव के साथियों ने आपत्तियां की थी।

आचार संहिता के दौरान सभी पटवारी चुनाव कार्य में संलग्न थे और आयुक्त कार्यालय विभागीय परीक्षा के विभिन्न चरणों की तैयारी कर रहा था, इसी दौरान ही पात्र अपात्र सूची, दावा आपत्ति मंगवाया गया, 2019 बैच के अनेक साथियों को परीक्षा से वंचित कर दिया।

वर्तमान मंत्रिमंडल का गठन भी नहीं हुआ था और विभागीय परीक्षा को शासन के संज्ञान में लाए बिना संचालक महोदय ने परीक्षा आयोजित करवा दिया। इससे निष्पक्ष परीक्षा को लेकर संदेहा पैदा होदा है। जिस प्रकार छगपीएससी परीक्षा पर संज्ञान लेते हुये कार्यवाही प्रारंभ की है उसी प्रकार विभागीय राजस्व निरीक्षक परीक्षा पर संज्ञान लेते हुये दोषी अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही कर योग्य परिक्षार्थियो के साथ न्याय करेंगे।अतः विभागीय राजस्व निरीक्षक परीक्षा 2023-24 पर आवश्यक जांच कराने करबद्ध अनुरोध किया गया है।राजस्व पटवारी संघ छ0ग0 सदैव आपका आभारी रहेगा।

कवर्धा में एसयूवी कार गहरे खाई में गिरी, 4 गंभीर

कवर्धा/नवप्रदेश। कुकदूर थाना क्षेत्र में अयोध्या रामलला के दर्शन कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया. शनिवार सुबह परिवार की गाड़ी पोलमी घाट में हनुमंत खोल के पास पहुंची थी. इसी समय गाड़ी अनियंत्रित होकर 50 फीट गहरी खाई में गिर गई. घटना के वक्त कार में 04 लोग सवार थे. जिसमें तीन महिलाएं थी. हादसे में सभी को गंभीर चोटें आई हैं.इसी दौरान घाट में झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई. ड्राइवर के मुताबिक छत्तीसगढ़ के सुकमा निवासी हैं. जो अयोध्या रामलला दर्शन करने गए थे. दर्शन करके लौट रहे परिवार की गाड़ी सुबह 09 बजे पोलमी घाट के पास पहुंची. हनुमत खोल मोड़ के पास ड्राइवर को झपकी आ गई. इसके बाद कार अनियंत्रित होकर 50 फीट की खाई में गिर गई. इसके बाद गाड़ी नीचे पेड़ में फंस गई.जिसके कारण बड़ी दुर्घटना होने से बच गई.यदि नीचे पेड़ में गाड़ी ना फंसती तो जनहानि हो सकती थी.

कर्णेश्वर ट्रस्ट ने महोत्सव सहयोगियों और दानदाताओं का किया सम्मान

- **आगामी मेला महोत्सव होगा टैक्स फ्री ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता की घोषणा**

नगरी/नवप्रदेश। कर्णेश्वर मेला महोत्सव का समापन छतीसगढ़ी कार्यक्रम विजय चंद्राकर कृत तिहार से हुआ। इस दौरान मेला महोत्सव के सहयोगियों, प्रशासन, वरिष्ठ ट्रस्टियों और मंदिर प्रांगण में सहयोग करने वाले दानदाताओं का सम्मान ट्रस्ट ने किया। इस अवसर पर सप्त ऋषि ब्राम्हण समाज के सहयोग से प्रकाशित शिव चालीसा का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव, ट्रस्ट संरक्षक कैलाश पवार, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, जनपद सदस्य भुनेस्वरी बघेल जनपद सदस्य सुलोचना साहू आदि उपस्थित थी।

ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने मेला महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सिहावा विधायक अंबिका मरकाम और प्रशासन आदि का आभार माना। उन्होंने बताया कि व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए आगामी मेला महोत्सव टैक्स फ्री होगा।

इनका किया गया सम्मानः जानकी कनक राम बोरघरिया व अन्य दानदाताओं का सम्मान ट्रस्ट द्वारा स्मृति चिन्ह व श्रीफल भेंट कर किया गया। देवेंद्र साहू,विनोद साहू,शम्भू गिरी गोस्वामी, मेघराज साहू,भैया निषाद,संतु राम साहू मन्दिर के सेवादार मंगलेश साहू,प्रदीप सोम सहित स्माइल क्लब के युवाओं का सम्मान किया गया।

इस मौके पर उपाध्यक्ष राम प्रसाद मरकाम,सचिव ललित शर्मा, कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव राम भरोसा साहू,कमलेश मिश्रा, नागेन्द्र शुक्ला,शिव कुमार परिहार, रवि दुबे कलम सिंह पवार,रवि ठाकुर,गगन नाहटा,नोहर साहू,छबि ठाकुर,राम लाल नेताम,प्रकाश बेश,मोहन पुजारी,योगेश साहू अमर सिंह पटेल,के एस श्रीमाली,भरत निर्मलकर,कमल डागा,अंजोर निषाद,उत्तम साहू दीपक यदु,सचिन भंसाली, रवि भट्ट, हनी कश्यप,महेंद्र कौशल,प्रताप सुरेशा,मिलेश साहू बबलू गुप्ता,ललित निर्मलकर,अमर सिंह पटेल, प्रदीप जैन,नन्द यादव,सुनील निर्मलकर, होरी लाल पटेल,प्रेम लता नागवंशी,अश्विनी निषाद,के आर बोरघरिया,राजू सोम, ईश्वर जांगड़े,अनिरुद्ध साहू,दुर्गेश साहू,मनोहर मानिकपुरी,देवेन्द्र साहू,,हेमन्त पूरी गोस्वामी,डोमार मिश्रा,अशोक देवांगन,पूनारद जांगड़े ,खम्मन आडिल ,कौशल साहू,परमेश्वर नेताम,देवेन्द्र मिश्रा, प्रीतम गोस्वामी ,प्रकाश सार्वा,राम लाल नेताम, तेज नाथ साहू,राजू सोम ,अशोक देवांगन,पूनारद जांगड़े ,टेश्वर ध्रुव, पंकज ध्रुव आदि मौजूद थे।

जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी और पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला का आयोजन कांकेर जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ । यह कार्यक्रम देवकरण भास्कर बी आर सी कांकेर , समग्र शिक्षा ए पीसी एमन जैन और कार्यक्रम नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ । बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला के अंतर्गत विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी ,प्रोजेक्ट ,शिक्षक टी एल एम,विज्ञान नाटिका ,विज्ञान सेमिनार एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कुल 44 प्रतिभागी पंजीकृत हुए। प्रतियोगिता में मुख्य कथानक समाज के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा थीम मानव जाति कल्याण के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी थीम पर समस्त कार्यक्रम आधारित था।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। इसमें कुमारी खुशी सिन्हा माही मजूमदार शांतनु कुमार रेवती ध्रुव पूर्वी काटेंद्र नीलम मटियारा ,यामिनी यादव ,माणिक सरकार, रितेश सरोज सिद्धि देवांगन आरती कोरेटी भूमध्य कुमार नेताम आकाश कुमार यादव, सत्यम सूर्यवंशी, हर्ष कुमार जैन ,कुमारी रागिनी सिन्हा देविका जैन.दुर्गेश्वरी सिन्हा लियांशी राजपूत, योगिता यदु ,चेतन नेताम ,समीक्षा कोडोपी ,सानिया कांगे ,राहुल देवांगन ,वैशाली सोनी ,अंजलि नायक ,विज्ञान नाटिका में नेहा एवं साथी जॉन स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए।इस स्पर्धा में निर्णायक शिक्षक गुलाब सोन , मृदुला जोफर अमित सक्सेना, रुक्मणी छाटा, बृजलाल साहू बृजलाल साव अफजल अली रहे।कार्यक्रम का संचालन कुशलानंद गजबल्ला और आभार व्यक्त ओमप्रकाश डडसेना द्वारा किया गया। सभी चयनित प्रतिभागियों को सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े और प्रकाश सेन , सहा. जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा वैभव मेश्राम,कांकेर बीईओ दीपक ठाकुर , एपीसी नवीन सिन्हा,विनोद राजपूत मनिषा साहू योगेश्वरी जैन मनीष कावड़े द्वारा शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में शिक्षकगण आदित्य पुरी गोस्वामी ,सनत पटेल, वर्षा श्रीवास्तव, प्रीति चंद्राकर ,तृप्ति जानकी बघेल नमिता कोडोपी खिलावन साहू युक्ता शर्मा शैलेंद्र खोबरागड़े मनीषा सिदार ,मनोज साहू कौशल मंडावी,सरिता हेनवार आदि उपस्थित थे।

दुर्गा महाविद्यालय के योग प्रशिक्षण में जाने इसके लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्गा कॉलेज में बी. एड. की पढ़ाई कर रहे लगभग 90 विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण सात दिवसीय शिविर दिनांक 23 से 29 को दिया गया शिविर का समय प्रातः 8:00 से 9:00 तक था

दुर्गा महाविद्यालय केंद्र प्रमुख एवम प्राचार्य निर्देश एवम आदरणीय प्रोफेसर श्रीमती कुसुम राठौर एवं डॉक्टर प्रगति दुबे के सहयोग से शिविर का आयोजन सफ्ल आयोजन किया गया । भारतीय योग संस्थान के रायपुर जिले के प्रधान मुकेश सोनी के

साथ मंत्री राजेश अग्रवाल संगठन मंत्री राजेश डागा एवं रोशनी बजाज के द्वारा योग का प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन किया गया ।

मुकेश सोनी ने बताया हमारे जीवन में योग बहुत जरूरी है योग के माध्यम से शरीर लचीला होता है पाचन सुदृढ़ होता है एवम विद्यार्थियों में चित्त और मन को एकाग्र करने के लिए तथा अपने लक्ष्य और उद्देश्य पूर्ति के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया, प्राणायाम के माध्यम से सांस लेने की क्षमता बढ़ती है जिससे शरीर ऊर्जावान बनता है हमारी प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है । दिवस में 1 घंटे का सेशन मे दुर्गा महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर एवं टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफने योग की बारीकियों को जाना धन्यवाद ज्ञापन प्रिंसिपल डॉक्टर प्रतिभा मुखर्जी ने दिया और कॉलेज के टीचिंग स्टाफ के लिए आगे सात दिनों की शिविर की घोषणा की उक्त जानकारी भारतीय योग संस्थान रायपुर के संगठन मंत्री राजेश डागा द्वारा दिया गया ।

अजय काले लगातार आठवीं बार बने महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश।अजय मधुकर काले महाराष्ट्र मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। शुक्रवार को मंडल के चुनाव अधिकारी प्रसन्न निमोणकर ने इस आशय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अजय काले के निर्विरोध अध्यक्ष बनने के अलावा सभी छह कार्यकारिणी सदस्य पद पर चेतन गोविंद दंडवते, दीपक रघुनाथ किरवईवाले, विशाखा मदन तोपखानेवाले, श्याम सुंदर खंगन,

गीता श्याम दलाल और नमिता शेष को भी निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। बताते चले कि 14 सालों से अजय काले के नेतृत्व में उनकी टीम महाराष्ट्र मंडल में नवनिर्माण और समाजसेवा के नए कीर्तिमान गढ़ रही है। महाराष्ट्र मंडल और उसके प्रकल्पों को लेकर काले की भावी योजनाएं भी आजीवन सभासदों को शुरू से ही प्रभावित करती रही हैं। इसी का नतीजा है कि अजय काले और उनकी टीम एक बार फिर सर्वसम्मति से रिपीट हो रही है।

ट्रक से बरामद किया 8.62 करोड़ का गांजा, दो तस्कर गिरफ्तार

■ गांजे की मात्रा देख पुलिस भी हैरान पकड़ी गई अब तक की सबसे बड़ी खेप

पिथौरा/नवप्रदेश। जिले में पुलिस को नशे के खिलाफ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. जहां पुलिस ने एक ट्रक से 1725 किलोग्राम गांजा बरामद किया है. जिसकी कीमत 8.62 करोड़ रूपये आंकी गई है. छत्तीसगढ़ में यह ऐसा पहला मामला है जब पुलिस ने एक साथ इतनी बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है. गांजे की तस्करी कर रहे 2 अंतरराज्यीय तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी गांजे की इस खेप को उड़ीसा से तस्करी कर छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र लेकर जा रहे थे.

जानकारी के मुताबिक, आज सुबह पुलिस को मुखबिर से ओडिशा के रास्ते भारी मात्रा में गांजे की तस्करी की सूचना मिली थी. जिसके बाद महासमुंद जिले के उड़ीसा से लगे सरहदी थाना सिंघोड़ा के नाका रेहटिखोल में नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की. इस दौरान ट्रक क्रमांक RJ 21 GA 5855 को पुलिस ने रोका जिसमे दो व्यक्ति सवार थे. पुलिस ने जब गाड़ी में लोड सामन के बारे में उनसे पुछा तो दोनों गोलमोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगे. जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने ट्रक में खाली कैरेट के नीचे गांजा तस्करी कर मध्यप्रदेश लेकर जाने की बात कबूल की.

ट्रक में गांजे की मात्रा देख उड़े पुलिस के होश

पुलिसकर्मियों ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उनके होश उड़ गए. ट्रक में 50 प्लास्टिक की बोरियों के भीतर 862 पैकेट में बंद गांजा रखा हुआ था. पुलिस द्वारा तौल करने पर इसका वजन 1725 किलोग्राम प्राप्त हुआ,जिसकी अनुमानित कीमत 8 करोड़ 62 लाख 50 हजार रूपये बताई जा रही है. पुलिस ने गांजे की इस खेप की तस्करी करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिनकी पहचान अविनाश म्हस्के (उम्र 27 साल) पिता ज्ञानेश्वर म्हस्के और संतोष पवार (उम्र 32 साल) पिता भीमराव पवार के रूप में की गई है. जो की महराष्ट्र के जिला जालना के रहने वाले है.

बहरहाल सिंघोडा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

न्यूज गैलरी

यूथ फेस्टिवल में संगीत विवि का दबदबा, 3 कैटेगरी में पहला स्थान

खैरागढ/नवप्रदेश। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने यूथ फेस्टिवल में जीत का परचम फिर से लहराया है। मैसूर में आयोजित 37 वें इंटर-यूनिवर्सिटी साउथ ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में संगीत विश्वविद्यालय की टीम ने गायन, फोक ऑर्केस्ट्रा, फाइन आर्ट, तबला, सरोद, डांस, थिएटर सहित विभिन्न प्रतियोगिताओ मे बड़ी कामयाबी पाई । ओवरऑल चैंपियनशिप में संगीत विश्वविद्यालय रनर-अप रहा । ट्रॉफी डांस इवेंट में विनर यूनिवर्सिटी खिताब भी टीम ने अपने नाम कर लिया। जोनल यूथ फेस्टिवल में विद्यार्थी और संगतकार मिलाकर कुल 47 प्रतियोगियो की टीम ने हिस्सा लिया। शास्त्रीय गायन (एकल) में संगीत संकाय के विद्यार्थी किशन प्रकाश ने श्री सत्य साई विवि, जेएसएस विवि, रीवा विवि और कर्नाटक के अक्का महादेवी महिला विवि जैसी संस्थानों के प्रतिभागियों को मात देते हुए पहले नंबर पर अपनी जगह बना ली । तबला वादन में भावना चौहान ने कर्नाटका यूनिवर्सिटी, जेएसएस, कर्नाटका यूनिवर्सिटी और मंगलौर यूनिवर्सिटी को पीछे करते हुए पहला स्थान पाया। ऑन द स्पॉट पेंटिंग केटेगरी में फाइन आर्ट्स के छात्र रितेश साहू ने अपने प्रतिद्वंदियों का मुकाबला करते हुए खिताब अपने नाम किया । शास्त्रीय नृत्य, थिएटर, फोक म्यूजिक, सरोद वादन, सुगम गायन, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट (सोलो), फोक ट्राइबल डांस, वन एक्ट प्ले, स्किट, कत्थक, क्ले मॉडलिंग, फोक ऑर्केस्ट्रा आदि 6 अलग-अलग विधाओ में 17 इवेंट्स में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनाई है।

डीएमसी टीम की परीक्षा केंद्रों में दबिश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में नकल अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु जिला स्तर पर चार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में गठित दल क्रमांक में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव को नियुक्त किया गया है एवं सहायक अधिकारी के रूप में पीआर झाड़े सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, राजनांदगांव एवं दल के अन्य सदस्य मनीष कुमार सोनी व्याख्याता, श्रीमती स्वाति वर्मा व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है। इस उड़नदस्ता दल द्वारा 1 मार्च को आयोजित 12वीं की परीक्षा हिंदी विषय में कुल 4 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिचोला सहित अन्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला शामिल हैं।

जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए दल का गठन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले मे बालविवाह रोकने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने विकासखंडो में बाल विवाह रोकथाम दल का गठन किया गया है। बाल विवाह रोकथाम दल के लिए अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अध्यक्ष, परियोजना अधिकारी सह बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सदस्य-सचिव एवं तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत व थाना प्रभारी सदस्य बनाएं गए हैं। रोकथाम दल द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए अक्षय तृतीय अथवा अन्य दिनों में आयोजित होने वाले सभी विवाहों का पंजीयन ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाएगा। जिनका विवाह तय किया गया हो उन वर-वधु के जन्म तिथि की जांच कर उम्र सत्यापन करना होगा। आमंत्रण पत्र में जन्मतिथि अंकित करवाये जाने के लिए सभी समाज प्रमुख, ग्राम प्रमुख तथा पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति को कहा गया है।

क्षेत्रवासियों की समस्या का तत्काल निराकरण करें अधिकारी : बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विधायक भावना बोहरा ने आज ग्राम कुंडा में जन-भावना मुलाकात कार्यक्रम के तहत जनता से रूबरू हुईं। भावना बोहरा ने कुंडा मंडल में गजन-भावना मुलाकातग के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

भावना बोहरा ने कहा कि आज कुंडा क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए हमने जन भावना मुलाकात कार्यक्रम के जरिए एक प्रयास किया है कि क्षेत्रवासियों को उनके गाँव के समीप ही सुविधा मिल सके। आज यहां बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे हैं इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए हमने यह प्रयास किया है और प्रतिमाह ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे।

जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता से मुलकात में बहुत सी मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के आभाव होने की सूचना थी। पूर्व की कांग्रेस सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होपाता था और क्षेत्र का विकास भी पूरी तरह ठप्प था। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सुशासन का सूर्योदय हुआ। इससे जनता में भी एक नया विश्वास आया है और उनके इस विश्वास को पूरा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुड़ने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं। वो एक उम्मीद के साथ आते हैं और उनकी इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ही हमने यह प्रयास किया है ताकि एक जनप्रतिनिधि व जनता के बीच बेहतर सामंजस्य हो, किस प्रकार क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा इसके लिए उनके सुझाव हमें मिले। इन्हीं सुझावों व आपसी सामंजस्य से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। श्रीमती बोहरा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन विश्वास कर जो जिम्मेदारी दी है उसे निभाने के लिए मैं कटिबद्ध हूँ। क्षेत्रवासियों समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना न पड़े इसके लिए प्रतिमाह इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जनता के बीच जाएंगे, उनके गाँव में जाकर गजन-भावना मुलाकातग के माध्यम से उनकी मूलभूत सुविधाओं, प्रमुख मांग व समस्या से अवगत होंगे तथा तत्काल उसका समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

लो वोल्टेज की समस्या का तत्काल करें समाधान, कलेक्टर के आदेश



बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें के कुछ क्षेत्र में गर्मी धान फसल को लेकर किसानों ने अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग ने शिकायत प्राप्त क्षेत्रों में अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर लगाये जा रहे है। इसी को लेकर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले विद्युत अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा, सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी, तहसीलदार सहित ज़िला विद्युत अधिकारी और किसान, किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जहां किसानों की रबी सीजन में गांवों में धान की फसल लगी है। वहाँ ज़रूरत के मुताबिक़ अतिरिक्त ट्रासफ़ॉर्मर लगाये जाये। ताकि गांवों में मिलने वाली अघोषित बिजली कटौती के साथ ही लो वोल्टेज की भी समस्या ना हो और फसल को मोटर पंप से फसल को पानी मिल सके। उन्होंने बिजली कटौती व लो- वोल्टेज की समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि बिजली की तकनीकी कारण दूर कर लिये जाये। कलेक्टर ने सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने किसानों से इसका अधिक से अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन खसरों मे बिजली नहीं है उन खसरों में कृषि पम्प हेतु 1 से 10 हॉर्स पावर तक के पम्पों के लिए अनुदान भी दिया जाता हैं। रूफटॉप सोलर हेतु किसान अपने क्षेत्र के विद्युत विभाग/(क्रेडा) अधिकारी से सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने विद्युत कंपनी के अधिकारियों को बिजली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के भीतर में ओवर लोडेड ट्रांसफार्मर की समीक्षा किये जाने निर्देश दिये।

आईजी ने थाना परपोड़ी, साजा-थान खम्हरिया और पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर निरीक्षण में पहुंचे

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने 1 मार्च को जिला बेमेतरा के थाना परपोड़ी, पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर एवं थाना साजा एवं थान खम्हरिया का पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों व जवानों को मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। सभी अधिकारियो व जवानो को आमजन/महिला आगंतुक/रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा चोरियो एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। थाना प्रभारीयों को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें।

सिंगदई बायपास में अवैध प्लाटिंग की तैयारी, संबंधितों को नोटिस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर कड़ी कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जांचकर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस देकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही की कड़ी में सिंगदई बायपास रोड में अलग-अलग दो स्थानों पर छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग करने पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने संबंधितों को नोटिस जारी किया है। अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा अवैध कालोन निर्माण एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। निर्देशानुसार नगर निगम की टीम सख्त रवैया अपना कर अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कडी कार्यवाही कर रही है। उन्होंने बताया कि वार्ड क्र. 50 सिंगदई बायपास रोड में खसरा नं. 225/1 को विजय सिंह आ. गजाधर सिंह एवं अन्य 6 लोगों के द्वारा छोटे-छोटे टुकडों में विभाजित करने मुरूम फिलिंग कर ले-आऊट किया गया है। इसी प्रकार इसी रोड़ में खसरा नं. 259/1 को खिलावन दास आ. स्व. भूषण दास एवं अन्य 10 लोगों के द्वारा इसी प्रकार टुकडो में विभाजित कर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी, जिस पर इन्हे छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 ग (2) के तहत अवैध प्लाटिंग बंद करने नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि उक्त अवैध प्लाटिंग बंद कर इस कार्यालय को सूचित करें, अपालन पर इनके विरूद्ध 1956 की धारा 292 ग (3) के तहत् वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त श्री गुप्ता ने नागरिको से अपील करते हुए कहा है कि उक्त क्षेत्र में बिना जानकारी के खरीदी-बिक्री न करें।

उन्होंने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जांचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता है, तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी से कडी कार्यवाही करें।

कृषि पंप कनेक्शन के साथ वोल्टेज बढ़ाने कैपेसिटर लगाने की अपील

बेमेतरा/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में धान और चने की फसल में सिंचाई के लिये एक साथ कृषि पंप चलने से लोड बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों का घनत्व ज्यादा हैं। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने बताया कि बेमेतरा क्षेत्र में कृषि पंपों का घनत्व बहुत अधिक हो गया है। प्रत्येक पंप की मोटर इंडक्टिव (क्वाइल से बना) लोड है। जब एक साथ अधिक संख्या में पंप चलते हैं तो पूरे वितरण सिस्टम का लोड असंतुलित होकर बहुत अधिक इंडक्टिव हो जाता है और विद्युत प्रणाली का पॉवर फैक्टर कम हो जाता है। ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर की क्षमता पर एक तरह की छद्म/इंडक्टिव लोडिंग बढ़ जाती है और वोल्टेज कम हो जाता है। इसके लिये आवश्यक है कि राज्य शासन द्वारा कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिए जारी निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक किसान अपने पंप पर कैपेसिटर अनिवार्यतः लगाये।

इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्रत्येक स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही हैं। 33 केवी उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि की जा रही है एवं अतिरिक्त्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा रहे हैं। उपकेन्द्रों में पावर ट्रांसफॉर्मर पर छद्म/इंडक्टिव भार कम किये जाने हेतु कैपेसिटर बैंक की स्थापना की जा रही है। वोल्टेज बढ़ाने हेतु पावर ट्रांसफार्मर की टैप संख्या बढ़ाई जा रही है। किसानों से अपने कृषि पंप कनेक्शन में केपिसिटर लगाने की अपील की गई है।

आदेश के बाद भी शिक्षकों का अटैचमेंट खत्म नहीं

खैरागढ़/नवप्रदेश। नए जिले मे शिक्षा विभाग शासन के आदेशों को ही ठेंगा दिखा रहा है । प्रदेश की नई विष्णुदेव सरकार ने स्कूली शिक्षको के अटैचमैंट को पूरी तरह खत्म कर शिक्षको को मूल शाला मे वापस भेजने के निर्देश जारी किए है । इसके बाद इस आदेश को जिला शिक्षा विभाग ही अब तक नही मान पा रहा है । जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे दो शिक्षको को शिक्षकीय कार्य छोड़कर कार्यालयीन कार्यो के लिए रखा गया है । शासन के आदेश आने के बाद भी ऐसे शिक्षको से शिक्षण व्यवस्था की जगह दूसरा कार्य कराया जा रहा है ।

जिला शिक्षा कार्यालय का संचालन शुरू होने के बाद यहाँ छूईखदान कन्या शाला मे पदस्थ अंग्रेजी व्याख्याता रश्मि खरे को साल भर से सुघ्र पढ़वैया सहित विभिन्न कार्यालयीन कार्यो की जवाबदारी देकर अटैच कर दिया गया है । बताया गया कि शिक्षिका के स्कूल मे नही रहने से वहाँ साल भर से छात्राओं की अंग्रेजी की पूरी पढ़ाई नही हो पाई है । स्कूल मे पहले से शिक्षको की कमी के बाद ले देकर अन्य व्यवस्था बनाकर पढ़ाई कराई जा रही है । इसकी मौखिक सहित अन्य जानकारी कई बार जिला प्रशासन सहित जिला शिक्षा विभाग को दी जा चुकी है । इसके बाद भी शिक्षिका को अब तक मूल शाला मे वापस नही भेजा गया है । इसी तरह खैरागढ़ ब्लाक के एक हाईस्कूल व्याख्याता आत्माराम साहू को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के स्कूलो मे होने वाले निर्माण कार्यो का नोडल बनाकर अटैच कर दिया गया है । इसके चलते संबंधित स्कूल मे शिक्षक से संबंधित विषय की पढ़ाई नही हो पाई है । फिलहाल बोर्ड परीक्षा भी प्रारंभ हो चुका है ऐसे मे इन स्कूलो मे शिक्षक नही होने से पढ़ाई भगवान भरोसे संचालित की गई है । रा%य सरकार द्वारा ऐसे अटैचमेंट खत्म कर शिक्षको को वापस स्कूलो मे भेजे जाने का आदेश आने के बाद भी अधिकारी मामले मे हीलहवाला कर रहे है । निर्देशो का पालन अब तक नही किया गया है ।

न्यायाधीश ने दिए लीगल एड डिफेंस कौसिंल सिस्टम एवं पैरालीगल वालिंटियर्स को प्रशिक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित %स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2024 के तहत अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के अध्यक्षता में एवं श्रीमती जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की उपस्थिति पर लीगल एड डिफेंस कौसिंल सिस्टम एवं पैरालीगल वालिंटियर्स को प्रशिक्षण कार्यकम जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाएँ वरिष्ठजनों के अधिकार, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण अधिनियम, नालसा टोल फ्री नं. 15100, हमर अंगना स्कीम, सचेत अभियान एवं निःशुल्क विधिक सहायता व कानूनी अधिकारों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा आगामी नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण संबंधी जानकारी प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस कौसिंल बेमेतरा के चीफ दिनेश तिवारी, डिप्टी चीफ मोतीलाल वर्मा, असिस्टेंट सुश्री गीतादास, असिस्टेंट अमन दुबे एवं पैरालीगल वालिंटियर्स सोनिया राजपूत, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र यादव, चेतन सिंह, पवन कुमार साहू, चंद्रकिशोर राजपूत, स्वाति कुंजाम, पंकज घृतलहरे उपस्थिति रहें।

कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टोरेट परिसर में शांति व कानून व्यवस्था समेत सुरक्षा बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आदेश जारी कर आगामी दो महीने के लिए 1 मार्च से 1 मई (दो माह) तक धारा 144 लागू किया है। कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित हैं, जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के भीतर जुलूस-धरना पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर ने आदेश में स्पष्ट तौर पर कहा है कि परिसर में प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा: ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत नवीन बाजार वार्ड नंबर 18 एवं वार्ड नंबर 21 वार्ड नंबर 20 के मध्य कबीर कुटी के पीछे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों तथा मौजूद जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई। सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। पात्र हितग्राहियों का सरकारी योजना से लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, फसल बीमा, स्वायल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड के फ़ायदे बताये। अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की योजनाओं का लाभ लेने कहा। सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। आईईसी (सूचनाए शिक्षा और संचार) वैन पहुँचने पर महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ी से स्वागत किया। आईईसी वैन भारत सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री का संदेश भी सुना रही है। लोगों के आधार कार्ड भी बनाये गए। दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि देशभर में हर घर शौचालय निर्माण, उज्वला गैस कनेक्शन आदि दिए गए और हर घर नल हर नल जल का सपना भी साकार हो रहा है। शिविर में पीएम आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई। हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं जीवन ज्योति बीमा आवेदन भराया गया। स्वसहायता समूह की महिलाओं सहित लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा लाभ की जानकारी दी जा रही है।

पल्स पोलियो की खुराक 5 तक

■ कांकेर जिले के 77 हजार बच्चों को दी जाएगी

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर जिले में 3 से 5 मार्च 'पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान' चलाया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के समस्त अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि 0 से 5 वर्ष तक के आयु वर्ग वाले सभी बच्चों को 3 मार्च को अपने नजदीकी पोलियो बूथ में ले जाकर पोलियो की 2 बूंद खुराक अवश्य पिलाएं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे ने बताया कि ÷पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान' वर्ष 2024 के अंतर्गत जिले में 0 से 5 वर्ष के लगभग 77 हजार 626 लक्षित बच्चों को शत् प्रतिशत पोलियो की खुराक देकर प्रतिरक्षित किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

गौ मांस के साथ ग्रामीण गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। ग्राम धरदेई के एक ग्रामीण को पुलिस ने आधा किलो गौ मांस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला शिवरीनारायण थाना का है। जानकारी के अनुसार ग्राम धरदेई निवासी जीवन लाल शुक्रवार को गांव में घूम घूम कर गौ मांस बेच रहा था। जब इस बात की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना शिवरीनारायण पुलिस को दी। सूचना मिलने पर शिवरीनारायण थाना प्रभारी एसआई सागर पाठक पुलिस बल के साथ गांव पहुंची। ग्रामीण जीवन लाल गमछे में बांधकर मांस को रखा था। पुलिस ने मांस को जब्त किया और उसे पकड़कर थाने लाकर पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि धरदेई में ग्रामीण जीवन लाल मोची के द्वारा गौ मांस बेचने की सूचना मिली थी। जिस पर गांव पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जिसमें जिसमें उसने गौ मांस बेचने की बात स्वीकार किया। गौमांस को परीक्षण के लिए लैब भेजा गया है। पुलिस ने आरोपित जीवन लाल के खिलाफ भादवि धारा 429 एवं 4 - 10 छत्तीसगढ़ कृषि पशु संरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। **साल भर पहले भी हुई थी घटना-** एक वर्ष पूर्व सक्ती जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पसरा में पिता पुत्र के द्वारा आवारा घुमंतु पशुओं को मारकर बेचने की घटना प्रकाश में आई थी इसकी शिकायत पर पुलिस ने पशु संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी पिता पुत्र को गिरफ्तार किया था।

कान के इलाज के लिए आज से तीन दिन लगेगा कैंप

जांजगीर/नवप्रदेश। 4 से 6 मार्च तक जिला अस्पताल में कान संबंधित समस्या कान से मवाद निकलना, कान में सुनाई नहीं देना, कान के अंदर सीटी की आवाज आना, अधिक उम्र के कारण सुनाई में कमी, जन्मजात सुनने और बोलने में परेशानी से संबधित सलाह के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे। उक्त से संबंधित मरीजों को सिविल सर्जन ने अधिक से अधिक संख्या में अस्पताल आकर इलाज कराने की अपील की है।

सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले पर की कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 47 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। जिला पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले कुल 47 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जिसमें थाना मुंगेली द्वारा 7 आरोपियों, थाना पथरिया द्वारा 9 आरोपियों, थाना जरहागांव द्वारा 6 आरोपियों, थाना चिल्फी द्वारा 2 आरोपियों, थाना लालपुर द्वारा 6 आरोपियों, थाना सरगांव द्वारा 4 आरोपियों, थाना लोरमी द्वारा 6 आरोपियों, चैकी साकेत द्वारा 2 आरोपी तथा चैकी डिंडौरी द्वारा 5 आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 36च के तहत कार्यवाही की गई है।

भाजपा कार्यकर्ताओं को संपर्क अभियान के संबंध में मार्गदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान के बिलासपुर लोकसभा सह-संयोजक पवन पांडेय ने जिले के 9 मंडलों के कार्यकर्ताओं को संपर्क अभियान के संबंध में मार्गदर्शन भाजपा कार्यालय में दिया। इस अवसर पर लोरमी, पथरिया, सरगांव और मुंगेली के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, संयोजक, सह-संयोजक उपस्थित रहे।

बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई

मुंगेली/नवप्रदेश। रोटरेक्ट क्लब का मुंगेली द्वारा 'रोट्रैक्ट पोलियो बूथ' गोल बाजार के उद्घाटन समारोह में मुंगेली नगर पालिका अध्यक्ष मोहन मल्हा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुंगेली डॉ. देवेंद्र पैकरा जी, मुंगेली जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार जी स्वतंत्र मिश्रा जी की गरिमामय उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम में 0 से 5 साल तक की बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो मुक्त मुंगेली की स्थापना करने की अपील की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के सचिव विकास जैन, दिनेश गोयल, राजू श्रीवास्तव, रामशरण यादव, धीरज जैन, गिरीश सुथार , श्रेणीक पारख,मनीष वाधवा, विनय लूनिया सहयोग रहा।

निधन
कमला देवी मिश्रा

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम पुरान निवासी कमला देवी मिश्रा उम्र 85 वर्ष का 28 फरवरी को निधन हो गया। वे गोपेश्वर प्रसाद मिश्रा और ब्रजेश्वर मिश्रा की माता जी थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर पारिवारिकजन एवं सामाजिकजन उपस्थित थे।

नौनिहालों ने पी 2 बूंद जिंदगी की...

लखनपुर-सरगुजा। राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियो बूथों में 0-5 वर्ष तक के नौनिहालों को 2 बूंद जिंदगी की खुराक पिलाई गई। अभियान का आगाज करते हुए अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने प्रतिक्षा बस स्टैंड लखनपुर में बच्चों को पोलियों की दवा पिलाया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, पार्षद अमीत बारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र बहादुर पटेल तबरेज खान ,संदीप मितल, सहदुल खान, अन्य लोग शामिल रहे।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी एस मार्को ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर के अधिनस्थ प्रा0 स्वास्थ्य केंद्र लहपटरा, कुन्नी, गुमगराकला, बेलखरिखा अंतर्गत बनाये गये सभी 125 बूथों में तक़रीबन 18 हजार के आसपास 0- 5 वर्ष तक के शिशुओं को दवा पिलाये जाने का लक्ष्य रखा है। पोलियो की दवा पिलाने मितानिन,आ0बा0 कार्यकर्ता ,सहायिका ए एन एम मैदानी स्वास्थ्य अमला की ड्युटी लगाई गई है। साथ ही बूथों की निगरानी के लिए सुपरवाइजर लगाये गये हैं । शासन द्वारा निर्धारित 4 एवं 5 मार्च को घर घर भ्रमण कर बच्चों को प्लस पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। इसके अलावा इटभट्ठो यात्री बस वाहनों में सफ़र कर रहे बच्चों को बनाये गये बूथों में दवा दी जायेगी।खंड चिकित्सा अधिकारी डाक्टर मार्को ने बच्चों के अभिभावको से पोलियो बूथों में पहुंच कर अपने बच्चों को दवा पिलाने तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ का सहयोग करने आग्रह किया है। जिससे लक्ष्य हासिल हो सके।

विधायक राजेश अग्रवाल ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरूआत

विधायक बालेश्वर साहू ने दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

जांजगीर/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह में रविवार को जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की। टीकाकरण अभियान में विधानसभा क्षेत्र भर में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने के बाद विधायक ने बीएमओ अजंभर सिसोदिया से अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर बीएमओ को उचित व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। इस दौरान विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि पूरे देश में पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को जरूर खुराक पिलाएं। इससे कई बीमारियों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि आज बूथों पर पल्स पोलियो की दवा दी जा रही है। सोमवार और मंगलवार को घर-घर जाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी। इस मौके पर विधायक के साथ उर्दू अकादमी सदस्य गुलाबुद्दीन ख़ान सहित कार्यकर्ता और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रत्याशी बनाए जाने पर कमलेश का आतिशबाजी कर स्वागत

जांजगीर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। पहली लिस्ट में छत्तीसगढ़ की 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। भाजपा ने जांजगीर चांपा लोकसभा सीट से भाजपा ने कमलेश जांगड़े को प्रत्याशी बनाया है, इधर जांजगीर लोकसभा से सांसद प्रत्याशी बनने पर जिला मुख्यालय सहित जांजगीर-चाम्पा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियो सहित कार्यकर्ताओ में हर्ष है। श्रीमती जागड़े को लोकसभा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद जांजगीर के वीआइपी कालोनी मे रहने वाले अखण्ड ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा के नेतृत्व मे समर्थको ने आतिश बाजी कर प्रसन्नता व्यक्त किया और भारी बहुमतो के साथ लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे समर्थक व ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

ये पद और दायित्व निभाया- सक्ती जिले की मसनियां कला गांव की रहने वाली कमलेश जांगड़े ने वर्ष 2002 में विधार्थी परिषद संयोजक का दायित्व निभाया। वर्ष 2005 के बीच जनवरी 2015 के बीच दो बार सरपंच रहीं। कलेक्टर द्वारा प्रथम सरपंच कार्यकाल में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले में सर्वश्रेष्ठ सरपंच का सम्मान मिला। 2015 से 2020 तक प्रदेश महिला मोर्चा में विशेष आमंत्रित सदस्य और सरगुजा जिला में जिला प्रभारी का दायित्व निभाया। वर्ष 2020 में जांजगीर-चांपा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रहीं। जनवरी 2023 से महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष हैं।

वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर का15 वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुपलेश, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एसडीएम फागेश सिन्हा, जिला स्वीप आइकॉन संजय सुरीला, स्थानीय जनप्रतिधि, महाविद्यालय के प्रचार्य,शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में लोकसभा निर्वाचन हेतु स्वीप सरगुजा द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रिचा एवं साथी द्वारा मतदाता जागरूकता समूह नृत्य, खुशबू एवं साथी द्वारा मतदान समूह नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को मतदान के महत्व को बताया। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर ने लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि आप सभी मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने इस अवसर पर मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलायी।

मीटर रीडर संघ ने सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। विद्युत विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर मीटर रीडर संघ ने रोजगार छीने जाने की आशंका व्यक्त करते हुए उन्हे विभाग में समायोजित करने की बात कही है। संतोषजनक आश्वासन नहीं मिलने पर रीडर संघ हड़ताल करने को मजबूर होने की बात कही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में पिछले कई वर्षों से मीटर रीडिंग का कार्य मीटर रीडर करते आ रहे हैं। प्रदेश में वितरण कम्पनी के द्वारा सभी उपभोक्ताओं के परिसर में जिसकी संख्या 56 लाख स्मार्ट मीटर लगने से उनका रोजगार समाप्त हो जायेगा। उनके बीच में कई ऐसे भी मीटर रीडर है जो कई वर्षों से वितरण कम्पनी मे मीटर रीडिंग का कार्य करते आ रहे हैं। जिनकी उम्र 40 के पार हो चुकी है तथा सभी का अपना घर परिवार है। रोजगार समाप्त होने की दशा में उनके परिवार के समक्ष आर्थिक तथा मानसिक समस्या की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। एक साथ इतने लोगों के बेरोजगार हो जाने से कई परिवार बर्बादी की राह पर आ जायेंगे। स्मार्ट बिलिंग एवं मीटर रीडरो जिनकी संख्या लगभग 6000 है मीटर रीडर बेरोजगार होने की कगार पर है। मुख्यमंत्री को भी इस बात से अवगत कराया जा चुका है किंतु अभी तक कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिला है।

स्कूली बच्चों को कराया गया न्योता भोज

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिनकरा के आश्रित मुहल्ला ढोढीपारा शासकीय प्राथमिक शाला में संकुल प्राचार्य सुमेधा तिवारी के मार्ग दर्शन मे डाक्टर संस्कृति तिवारी एवं स्वीकृति तिवारी के सौजन्य से बच्चों को न्योता भोज कराया गया। स्कूल में अध्यनरत बच्चे पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन पाकर बेहद खुश हुये। इस आयोजन में संकुल समन्वयक अस्मत अली, व्याख्याता अविनाश कुजुर ललिता प्रधान पाठक रमापति साहू सहायक शिक्षिका उर्मिला पांडेय तथा रसोईया गण उपस्थित रहे।

पाठ्यपुस्तकों में शारीरिक शिक्षा को शामिल करना जरूरी

मुंगेली/नवप्रदेश। शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की बैठक आगर हाई स्कूल मुंगेली में सम्पन्न हुई। यहाँ जिले भर से आये खेल शिक्षको ने रायपुर में होने वाले महासम्मेलन की सफलता के साथ ही छत्तीसगढ़ की सफलता के साथ ही छत्तीसगढ़ की शिक्षा में शारीरिक शिक्षा को पाठ्यपुस्तक में अनिवार्य रूप से शामिल करने पर चर्चा की। शारीरिक शिक्षा से संबंधित शिक्षको की बहुप्रतीक्षित मांग पदोन्नति एवं शारीरिक शिक्षा एवम खेल को विषय के रूप में पाठ्य पुस्तक पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु वर्षो से संघर्षरत हैं। इस संबंध में पूर्ववर्ती सरकार को भी अवगत कराया गया है। इस पर आज तक कोई भी निर्णय नही लिया गया हैं। भारत सरकार की नई शिक्षा नीति में शारीरिक शिक्षा और खेल को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। शिक्षको की मांग हैं कि केंद्र के अनुरूप राज्य भी पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा और खेल को शामिल करें । साथ ही शारीरिक शिक्षा से संबंधित शिक्षकों को व्याख्याता पद पर पदोन्नति प्रदान किया जाएं। महासम्मेलन में पुनः अधिकाधिक संख्या में सहभागिता का संकल्प दोहराया गया। बैठक में संघ अध्यक्ष रीना हितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव सुबोध कुमार सिंह, सदस्य संदीप कुर्रे, निर्मल जांगरे, गजेंद्र ध्रुव, अजय बघेल, किशन डहरिया, अजय राज, रामावतार कंवर, विवेक सिंह राठौर, संतोष बंजारा, महा सिंह पैकरा, देवेंद्र सिन्हा, जावेद कोशले, अर्चना बंजारे, यशपाल दिवाकर, महेश्वरी ध्रुव, राजनंदनी निराला एवं नंदिनी धृतलहरे आदि मौजूद रहे।

अतिक्रमण के खिलाफ नपा ने की कार्रवाई



मुंगेली/नवप्रदेश। शहरी क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले 13 दुकानदारों पर नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही कर बांस, बल्ली, बाजवट, मेन बोर्ड जब्त की गई। सड़क से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही एवं जुर्माने की कार्यवाही आगे भी जारी रहने की बात कही गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह ने बताया कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर राहुल देव से प्राप्त निर्देशानुसार एवं नगर पालिका परिषद के सामान्य सभा द्वारा पारित प्रस्ताव अनुरूप कार्यवाही की गई। नगर पालिका परिषद मुंगेली सीमा क्षेत्रान्तर्गत पड़ाव चैंक में नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमणधारियों पर कार्यवाही करते हुये सामाग्री जब्ती की गई। उपरोक्त कार्य में कुल 13 दुकानों के अतिक्रमण सामाग्री बांस-बल्ली, बाजवट व मेन बोर्ड जब्ती की गई तथा 800 रूपये जुर्माना वसूली की गई एवं आने वाले समय में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने से आये दिन यातायात बाधित होते रहता है जिससे आने-जाने वाले लोग अनावश्यक परेशान रहते है।

शिक्षा | सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने पर्यटन स्थलों का लिया आनंद

पेंडाराकापा के विद्यार्थियों ने किया रतनपुर, खूंटाघाट का भ्रमण

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के 181 भैया-बहिन और 22 विद्यालय स्टॉफ द्वारा शालेय पर्यटन का कार्यक्रम हुआ। इसमें कक्षा षष्ठ, सप्तम्, अष्टम्, नवम् व एकादश के भैया-बहिन शामिल हुए। प्रातः 8 बजे 4 बसों से पेंडाराकापा विद्यालय से प्रस्थान किया गया। बच्चे बहुत ही आनंद के साथ देश भक्ति गीत गाते हुए यात्रा का आनंद ले रहे थे।

सर्वप्रथम लखनी देवी मंदिर रतनपुर में भैया/बहिनों को पहाड़ के ऊपर स्थित मंदिर का दर्शन कराया गया, जिसमें 260 सीढ़ी थी। दर्शन पश्चात् भैया/बहिनों को डोनट एवं चॉकलेट वितरित किया गया। इसके पश्चात् महामाया मंदिर में दर्शन हेतु भैया/बहिनों को ले जाया गया। दर्शन पश्चात् रतनपुर से 8 किलोमीटर दूर खूँटाघाट बॉध ले जाया गया। यहा गार्डन में भैया/बहिनों एवं आचार्य परिवार द्वारा भोजन ग्रहण किया गया। इसके पश्चात् भैरोबाबा मंदिर दर्शन कराने के बाद लगभग 3.30 बजे कानन पेंडारी लाया गया। जहाँ 5 बजे तक भैया/बहिनों ने चिड़ियाघर, झूला, फिसलपट्टी, मछली घर आदि का आनंद लिया। 5.15 बजे वहाँ से वापस होकर 6.30 बजे तक विद्यालय वापस आ गये। शालेय पर्यटन कार्यक्रम शैक्षणिक भ्रमण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अंतर्गत भैया/बहिनों को पहाड़, बॉध, धार्मिक स्थान, चिड़ियाघर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रत्यक्ष रूप से दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाचार्य एवं आचार्य परिवार सभी सम्मिलित हुए। विद्यालय समिति ने भी इस कार्यक्रम के प्रति हर्ष व्यक्त किया और प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजन कराने हेतु अच्छी तैयारी के साथ कार्यक्रम कराने का सुझाव दिया।

मतदान जागरूकता के लिए चित्रकला स्पर्धा

जांजगीर/नवप्रदेश। नेहरू युवा केंद्र चांपा के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी शुभजीत के मार्गदर्शन में आयोजन विभिन्न प्रतियोगिताओं द्वारा किया जा रहा है। खेलकूद के माध्यम से निबंध, भाषण प्रतियोगिता ,स्वच्छता, वाद विवाद संवाद ,महिलाओं एवं युवाओं को सशक्तिकरण पर विशेष कार्य किया जाता है। चित्रकला के माध्यम से स्वामी आत्मानंद स्कूल नंबर 1 जांजगीर में चित्रकला का आयोजन कराया गया, जिसमें बच्चों ने अधिक संख्या में भाग लिया। जिसमें यूनिसेफ से विकास खंड समन्वयक अधिकारी नरेन्द्र कश्यप तथा स्कूल शिक्षक परमेश्वरी सोनी व अंकित राठौर के द्वारा बच्चो को सिंल्ड देकर पुरुस्कृत किया। जिसमे प्रथम स्थान जीतू श्रीवास, द्वितीय परमेश्वरी एवं तीसरा लवली लसार को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के बच्चो एवं नेहरू युवा केंद्र के विकासखंड स्वयंसेवक मुमताज बेगम एवं रत्ना सिंह अन्य वालंटियर उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

बस्तर में लगा कांग्रेस को झटका महिला जिला अध्यक्ष ने थामा भाजपा का हाथ

जगदलपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने जगदलपुर में कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है. महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष सरला तिवारी ने रविवार को भाजपा प्रवेश कर लिया. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने जिला कार्यालय में सरला तिवारी को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई. कांग्रेस में महिला विंग की शहर अध्यक्ष के साथ ही प्रदेश महिला कांग्रेस में महासचिव के पद पर सरला तिवारी कार्यरत थीं. इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर उन्होंने प्रवेश किया है. उन्होंने बताया कि मोदी सरकार में महिलाओं के हित में कई काम हुए हैं, जिनसे प्रभावित हुईं. कांग्रेस में रहते उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हो रही थी.

पुलिस को चकमा देकर कैदी फरार

महासमुंद/नवप्रदेश। कहते हैं न कानून के रखवालों से बच पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है. लेकिन इस मामले में इसका उल्टा है. यहां एक आरोपी पुलिस वालों को गच्चा देकर फरार हो गया है. आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है.बता दें कि जिला अस्पताल से इलाज के दौरान विचाराधीन बंदी आरीफ खान निवासी रायपुर (राजस्थान) 29 फरवरी 2024 को एनडीपीएस एक्ट के तहत सरायपाली से जेल लाया गया था. जिसकी तबियत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया था. जहां से बंदी बीती रात जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया है. घटना के बाद जेलर ने कोतवाली पुलिस में मामला दर्ज कराया है.

अवैध महुआ कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले दो गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। अलग अलग स्थानों पर अवैध महुआ कच्ची शराब बनाकर बेचने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 4 0 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। जिसकी कीमत लगभग 8000 रूपये बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने ग्राम भालुधुवा में आरोपी पल्टू राम मंडावी को घर से अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के पास से 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार पुलिस ने ग्राम भालुचुवा में आरोपी रूपेश कुमार नेताम को कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

कन्या शाला स्थित आत्मानंद स्कूल में न्योता भोजन का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। न्यौता भोजन तिहार का आयोजन सेजेस कन्या शाला में पार्षद विनय देवांगन के मुख्य आतिथ्य, जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर. कोसरिया की अध्यक्षता आलोक श्रीवास मंजीत सिंह, कन्हैया पटेल सहा. जिला क्रीड़ा अधिकारी, सुजीत सिंह चौहान बीआरसी सहित ,महावीर जैन , फारुख मेमन की उपस्थिति में किया गया । इस दौरान न्योता भोजन मे अतिथियों ने अपने हाथो से छात्राओं को भोजन परोसा। मध्याह्न भोजन में न्यौता भोजन के लिए महावीर जैन शाला शिक्षिका शीला सिंह , व्याख्याता कुणाल टंडन का सहयोग मिला।

नाबालिग को देह व्यापार में धकेला, महिला सहित 4 गिरफ्तार

परिजनों ने पुलिस में कराई थी रिपोर्ट दर्ज, उनकी नाबालिग कहीं गुम गई है

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग के गुम जाने के केस में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नाबालिग को देह व्यापार में धकेलने की खबर पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर उससे देह व्यापार कराया जा रहा था। राजनांदगांव एसपी कार्यालय स्थित जन संवाद कक्ष में प्रेस वार्ता कर पूरे केस का खुलासा किया गया।

राजनांदगांव जिले के छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग के परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग कहीं गुम गई है। पूरे मामले में केस दर्ज कर घटना की जांच में पुलिस जुट गई। इस बीच मुखबिर से रायपुर में एक महिला के पास नाबालिग के होने की सूचना मिली। नाबालिग को देह व्यापार में धकेलाः छुरिया थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने केस में बड़ा खुलासा किया है। राजनांदगांव एएसपी राहुल देव शर्मा ने खुलासा किया है कि रायपुर जाने के दौरान एक महिला से बस में नाबालिग की मुलाकात हुई, जहां महिला ने उसे अपनी बातों में बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई। महिला नाबालिग को रायपुर ले गई, जहां आरोपी उससे देह व्यापार करा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस फौरन हरकत में आई और रायपुर पहुंची। पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आरोपी महिला और एक आरोपी रायपुर के हैं, बाकि दो आरोपी बलौदा बाजार और बेमेतरा जिले के हैं। नाबालिग को उनके पास से बरामद किया गया है।

महिला समेत चार आरोपी गिरफ्तारः छुरिया थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से नाबालिग को बरामद किया है। इसके साथ ही आरोपी महिला समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।नाबालिग से देह व्यापार के केस में गिरफ्तार चारों आरोपियों में आरोपी और ग्राहक शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से दो नग मोबाइल और बाइक पुलिस ने बरामद किया है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

महतारी वंदन योजना की पहली किश्त 11.72 करोड़ का होगा वितरण

■ जिले मे दावा आपत्ति और सत्यापन के बाद 231 आवेदन निरस्त

खैरागढ़/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के तहत खैरागढ़ जिले मे महिलाओं द्वारा भरे गए आवेदनो की जांच , सत्यापन के बाद कुल 157 आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए है । खैरागढ़ जिले से महतारी वंदन योजना के तहत कुल 117388 आवेदन जमा किए गए थे । दावा आपत्ति और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब योजना के लिए पात्र महिलाओ की संख्या 117231 रह गई है । 157 रदद हूए आवेदनो मे कुंवारी महिला द्वारा आवेदन जमा करने, आवेदन के दौरान आधार कार्ड नही होने, बैंक खाता सक्रिय नही होने, खाते से मोबाइल नंबर के लिंक नही होने जैसे तथ्य सामने आए है ।

महतारी वंदन योजना मे दावा आपत्ति और सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र मिले जिले की 117231 महिलाओ के खाते मे आठ मार्च को कुल 11 करोड़ 72 लाख 31 हजार रू की राशि आएगी । इसके लिए आवेदनो की लंबी प्रक्रिया , योजना को मूर्त रूप देने के बाद पात्र महिलाओ का चयन किया गया है । पात्र महिलाओ के बैंक खातों मे आधार लिंक होने के बाद योजना की राशि सीधे खाते मे आएगी । 8 मार्च को महिला दिवस पर प्रदेश सरकार राशि खातो मे ट्रांसफर करेगी । महतारी वंदन योजना के आवेदन जमा कराए जाने के बाद इसके सत्यापन सहित दावाआपत्ति की प्रक्रिया 29 फरवरी तक लगातार जारी रही । इस दौरान अपात्र की श्रेणी सहित दस्तावेजो की कमी वाले एक हजार से अधिक आवेदनो पर आवेदन कर्ता महिलाओ ने दस्तावेज जमा कर दावा आपत्ति को पूरा किया था । इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों, नगरीय निकायो, जनपद, ग्रामपंचायतो सहित अन्य जगहो पर शिविरो का

आयोजन किया गया था । अब 5 मार्च को अंतिम सूची का प्रकाशन होगा । 8 मार्च को राशि बैंक खातो मे जमा कराए जाने की तैयारी है ।

महतारी वंदन योजना के तहत जिले भर मे मिले आवेदनो को आनलाइन पंजीयन मे अधिकारियो कर्मचारियो को भारी मुसीबतो का सामना करना पड़ा था ।

नियत तिथि तक आवेदन आनलाइन पंजीकृत नही हो पाए थे । इसके लिए शासन स्तर पर दो दिन अतिरिक्त समय दिए जाने पर नगरीय निकायो सहित जनपद कार्यालयों मे अधिकारियो कर्मचारियो ने 20 घंटे से अधिक समय तक आनलाइन एंट्री करने कर्मचारियो को तैनात किया । जिले मे इस दौरान तीन हजार से अधिक आवेदन आनलाइन पंजीयन के लिए बाकी थे । रात भर आनलाइन प्रक्रिया के बाद आखिरकार आनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई थी । अधिकारियो का दावा है कि अपात्र पाए गए आवेदनो मे यदि किसी त्रूटि के चलते गडबड़ी हूई तो योजना के तहत 8 मार्च के बाद फिर से शासन स्तर पर पंजीयन प्रक्रिया शुरू होते ही आवेदन दिए जा सकेगें ।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

खैरागढ़ /नवप्रदेश। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए पिपरीया स्थित एफसीआई गोदाम में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होने संपूर्ण स्थल के सुरक्षा के मद्देनजर बारीकी से निरीक्षण करते हुए लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया आरंभ होने के दौरान सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान

एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ललित वाल्टर तिर्की, जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, नायब तहसीलदार मोहन लाल झारिया सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर वर्मा ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मतपेटी, ईव्हीएम वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा मीडियाकर्मियों के लिए उचित स्थल का भी निर्धारण किया गया।

लोस चुनाव की तैयारियों पर नोडल अधिकारियों की बैठक, सौंपे गए कार्यों को करें जल्द पूरा

खैरागढ़/नवप्रदेश। । लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टरचंद्रकांत वर्मा ने नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी निर्वाचन में समय कम है, सभी नोडल अधिकारियों को जो भी दायित्व मिले उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। इस दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, रेणुका रात्रे उपस्थित रहे। उन्होंने सामान्य शाखा, कर्मचारियों की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, डाक मत पत्र, प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन प्लान, प्रवेश-पत्र निर्वाचन प्रपत्र व सामग्री, सामग्री क्रय और निविदा, चिकित्सा दल व किट की व्यवस्था, शिकायत शाखा, निर्वाचन व्यय लेखा, मानदेय, कानून व सुरक्षा व्यवस्था, मतपत्र मुद्रण और प्रपत्र-सामग्री रिटर्निंग ऑफिसरों को प्रदाय, कंप्यूटरीकरण और वेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण पेड न्यूज के संबंध में तैयारियों पर नोडल अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर वर्मा ने कहां कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को बैठक में ईवीएम, रूट चार्ट जैसी सभी प्रकार की निर्वाचन संबंधी जानकारी देने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। चुनाव कार्य हेतु टेक्निकल टीम तथा दक्ष कम्प्युटर आपरेटर की टीम तैयार रखने नोडल अधिकारियो से विधानसभा चुनाव में लिए गए अनुभवों के संबंध में चर्चा कर अवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिए। वर्मा ने मतदान दल के संबंध में जानकारी लेते सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करने कहा।

महिला कांग्रेस ने दंतेवाड़ा-किरंदुल रोड निर्माण को लेकर किया चक्काजाम

■ दस दिन में अगर काम नहीं हुआ शुरू तो करेंगे क्रमिक भूख हड़तालः तुलिका कर्मा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। किरंदुल से दंतेवाड़ा तक बन रही सड़क निर्माण में हो रही लेटलतीफी व लापरवाही के चलते विरोध के स्वर अब मुखर होने लगे हैं। जिला महिला कांग्रेस द्वारा आज सातधार चौक पर चक्काजाम कर निर्माणधीन सड़क का विरोध किया।

एक घंटे के इस चक्काजाम में दोनों और गाड़ियों की लंबी कतार लगी रही। रोड़ का काम शुरू करो, शासन-प्रशासन होश में आओ जैसे नारों के साथ महिला कांग्रेस ने चक्काजाम किया साथ ही कलेक्टर के नाम तहसीलदार को

ज्ञापन भी सौंपा। जिला पंचायत अध्यक्ष व महिला कांग्रेस की ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा कि किरंदुल से दंतेवाड़ा तक बन रही सड़क पर जमकर भ्र्ष्टाचार हो रहा है। ठेकेदार पर शासन-प्रशासन का कोई दबाव नहीं है। सरकार को बने लगभग तीन महीने से ज्यादा का समय हो गया पर अभी तक निर्माण कार्य में तेजी नहीं आई। तुलिका ने कहा कि रोजाना सैकड़ो की संख्या में एनएमडीसी से लौह अयस्क लेकर ट्रकें निकलती है साथ ही राजधानी से सभी बसें किरन्दुल से होकर ही दंतेवाड़ा आती है। रोड़ खराब होने के कारण हर दिन जाम की स्थिति बनती है। बारिश के पहले अगर सड़क निर्माण पूरा नहीं किया गया तो किरन्दुल-बचेली टापू का रूप लेगा, जिससे आम जन-जीवन पूरी तरह प्रभावित होगा। तुलिका ने कहा कि हमनें ज्ञापन में कहा है कि अगर 10 दिनों के भीतर कार्य शुरू नही किया गया तो 11वें दिन अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सुलोचना कर्मा ने कहा हमारे विधायक चाहते ही नहीं कि रोड़ का निर्माण जल्द शुरू हो या उनकी कोई सुनता नहीं है। हर दिन कोई न कोई हादसा इस सड़क पर हो रहा है पर समस्या सुनने वाला नहीं है। किरन्दुल से दंतेवाड़ा आने में अभी लगभग 3 घंटे का समय लगता है अगर जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं किया तो इस सड़क पर चलना दूभर हो जाएगा। महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि इस सड़क से सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को हो रही है। आपातकाल की स्थिति में समय रहते जिला अस्पताल नहीं पहुँच पाते जिससे मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।

16 महीने से फरार चल रहा कांग्रेस पार्षद को पुलिस ने किया गिरप्तार

बालोद/नवप्रदेश। वक्त बदल गए, हालात बदल गए, सरकार बदलते ही 16 माह पुराने मामले में दल्लीराजहरा नगर पालिका कांग्रेसी नेता व पार्षद को पुलिस ने पकड़कर हवालात में डाल दिया. आरोपी पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था. जानकारी के अनुसार, पीड़ित हेमंत तारम 14 अक्टूबर 2022 को शाम 19.30 बजे गायत्री मंदिर के पास से पैदल जा रहा था. इस दौरान आरोपी शब्बीर कुरैशी पिता अब्दुल मतीन (23 वर्ष) और उसका साथी स्वप्निल तिवारी पिता प्रमोद तिवारी (29 वर्ष) ने उसे अकेला देखकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए उसकी पीठ पर हमलाकर चोट पहुंचाया था. मामले में देव निषाद की लिखित रिपोर्ट पर थाना राजहरा में अपराध क्रमांक 352/2022 धारा 294, 506, 307, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबध्द कर आरोपी शब्बीर कुरैशी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया था. वहीं 2 मार्च को प्रकरण के अन्य आरोपी स्वप्निल तिवारी गिरफ्तार कर जेल भेजा

दीपक बैज नहीं हैं चुनौती : महेश कश्यप

बस्तर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बीजेपी के उम्मीदवारों का ऐलान किया. कुल 195 प्रत्याशियों की घोषणा बीजेपी की ओर से की गई है. छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर बीजेपी ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है. बस्तर लोकसभा सीट के मैदान में बीजेपी ने महेश कश्यप को उतारा है। टिकट मिलने के बाद दंतेश्वरी मां का लिया आशीर्वादः बस्तर लोकसभा सीट से बीजेपी का टिकट मिलने के बाद महेश कश्यप ने दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की है. चुनाव में जीत के लिए महेश कश्यप ने दंतेश्वरी मां

का आशीर्वाद लिया। टिकट मिलते ही बस्तर से बीजेपी प्रत्याशी महेश कश्यप अटैकिंग मोड में आ गए हैं। उन्होंने पीसीसी चीफ दीपक बैज पर निशाना साधते हुए कहा कि बस्तर में दीपक बैज कोई चुनौती नहीं है. महेश कश्यप ने बस्तर में धर्मांतरण की बात उठाई है. उन्होंने कहा कि बस्तर में धर्मांतरण को राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है। कौन हैं महेश कश्यपः बस्तर लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार महेश कश्यप अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं. वह लंबे समय से धर्मांतरण के खिलाफ बस्तर में भाजपा का चेहरा बने हुए थे. उन्होंने बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद, सर्व आदिवासी समाज जैसे संगठनों में भी काम किया है. 2016 में महेश कश्यप अपने सैकड़ों समर्थकों संग भाजपा में शामिल हुए थे.

रिटायरमेंट के दिन पीपीओ देने वाला पहला जिला बस्तर, कलेक्टर ने कर्मचारियों का किया सम्मान

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर में सेवानिवृत्ति हुए कर्मचारियों की पीपीओ जारी करने में बस्तर जिला आदर्श बन गया है। बस्तर जिले में सेवानिवृत हो रहे कर्मचारी के पेंशन प्रकरण का निराकरण उनके सेवा समाप्ति के साथ पूरा हो रहा है। बस्तर इस दिशा में सबसे तेज काम करने वाला जिला बन चुका है। बीते 8 महीनों से लगातार रिटायर होने वाले कर्मचारियों को रिटायरमेंट के दिन ही उनका पीपीओ दे दिया जाता है। जिससे ठीक अगले महीने से उनका पेंशन प्रकरण तैयार होता है और उन्हें अगले महीने से ही पेंशन मिलनी शुरू हो जाती है। दफ्तरों के चक्कर काटने से मिला निजातः आमतौर पर रिटायरमेंट के बाद अपने ही दफ्तरों में पेंशन प्रकरण कंप्लीट करवाने के लिए कर्मचारियों को चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम ने इस मामले में पहल करते हुए सभी विभागों को रिटायर होने से पहले कर्मचारियों के सभी प्रकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

जिससे रिटायरमेंट के बाद उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना करना ना पड़े। जिले के ट्रेजरी ऑफिसर प्रत्येक रिटायरमेंट पर कर्मचारियों को पीपीओ देकर सम्मानित करते हैं।

रिटायरमेंट के काफी दिक्कतों का सामना उनको करना पड़ता है। इस कारण तत्काल पीपीओ देने का एक फैसला बस्तर जिले ने लिया और यह काम सफल हो रहा है। अभी तक 300 से अधिक लोगों को तत्काल पीपीओ दिया गया। इसके अलावा पेंशनर संघ से भी लगातार मिलकर उनकी समस्याओं और सुझावों को ध्यान में रखते हुए काम

मामूली सी बात पर सीनियर ने जूनियर की लाठी-डंडे से की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

नारायणपुर/नवप्रदेश।छेरीबेड़ा एकलव्य आवासीय विद्यालय में मामूली बात पर शनिवार शाम 9वीं के एक छात्र और 12वीं के छात्र के बीच विवाद हो गया. बात इतनी बढ़ गई कि सीनियर छात्र ने जूनियर छात्र की लाठी-डंडे से बुरी तरह पिटाई कर दी. घटना के वक्त छात्रावास से सभी जिम्मेदार नदारत थे. पीड़ित छात्र के परिजनों ने घटना की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है. जानकारी के अनुसार, जख्मी होने के बाद पीड़ित छात्र विशाल पोटाई ने पिता बैजनाथ पोटाई को दूसरे का फोन मांगकर जानकारी दी. लेकिन परिजनों ने पहले पहल मामूली विवाद समझकर अनदेखा कर दिया, छात्र ने अपने सूजे हुए चेहरे व हाथ-पैर पर लगे चोट का फोटो खींचकर परिजनों को भेजा बच्चे की हालत देखते हुए परिजन आनन-फानन में छेरीबेड़ा छात्रावास के लिए निकले।

जिला अस्पताल में कलेक्टर ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

बीजापुर/नवप्रदेश।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिला अस्पताल पहुंचकर नन्हे बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान कलेक्टर ने अपनी भांजी को स्वंय जिला अस्पताल ले जाकर पोलियों की दवा पिलाई और जिले के पालकों को अपील करते हुए कहा कि यह दो बूंद जिंदगी का है। पोलियो की दवा शतप्रतिशत बच्चों को पिलाना आवश्यक है। भारत 10 वर्ष पहले ही पोलियो मुक्त देश घोषित हो चुका है किन्तु पड़ोसी

देशों में पोलियो का संक्रमण होने के कारण हमारे भावी पीढ़ी को पोलियो के संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिवर्ष पोलियो की दवा पिलाई जाती है। जब देश पूर्व में पोलियो मुक्त नही हुआ था तब पोलियो से ग्रस्त बच्चों को देखने पर बहुत ही कष्ट होता था किन्तु पोलियो मुक्त देश होने के बाद आज सभी बच्चे पोलियो के संक्रमण से मुक्त है। कोई भी पोलियो से ग्रस्त नहीं है। इसलिए सभी पालको से अपील करते हुए आज 3 मार्च को सघन पल्स पोलियो अभियान में शामिल होकर बच्चों को लाभान्वित करने समझाईस भी दी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में लक्षित 0 से 5 वर्ष के 37015 बच्चों को आज स्वास्थ्य केन्द्रों एवं पोलियो बूथ के माध्यम से पोलियो की खुराक दी जा रही है जिसके लिए 385 पोलियो बूथ बनाया गया है। सघन पल्स पोलियो अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सहयोगी विभागो के अधिकारी-कर्मचारियों को मेहनत और लगन से इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं दी।

शांकभरी जयंती मे शामिल हुए जिपं सभापति

खैरागढ/नवप्रदेश। खैरागढ ब्लाक के ग्राम गातापार में मां शाकंभरी जयंती महोत्सव जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू के मुख्य आतिथ्य,भूवन पटेल की अध्यक्षता सरपंच कल्पना वर्मा, दुर्जन साहू, शेखू वर्मा, संतराम पटेल, शिवानंद यादव, चुम्मनलाल वर्मा, सेवकलाल यादव, संतोष पटेल, अशोक पटेल, मनहरण पटेल के विशिष्ट आतिथ्य मे मनाया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि कि देश को बदलने मे महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री फुले दंपति का बड़ा योगदान है फुले दम्पत्ति के योगदान और उनके संघर्ष और कामों से प्रेरणा लेना चाहिए।

शिक्षा हेतु अपना घर छोडने से लेकर संसार का हर दुख झेला, यहां तक कि कीचड़ फेंकने और गालियों को नजरअंदाज कर समाज को सबकुछ देते रहने का अथक संघर्ष किया। जिस मात्रा में मनोरंजन, खेलकूद और धर्म-कर्म के आयोजन होते हैं। अब उसी तरह से शिक्षा के लिए आयोजन होना चाहिए ।

आईआईएफएल का 'लेडीज़ फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला

लोन लेने वाली महिलाओं को उपहार भी महिला दिवस पर खास ऑफर

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस ने केवल महिला ग्राहकों के लिए एक अद्वितीय 'लेडीज़ फर्स्ट' गोल्ड लोन मेला अभियान पेश किया है। अपनी तरह के इस अनोखे अभियान में 5 मार्च से 12 मार्च, 2024 के बीच भारत में किसी भी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा से गोल्ड लोन लेने वाली महिला ग्राहकों को जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। इसके अलावा आईआईएफएल फाईनेंस विजेताओं को बंपर पुरस्कार भी प्रदान करेगा, जिसमें सोने के सिक्के शामिल हैं।

आईआईएफएल फाईनेंस लोन एस्सेट के मामले में भारत की दूसरी सबसे बड़ी गोल्ड लोन कंपनी है। आईआईएफएल फाईनेंस से लोन लेने वाले 85 लाख ग्राहकों में 25 प्रतिशत से ज्यादा ग्राहक महिलाएं हैं, और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि बढ़ती अर्थव्यवस्था में और ज्यादा महिलाएं उद्यमिता का मार्ग अपना रही हैं। गोल्ड भारत में हर महिला का अभिन्न हिस्सा होता है, और यह गोल्ड लोन फाईनेंस की मदद से उद्यमिता का सपना पूरा करने में काफी कारगर साबित हुआ है।

यह अभियान 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आस-पास की अवधि में चलाया जा रहा है

आईआईएफएल फाईनेंस में हेड, गोल्ड लोन बिज़नेस, श्री सौरभ कुमार ने कहा, ''महिला उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए आईआईएफएल फाईनेंस में हमने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत का पहला गोल्ड लोन मेला लॉन्च किया है, जो महिला ग्राहकों के लिए समर्पित है। हम भारत में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वो अपनी नजदीकी आईआईएफएल फाईनेंस शाखा में आएं, और कम ब्याज दर एवं निश्चित उपहार के साथ गोल्ड लोन प्राप्त करें।''

आईआईएफएल फाईनेंस की भारत में 4,600 शाखाएं हैं

यह कंपनी के ब्रांड एवं व्यवसायिक सिद्धांत, 'सीधी बात' के साथ पारदर्शी व्यवहार के लिए मशहूर है। आईआईएफएल फाईनेंस पूरे साल गोल्ड लोन मेला लगाता है, और अपने मौजूदा एवं नए ग्राहकों तक पहुँचकर उन्हें आकर्षक ब्याज दरों पर गोल्ड लोन प्रदान करता है। साथ ही, यह आभारस्वरूप उन्हें पुरस्कार भी देता है।आईआईएफएल फाईनेंस भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी संस्थानों में से एक है। इसके पास 77,000 करोड़ रु. से ज्यादा के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में बैंकिंग से वंचित और बैंकिंग की कमी वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है। 31 दिसंबर, 2023 के अंत तक आईआईएफएल फाईनेंस के पास 24,692 करोड़ रु. की गोल्ड लोन बुक थी, जिससे 35 प्रतिशत की मजबूत साल-दर-साल वृद्धि प्रदर्शित होती है। भारत में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रांतों के 2,721 शहरों/कस्बों में मौजूद आईआईएफएल की शाखाओं से वेतनभोगियों, स्व-रोजगारियों, और एमएसएमई ग्राहक वर्गों को गोल्ड लोन दिए जाते हैं। -

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या पहुंची 9 करोड़ के पार

कुल खाते 16.9 करोड़ के पार

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर यूनिक पंजीकृत निवेशकों की संख्या 29 फरवरी, 2024 को 9 करोड़ (90 मिलियन) के पार पहुंच गई। एक्सचेंज के साथ पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ (169 मिलियन) है (इसमें आज तक किए गए सभी ग्राहक पंजीकरण शामिल हैं; ग्राहक एक से अधिक ट्रेडिंग सदस्यों के साथ पंजीकरण कर सकते हैं)।

हाल के कुछ वर्षों में एनएसई में निवेशक पंजीकरण में तेजी के बाद यह आंकड़ा पार हुआ है। 6 से 7 करोड़ (60 से 70 मिलियन) निवेशकों तक पहुंचने में लगभग नौ महीने लगे, अगले करोड़ (10 मिलियन) निवेशक आठ महीनों में आए, और 8 से 9 करोड़ (80 से 90 मिलियन) तक पहुंचने में केवल पांच महीने लगे। इस अवधि के दौरान, दैनिक नए पंजीकरण अक्टूबर 2023 औसत 47,000 से लेकर इस वर्ष जनवरी में 78,000 के बीच रहे हैं। डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि, बढ़ती निवेशक जागरूकता, वित्तीय समावेशन और मजबूत बाजार प्रदर्शन के कारण पिछले पांच वर्षों में निवेशक आधार में 3 गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024 की शुरुआत से 29 फरवरी, 2024 तक, निफ्टी 50 ने 27 प्रतिशत रिटर्न के साथ वापसी की, जबकि निफ्टी 500 ने इसी अवधि में 38 प्रतिशत रिटर्न दिया। फरवरी 2024 को समाप्त होने वाली पिछली पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 और निफ्टी 500 के लिए वार्षिक रिटर्न क्रमशः 15.3 फीसदी और 17.5 फीसदी रहा।

व्हाटसएप की सख्ती, जनवरी में भारत में 67 लाख से अधिक खातों पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने नए आईटी नियम 2021 के अनुपालन में जनवरी महीने में भारत में 67 लाख से अधिक खराब खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। 1 से 31 जनवरी के बीच कंपनी ने 6,728,000 अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। व्हाट्सएप ने अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में कहा कि उपयोगकर्ताओं की किसी भी रिपोर्ट से पहले इनमें से लगभग 1,358,000 खातों पर सक्रिय रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया था। सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म, जिसके देश में 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं, को जनवरी में देश में रिकॉर्ड 14,828 शिकायत रिपोर्ट प्राप्त हुईं और रिकॉर्ड कार्रवाई 10 थी।

एकाउंट्स एक्शनड उन रिपोर्टों को दर्शाता है, जहां व्हाट्सएप ने रिपोर्ट के आधार पर उपचारात्मक कार्रवाई की और कार्रवाई करने का मतलब या तो किसी खाते पर प्रतिबंध लगाना है या परिणामस्वरूप पहले से प्रतिबंधित खाते को बहाल करना है। कंपनी के अनुसार, इस उपयोगकर्ता-सुरक्षा रिपोर्ट में प्राप्त उपयोगकर्ता शिकायतों और व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ हमारे प्लेटफॉर्म पर दुरुपयोग से निपटने के लिए व्हाट्सएप की अपनी निवारक कार्रवाइयों का विवरण शामिल है।लाखों भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने शिकायत अपीलीय समिति (जीएसी) शुरू की है।

विनियमित संस्थाओं के लिए अनुपालन पर जोर दे रहा है आरबीआई : रिपोर्ट

नई दिल्ली। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने एक रिपोर्ट में कहा है कि विनियमित संस्थाओं पर वित्त वर्ष 2019-20 से 2022-23 के दौरान आरबीआई के जुर्माने में चार गुना वृद्धि दर्शाता है कि नियमों के अनुपालन पर जोर दिया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में आरबीआई द्वारा गैर-बैंकिंग संस्थाओं पर निगरानी बढ़ाने के बाद आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करने में विफलता, जोखिम प्रबंधन प्रथाओं में कमियों और ग्राहक हितों की सुरक्षा से समझौते के मामलों में ये दंड लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के शब्दों में वित्तीय स्थिरता एक

'सार्वजनिक भलाई' है जिसे केंद्रीय बैंक ने बड़े प्रयासों से हासिल किया है और वह इसे संरक्षित और मजबूत करने का इरादा रखता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चैनल चेक से संकेत मिलता है कि आरबीआई ने निरीक्षण की आवृत्ति और दायरा बढ़ा दिया है। निरंतर पर्यवेक्षण के लिए प्रमुख एनबीएफसी में ऑन-साइट निरीक्षकों को तैनात किया गया है और जोखिम-आधारित पर्यवेक्षी ढांचा, एसपीएआरसी विकसित किया है, जो आरबीआई को पूर्वानुमानित कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, हम यह भी मानते हैं कि केंद्रीय बैंक द्वारा फिनटेक एसआरओ स्थापित करने के प्रस्ताव के साथ फिनटेक के लिए हल्के स्पर्श नियमों का युग समाप्त हो गया है। इसके अतिरिक्त, आरबीआई मौजूदा जुर्माना संरचनाओं में सुधार पर विचार कर सकता है, जिसमें जुर्माना राशि में वृद्धि, शीर्ष प्रबंधन के लिए पारिश्रमिक वापस लेना या अतिरिक्त पूंजी शुल्क लगाना शामिल हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई की बढ़ी हुई और सक्रिय निगरानी क्षेत्र के दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, लेकिन यह विनियामक सेंसरशिप के पहले कुछ उदाहरणों के मामले में निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने की भी गारंटी देता है, जो केंद्रीय बैंक द्वारा अधिक कठोर कार्रवाइयों का अग्रदूत हो सकता है।

भारी आलोचना के बाद गूगल ने हटाए गए भारतीय एप को किया प्ले स्टोर पर बहाल

नई दिल्ली। गूगल ने भारी आलोचना के बाद प्ले स्टोर से हटाए गए सभी एप को वापस बहाल कर दिया है। सूत्रों ने पुष्टि की कि टेक दिग्गज ने कुछ ऐप्स जैसे शादी.कॉम, इंफो एज की नौकरी डॉट कॉम, 99एकड़ और नौकरी गल्फ और अन्य को बहाल कर दिया है।

इन्फो एज के सह-संस्थापक संजीव बिकचंदानी ने भी एक्स पर एक पोस्ट में इस बात की पुष्टि की। उन्होंने पोस्ट किया, कई इन्फो एज ऐप्स प्ले स्टोर पर वापस आ गए हैं। हितेश (हितेश ओबेरॉय) और पूरी इन्फो एज टीम के नेतृत्व में बहुत अच्छा प्रयास किया गया। लोग इसके लिए पूरी रात जागते रहे। इससे पहले दिन में इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भारतीय कंपनियों के ऐप्स को हटाने की आलोचना की थी और गूगल से उन हटाए गए ऐप्स को अपने प्ले स्टोर पर बहाल करने के लिए कहा था। गूगल ने मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम सहित प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के एक दर्जन से अधिक ऐप्स को प्ले स्टोर से हटा दिया था। यह कदम गूगल द्वारा उन 10 डेवलपर्स के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना की घोषणा के बाद आया है, जिन्होंने अन्य ऐप स्टोर की भुगतान नीति का पालन करने से इनकार कर दिया था। एएलटीटी, स्टेज और अहा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, ट्रूली मैडली और क्वैक क्वैक डेटिंग ऐप्स, कुकू एफएम ऑडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म और एफआरएनडी सोशल नेटवर्किंग ऐप जैसी कंपनियों के एप्लिकेशन को भी गूगल द्वारा हटा दिया गया था।

ऑस्ट्रेलिया की जीत से भारत को फायदा

डब्ल्यूटीसी में बनी नंबर वन

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड को पहले टेस्ट में 172 रनों से शिकस्त दी. ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फायदा पहुंचा है. न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद टीम इंडिया टेबल में नंबर वन पर पहुंच गई है. भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ खेल रही है

टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ का पांचवां और आखिरी मुकाबला 07 मार्च से धर्मशाला में खेलना है, लेकिन उससे पहले ही रोहित ब्रिगेड को

नंबर वन की पोज़ीशन मिल गई. न्यूज़ीलैंड को हराने वाली ऑस्ट्रेलिया 59.09 जीत प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर आ गई है, जबकि हारने वाली न्यूज़ीलैंड 60.00 प्रतिशत जीत के साथ दूसरे नंबर पर है. वहीं टीम इंडिया 64.58 जीत प्रतिशत के साथ नंबर वन पर खिसक गई है.

भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र में अब तक 8 मुकाबले खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 5 में जीत दर्ज की, 2 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म करवाया है. वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूज़ीलैंड ने 5 मुकाबले खेले है, जिसमें उन्होंने 3 में जीत दर्ज की और 2 गंवाए हैं. आगे बढ़ते हुए तीसरे नंबर की ऑस्ट्रेलिया ने 11 मुकाबले खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 7 जीते, 3 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म करवाया. लिस्ट में आगे बढ़ते हुए बांग्लादेश 50.00 प्रतिशत जीत के साथ चौथे और पाकिस्तान 36.66 प्रतिशत जीत के साथ पांचवें नंबर पर मौजूद है.

बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ में टीम इंडिया लगातार तीन मैच जीत चुकी है, जिसके साथ उनके पास 4-1 की बढ़त मौजूद है. अब दोनों के बीच सीरीज़ का पांचवां और आखिरी टेस्ट धर्मशाला में होगा. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने सीरीज़ का पहला मुकाबला गंवाया था. फिर अगले तीनों ही मुकाबलों में उन्होंने जीत हासिल की।

गोपीचंद की एक्शन ड्रामा भीमा का दमदार ट्रेलर रिलीज

8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म

माचो हीरो गोपीचंद फुल-ऑन एक्शन एंटरटेनर भीमा लेकर आ रहे हैं। कुछ समय बाद उन्हें एक क्रूर पुलिस वाले के रूप में देखा जाता है। फिल्म का निर्देशन ए हर्ष ने किया है और श्री सत्य साई आर्ट्स के बैनर तले केके राधामोहन द्वारा निर्मित है। फिल्म के टीजर से लेकर गाने, प्रमोशनल मटेरियल तक को हर तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। जैसे-जैसे रिलीज डेट करीब आ रही है, निर्माताओं ने फिल्म का नाटकीय ट्रेलर जारी कर दिया है।

ट्रेलर की शुरुआत फिल्म के आध्यात्मिक पक्ष को दिखाने से होती है। परशुराम उद्धारकर्ता भगवान विष्णु के दशावतार में छठे अवतार हैं। उन्होंने अपनी कुल्हाड़ी से समुद्र को पीछे भेजकर परशुराम क्षेत्र नामक एक अद्भुत भूमि का निर्माण किया। जब राक्षस अपनी क्रूरता से निर्दोषों को परेशान करते हैं, तो भगवान उन्हें रोकने के लिए ब्रह्म रक्षासुडु को भेजते हैं। वह एक क्रूर पुलिस वाला है जो राक्षसों के खिलाफ युद्ध की घोषणा करता है। ट्रेलर में गोपीचंद के दूसरे किरदार का भी परिचय दिया गया है। कन्नड़ में पावर पैक्ड एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाने वाले निर्देशक ए हर्ष एक जीवन से भी बड़ी कहानी लेकर आए हैं, जिसमें मुख्य कहानी में आध्यात्मिक तत्वों को शामिल किया गया है। गोपीचंद दो बिल्कुल अलग-अलग किरदारों में नजर आए हैं। जहां एक पुलिस वाले के रूप में वह निर्दयी लग रहे हैं, वहीं दूसरा अवतार कहीं अधिक डरावना है।

महिला प्रीमियर लीग- मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हराया

बेंगलुरू। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) सीजन 2 के 9वें मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अपने पिछले मैच में हार से उबरकर शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हरा दिया।

मुंबई इंडियंस ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए तीन शुरुआती विकेट चटकाए और फिर एलिसे पेरी की 38 गेंदों में नाबाद 44 रनों की पारी के बावजूद 20 ओवरों में 131/6 के मामूली स्कोर तक पहुंच गई। जहां पेरी ने अपनी 38 गेंदों की पारी के दौरान पांच चौके लगाए, वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 27 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। जीत के लिए 132 रनों का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस

ने एलिसे पेरी, यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट के योगदान की बदौलत 15.1 ओवर में 133/3 का स्कोर बना लिया और 29 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। दिल्ली कैपिटल्स पर शुरुआती दौर में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। शनिवार की जीत के बाद मुंबई इंडियंस चार मैचों में छह अंकों के साथ आगे है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स चार अंकों पर बनी हुई है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरहाजिरी में टीम की अगुवाई करते हुए नैट साइवर-ब्रंट ने तीसरे ओवर में आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना को नौ रन पर आउट करके पहला झटका दिया, जबकि सैका इशाक ने सोफी को फंसाकर स्कोर 31/2 कर दिया। डिवाइन एलबीडब्ल्यू के बाद साइवर-ब्रंट ने सब्बिनेनी मेघना को 11 रन पर आउट कर आरसीबी की मुश्किलें बढ़ा दीं। हालांकि एलिसे पेरी ने अकेले संघर्ष करते हुए नाबाद 44 रन बनाए, ऋचा घोष (7) और सोफी मोलिनेक्स (12) ज्यादा योगदान नहीं दे पाईं। पूजा वस्त्राकर ने 2-14 जबकि इस्सी वोंग और सैका इशाक ने एक-एक विकेट हासिल किया।

आईटीएफ महिला ओपन : अंकिता ने जीता युगल खिताब एकल सेमीफाइनल में हारी

गुरुग्राम। भारत की अंकिता रैना यहां शनिवार को आईटीएफ महिला ओपन, गुरुग्राम डब्ल्यू35 के एकल सेमीफाइनल में हार गईं, मगर उन्?होंने महिला युगल का खिताब जीत लिया। बारिश से प्रभावित दिन में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी एकल ड्रॉ से बाहर हो गईं। शनिवार को द टेनिस प्रोजेक्ट में खेले गए एकल सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया की दलिला जाकुपोविक को लिथुआनिया की तीसरी वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने तीन सेटों के कड़े मुकाबले में 4-6, 2-6, 7-6 (0) से हरा दिया, जबकि भारत की सर्वश्रेष्ठ बाजी और दूसरी वरीयता प्राप्त अंकिता रैना को गैरवरीय कोरियाई येनवू कू के हाथों 6-7(4), 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।

अंकिता ने बाद में महिला युगल खिताब जीतने के लिए ज़िबेक कुलम्बायेवा के साथ हाथ मिलाया। इंडो-कजाख जोड़ी ने स्वीडन की जैकलीन कैबज अवाद और जस्टिना मिकुलस्काइट की चुनौती को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हरा दिया।

फिल्म क्रू के पहले गाने का टीजर जारी

क्रू इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं। फिल्म में तीन अभिनेत्रियों करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की दमदार अदाकारी के साथ ग्लेमर का तड़का लगेगा। फिल्म का धमाकेदार टीजर फैंस को खूब पसंद आया था। वहीं अब फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए क्रू का पहला गाना रिलीज करने की योजना बनाई है। आज निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने का टीजर जारी किया।

फिल्म के पहले गाने का शीर्षक है नैना। इस गाने की टीजर में कृति सेनन नजर आ रही हैं। अभिनेत्री कृति सेनन ने नैना गाने का टीजर रिलीज किया। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने गाने की झलक दिखाई। यह गाना 4 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। गाने के टीजर वीडियो में कृति सेनन व्हाइट ड्रेस में बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं, साथ ही उन्होंने अपने कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट किए।

वीडियो साझा करते हुए कृति ने कैप्शन में लिखा, इससे ज्यादा गर्मी नहीं होती। इस नैना का क्या कहना। गाना चार मार्च को धमाल मचाने आ रहा है। फिल्म का यह गाना दिलजीत दोसांझ ने गाया है। साथ ही बादशाह ने अपना रैप ट्रैक भी जोड़ा है। वहीं अब दर्शकों को तब्बू और करीना कपूर पर फिल्माए हुए गाने के रिलीज होने का भी इंतजार है। क्रू की कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म डकैती पर आधारित ड्रामा है, जिसमें करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन के साथ दिलजीत दोसांझ भी मुख्य भूमिका में हैं।

न्यूज गैलरी

पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। विकाश नगर गुढियारी में घरेलू विवाद को लेकर पति ने पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पार्वती परते 32 वर्ष विकाश नगर गुढियारी का रहने वाला है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी पति कपिल परते 33 वर्ष ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

खुलेआम शराब पीते 33 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने द्रोणाचार्य स्कूल के पास केनाल रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी अनुराग चौधरी 28 वर्ष, पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राहुल अग्रवाल 27 वर्ष एवं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी राज ताण्डी 26 वर्ष व कोणाल सेंद्रे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी महेंद्र धीवर 30 वर्ष, रोशन साहू 27 वर्ष व शंकर लाल पटेल 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी विजय कुमार चतुर्वेदी 29 वर्ष, खेमलाल ध्रुव 26 वर्ष व कमलेश साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर डहरिया 34 वर्ष, खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी मोह.तनवीर 32 वर्ष एवं गंज थाना पुलिस ने आरोपी रूपेश मेहर 25 वर्ष, परसराम साहू 23 वर्ष, मनीष कुमार झा 49 वर्ष, राबर्ट 40 वर्ष, कृष्णा बैरागी 33 वर्ष व नितेश सिंह 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी चंद्रमणी शबर 35 वर्ष एवं आरंग पुलिस ने आरोपी गोविन्द साहू 42 वर्ष, जगमोहन नारंग 48 वर्ष, मिनाक्षी राजपूत 37 वर्ष, सांतनू जांगडे 45 वर्ष, युवराज धीवर 28 वर्ष, दिलीप विश्वकर्मा 30 वर्ष, मंगल डहरिया 45 वर्ष, घनश्याम रात्रे 30 वर्ष व गोविन्द टण्डन 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी प्रेमू साहू 28 वर्ष, संदीप यादव 29 वर्ष, विजय निर्मलकर 22 वर्ष व केजाराम निर्मलकर 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी भरोसा निषाद 56 वर्ष व रूपेश साहू 49 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी जनकराम निषाद 34 वर्ष, दीपक भारती 32 वर्ष, टामन साहू 34 वर्ष व समारू धृतलहरे 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी लालकृष्ण धीवर 25 वर्ष, माना पुलिस ने आरोपी गोपी गुप्ता 38 वर्ष व मंगल चांद 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 69 पाव देशी शराब एवं 350 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने कुम्हारपारा में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी धनेश्वर निर्मलकर 62 वर्ष के पास से 18 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने चंगोराभाठा में आरोपी संतोष साहू 41 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र क्षत्री 45 वर्ष के पास से 31 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है।

नाकाम होने पर चोरों ने लगाई स्टेट बैंक में आग

जशपुर/नवप्रदेश। पत्थलगांव स्टेट बैंक में चोरी का प्रयास विफल हो जाने के बाद बदमाशों ने वहां आग लगा दी। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम और अन्य लोगों ने जब यहां आग की लपटें और धुंआ उठता देखा, तो इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। इससे समय रहते फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। बता दें कि इस बैंक में पहले भी सेंधमारी कर लाखों रुपये चोरी होने की घटना हो चुकी है। उप पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप ने बताया कि रविवार तड़के पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को बैंक के अंदर से आग की लपटें और धुंआ उठता दिखाई दिया था। जिसके बाद तत्काल दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। एएसपी ने बताया कि बदमाशों ने फिर से सेंधमारी की घटना को अंजाम दिया है, लेकिन नगद रकम ले जा पाने में विफलता की बात सामने आ रही है। पुलिस ने बैंक अधिकारियों के साथ जांच शुरू कर दी है। जिसमें चौकीदार की अनुपस्थिति की बात भी सामने आई है।

युवक ने खुद को लगाई आग

कोरबा/नवप्रदेश। पावर हाउस रोड स्थित व्यावसायिक काम्प्लेक्स एस एस प्लाजा परिसर में शनिवार देर रात एक युवक ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आग लगा लिया। एकाएक हुई घटना से आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। सजकता का परिचय देते हुए कुछ लोगों ने मिलकर आग को बुझाया और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना उपरांत यहां डायल 112 और कोतवाली पुलिस पहुंची। पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि एस एस प्लाजा में संचालित बालाजी बर्तन भंडार में उक्त युवक अजय काम किया करता था। संचालक विकास अग्रवाल विक्की ने बताया कि अजय उसके यहां का कर्मचारी है और शादी में जाने की बात कह कर 2 फरवरी को अपना हिसाब किताब कर पैसे लेकर छुट्टी पर चला गया। इसके बाद वह काम पर नहीं लौटा है। उसने 1500 एडवांस भी लिया हुआ है। अजय की पत्नी उसी के दुकान में काम करती है। संचालक विकास अग्रवाल की मानें तो पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन थी और अजय आज उससे मिलने के लिए दुकान पहुंचा था। इसके कुछ देर बाद रात करीब 9.30 से 10 के बीच अजय ने एसएस प्लाजा से बाहर निकल कर बन्द सराफा दुकान के सामने खुद पर कोई ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल कर आग लगा लिया। आग की लपटों में युवक को घिरा देख आसपास के लोग वहां दौड़े भागे पहुंचे और आग को बुझाया।
युवक को पुलिस के आने से पहले वाहन की मदद से जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करा दिया गया। इस

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने दूर की बेटियों के विवाह की चिंता

जिले की 177 बेटियों के हाथ हुए पीले

- नव दंपत्तियों ने भगवान राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में लिए सात फेरे
- नववधुओं को 21 हजार रूपये सहित उपहार सहित मिला कई सामान

राजिम/नवप्रदेश। राजिम कुंभ कल्प मेला के दौरान श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजना अंतर्गत जिले के 177 बेटियों का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़ों का धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयाल दास बघेल, राजिम विधायक श्री रोहित साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज्य शासन द्वारा योजना अंतर्गत 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता नव विवाहित जोड़ों को दी जाती है। सामूहिक विवाह में वधुओं को 21 हजार रूपये का चेक राशि सहित शेष राशि से श्रृंगार सामग्री, आलमारी, थाली 6 नग, कटोरी 6 नग, गिलास 6 नग, चम्मच 6 नग, पराट एक नग, लोटा एक नग, कुलर एक नग, पानी टंकी 1 नग, स्टील टिफिन बॉक्स एक नग, भगोना 1 नग उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। सामूहिक विवाह में छुरा, मैनपुर, फिंगेश्वर, गरियाबंद एवं देवभोग विकासखंड के नवयुवक - युवतियां जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे।

विश्वास ही विवाह का आधार, समन्वय के साथ वैवाहिक जीवन बिताएं - मंत्री बघेल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह का आधार विश्वास होता है। पति-पत्नी को एक-दूसरे पर विश्वास और समन्वयता के साथ वैवाहिक जीवन बिताना चाहिए। उन्होंने वर-वधुओं को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए परिवारों का भी मान-सम्मान बनाये रखने के लिए प्रेरित किया।

सामूहिक कन्या विवाह में मौजूद महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी वर्गो के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू किया गया था। योजना अंतर्गत जनवरी 2024 तक प्रदेष में कुल 1 लाख 14 हजार 750 जोड़ों को लाभान्वित किया गया है। समाज में वैवाहिक कार्यक्रमों में खर्च को रोकने के लिए यह योजना लाभदायक है तथा अन्य राज्य में भी इस योजना का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य के तर्ज पर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 50 हजार रूपये नव विवाहित जोड़ों को दिया जाता है। इससे विवाह के समय होने वाले खर्च और जरूरी तैयारियों की चिंता दूर हो गई। जिससे कमजोर एवं गरीब परिवारों के बेटियों के विवाह में होने वाले खर्च की भी बचत हो रही है। प्रधानमंत्री जी के गारंटी के तहत सभी विवाहितों के लिए महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया है, जिसमें अभी तक 70 लाख से महिलाओं का पंजीयन किया गया है। पात्र महिलाओं को इस योजना के माध्यम से प्रत्येक माह 1 हजार रुपये प्रदान किया जायेगा।

तीन महिला सहित हत्या के पांच आरोपियों को आजीवन कारावास

कोरबा/नवप्रदेश। करीब एक वर्ष पूर्व से बाड़ी में लगे लकड़ी के रूथान को तोडफोड़ करने तथा मृतक का पालतू जानवर बैल के बाड़ी में चले जाने एवं उसके गले में बंधे घंटी को खोलने के संबंध में विवाद होने पर ग्रामीण की पांच लोगों पिटाई कर दी। घटना में ग्रामीण की मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा जितेन्द्र कुमार सिंह ने तीन महिला समेत पांच आरोपितों को आजीवन कारावास का सजा सुनाई है।

घटना चैकी मोरगा थाना बांगो अंतर्गत ग्राम कुम्हारीपानी की है। यहां बालसाय तिर्की 45 वर्ष के साथ आरोपीक विरेन्द्र एक्का 28 वर्ष, फिलीप एक्का 30 वर्ष, सोनामणी एक्का 24 वर्ष, बुधमनिया एक्का 25 वर्ष, एवं खलासो एक्का 45 वर्ष के साथ विवाद था। 24 सितंबर 2022 को रात आठ बजे सभी आरोपीत विरेन्द्र एक्का, फिलीप एक्का, सोनामणी एक्का, बुधमनिया एक्का, एवं खलासो एक्का सभी एक राय होकर बालसाय के घर पहुंचे। उस वक्त बाल साय व उसका परिवार अपने घर में टीवी देख रहा था। उनके घर को खटखटाकर खोलवाकर जबरन घुसकर बालसाय तिर्की को पकड़कर लड़ाई झगड़ा मारपीट करते हुए अपने घर के आंगन में ले गए और आंगन में गड़े खुंटे में बांध कर लाठी डंड़ा एवं हाथ मुक्के से बेरहमी पूर्वक मारपीट की।

गंभीर रूप से चोट लगने पर मृतक बालसाय तिर्की की मृत्यु ही गई। इस बीच बचाव करने मृतक की पत्नी पहुंची, उसे भी मारपीट कर चोट पहुंचाए। बालसाय की पत्नी द्वारा घटना की सूचना चैकी मोरगा थाना बंगों में 25 सितंबर को दी गई। पुलिस ने धारा 147,148,450 302 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसकी सुनवाई न्यायालय जितेन्द्र कुमार सिंह द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा जिला कोरबा में हुई। जहां अतिरिक्त लोकअभियोजक राकेश जायसवाल कटघोरा द्वारा साक्ष्य एवं सबूत प्रस्तुत किए जाने पर आरोपितों को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण में छ.ग. शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोकअभियोजक राकेश जायसवाल कटघोरा ने किया।

शराब सट्टा और नशीली दवाओं का गोरखधंधा जोरो पर

- सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

दल्ली राजहरा/नवप्रदेश। सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता शिवालय तीगोटे , रितेश सेन , गुणेश साहू एवं विक्की के साथ दल्ली राजहरा में हो रहे अवैध शराब बिक्री , सट्टा एवं नशीली दवाइयां के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंप कर जल्द से जल्द इस पर अंकुश लगाने के लिए निवेदन किया है द्य मनन गुप्ता ने कहा कि आज लौह नगरी दल्ली राजहरा की स्थिति अवैध कारोबारियों के कारण दिन-ब-दिन बद से बदत्तर होती जा रही है द्य पुलिस प्रशासन के द्वारा इन अवैध कारोबारियों पर लगातार कार्यवाही भी हो रही है द्य इन्हें पकड़ कर जेल भी पहुंचा जा रहा है द्य इसके बावजूद इन लोगों पर पूर्णतः अंकुश लगाया नहीं जा सका है द्य जिसके कारण इन अवैध कारोबारी का हौसला बुलंद होता जा रहा है द्य पुलिस प्रशासन की ओर से जेल में दाखिल कराया जाता है जुर्माना भी लगाया जाता है लेकिन वहां से छूटने के बाद फिर इन लोग अवैध धंधे में लिप्त होते जा रहे हैं द्य इसी से पता चलता है कि इस धंधे में कितने फायदा हो रहा है इन लोगों को द्य

आज राजहरा की स्थिति देखें तो पूरे 27 वार्ड में कोई भी वार्ड इस अवैध कारोबारियों के प्रकोप से अछूता नहीं है द्य देशी शराब के अलावा जानलेवा कच्ची महुआ शराब भी बेचा जाता है द्य सुबह से लेकर शाम तक शराब प्रेमियों का इन अवैध शराब कोचिंयो के घर के आसपास मंडराते देखा जा सकता हैं द्य इन लोगों के द्वारा शराब के नशे में एक दूसरे पर अश्लील टिप्पणी किया जाता है जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चों के ऊपर गलत प्रभाव पड़ रहा है द्य साथ ही महिलाओं का घर से बाहर निकलना दुभर हो जाता है द्य शराब कोचीयो के द्वारा शराब भट्टी से बोरों और थैलों में भरकर शराब लेकर आते हैं। ये प्रतिदिन के ग्राहक होते हैं।

युवक को हाथी ने रौंदा

सरगुजा/नवप्रदेश। जिले में लुंड्रा वन परिक्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही सामने आई है. जहां दंतैल हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. वहीं लोगों में काफी गुस्सा भी देखने को मिल रहा है. बता दें कि पूरा मामला लुंड्रा वन परिक्षेत्र के झेराडीह का है. जहां पिता-पुत्र गेंहू के खेत में सिंचाई कर वापस आ रहे थे. इसी दौरान हादसा हुआ है. वहीं घटना की सूचना पर वनकर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. पुलिस टीम की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से शव को उसके घर लाया गया. जानकारी के अनुसार, घटना के बाद वन विभाग मुआवजे देने की बात कह रहा है. घटना के बाद लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं कि आए दिन हो रहे हादसों के बाद भी वन विभाग इस पर रोक लगाने के लिए क्या कर रहा है.

महाशिवरात्रि मेला कमरौद की तैयारी जोरों पर

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम कमरौद में 7 व 8 मार्च को महाशिवरात्रि मेला महोत्सव जय बजरंगबली मंदिर समिति ग्राम कमरौद के द्वारा आयोजित है। इसमें दो दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। जय बजरंगबली मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में 7 मार्च को जहां दीप प्रज्वलन, रुद्राभिषेक, यज्ञ अभिषेक आदि होंगे वहीं 8 मार्च को विशाल मेला का आयोजन होगा।

दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का शुभारंभ 7 मार्च को सुबह 11 बजे से होगा। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन, विधि पूजन, अनुष्ठान, रुद्राभिषेक यज्ञ, अभिषेक होगा। वही आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षिका अर्जुंदा श्रीमती साक्षी मिश्रा होंगी। अध्यक्षता ग्राम प्रमुख खिलानंद पटेल करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य कमरौद, लाजपत साहू, सेवानिवृत्ति शिक्षक समय लाल भुवार्य, ज्ञान दास गैंड्रे, हरिकिशन साहू, ईश्वर साहू, दयालू राम कंवर होंगे।

अवैध उत्खनन, परिवहन व रेत भण्डारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई

- 4 हाइवा-पोकलेन जप्त, चेहरा देखकर कार्यवाही किए जाने का भी आरोप

खैरागढ़/नवप्रदेश। अवैध खनन की लगातार शिकायतों के बाद आखिरकार जागे जिला प्रशासन ने फिर से कार्यवाही शुरू की है । खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध उत्खनन पर कार्रवाई के निर्देश के बाद जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध उत्खनन, परिवहन व रेत भंडारण पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने 4 हाईवा, 1 पोकलेन जप्त की है । 3 रेत भंडारण पर भी कार्रवाई हुई है। खनिज निरीक्षक बबलू पांडे ने बताया कि ठेलकाडीह, छुईखदान व बाजार अतरिया में रेत का अवैध भंडारण पाया गया। इसी तरह छुईखदान व नर्मदा चौक के पास रेत भरी 2 हाईवा, भूलाटोला में 1 हाईवा गिट्टी व दामरी 1 हाईवा मुरुम का अवैध परिवहन करते और सोनपुरी में अवैध उत्खनन करते हुए 1 पोकलेन की जप्ती बनाई है। सभी वाहन संबंधित क्षेत्र के थानों के सुपुर्द कर दिया गया है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने खनिज विभाग के अधिकारियों को अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं रेत का अवैध भंडारण करने वाले क्षेत्रों को चिन्हांकित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में किसी भी तरह के अवैध उत्खनन के खिलाफरोकथाम के लिए सक्रियता से काम करने की सख्त हिदायत दी है।

जिले में व्यापक रूप से जारी अवैध खनन, परिवहन पर प्रशासन पर चेहरा देख कर कार्यवाही का आरोप लग रहा है । बताया गया कि जिले के दर्जन भर इलाकों में निर्माण सामग्री के नाम पर मुरूम का लगातार अवैध खनन जारी है । इसकी शिकायतें भी समय समय पर अधिकारियों को की गई है । लेकिन जिले के कुछ चुनिंदा लोगों को छोड़कर प्रशासन और खनिज विभाग बाकी वाहनों को ही टारगेट कर कार्यवाही का दिखावा कर रहा है । बताया कि आधा दर्जन लोगों द्वारा रायपुर, धमतरी सहित अन्य जगहों से रेत का अवैध परिवहन लगातार किया जा रहा है । इसके बाद भी मामले में अधिकांश लोगों को छोड़कर चिन्हित लोगों के वाहनों पर कार्यवाही बड़ा जुर्माना वसूला जा रहा है । लेकिन जो छूटे परिवहनकर्ता हैं। उनके ओवरलोड सहित मनमाफिक दरों पर रेत की बिक्री के बाद भी कार्यवही नहीं हो पा रही है ।